फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 341, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 16

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 15

## एक नजर

### चालक रहित ट्रेन मामले में लोको पायलट बर्खास्त

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू के कठुआ से पंजाब के उच्ची बस्सी तक लगभग 78 किलोमीटर तक बिना चालक के चलने वाली एक मालगाड़ी के लोको पायलट को सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उसकी लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था जिससे लोगों की जान जा सकती थी। रेलवे सूत्रों ने कहा कि इस मामले में एक उच्च स्तरीय जांच जारी है तथा कुछ और लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि घटना के तुरंत बाद उत्तर रेलवे ने लोको पायलट समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया था।

### ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी

**नई दिल्ली।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुई रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी। जेएफआरओपीएस के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि अब विकल्प नहीं बचा है। मिश्रा ने कहा कि हम 19 मार्च को आधिकारिक तौर पर रेल मंत्रालय को एक नोटिस देंगे, जिसमें 1 मई से ट्रेनों का संचालन रोकने के बारे में सूचित किया जाएगा।

### बनभूलपुरा हिंसा का वांछित मोईद गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा हिंसा के आखिरी वांटेड और हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तड़के टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में छिपने का ठिकाना बनाया था। 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 21वें दिन उसकी गिरफ्तारी हुई। गुरुवार को अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा स्थित नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और प्रार्थना स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़की। मामले में नामजद लाइन नंबर 8 आजाद नगर निवासी अब्दुल मोईद पर हिंसा भड़काने के आरोप के साथ यूएपीए भी लगा है।

# भाजपा ने डेढ़ सौ सीटों पर उम्मीदवार तय किए

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी एक-दो दिन में जारी कर सकती है पहली सूची

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार शाम महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए पांच राज्यों की करीब 150 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की।

बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों के चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, पांचों भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी मौजूद थे। बैठक में उत्तर प्रदेश की 80, उत्तराखंड की पांच, राजस्थान की 24, मध्य प्रदेश की 29 एवं छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर चर्चा हुई। इन 149 सीटों में 122 सीटें भाजपा के पास हैं। हारी हुईं 27 सीटों में से अधिकांश नए चेहरे होने की संभावना है। उम्मीद है कि एक दो दिन में पहली सूची जारी हो जाएगी।

# अक्टूबर-दिसंबर में 8.4 प्रतिशत रही आर्थिक वृद्धि दर

नई दिल्ली, एजेंसी



- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं, आलोच्य अवधि में खनन और उत्खनन में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले सिर्फ 1.4 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र ने अपनी वृद्धि दर को एक साल पहले की तरह 9.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

### यह वृद्धि अर्थव्यवस्था की ताकत को दर्शाती है : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और उसकी क्षमता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की मजबूत जीडीपी वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और इसकी क्षमता को दर्शाती है। हमारे प्रयास तेज आर्थिक विकास लाने के लिए जारी रहेंगे, जिससे 140 करोड़ भारतीयों को बेहतर जीवन जीने और एक विकसित भारत बनाने में मदद मिलेगी।

## केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

# देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

## छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।

मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

### अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

### अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

**पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी :** सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

# सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी

जयपुर, एजेंसी



- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 को आरोप तय किए थे।

### धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

# भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम कर रही है सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीबीआई के समन पर अखिलेश यादव का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उप्र. कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

# संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार तृणमूल से छह साल के लिए निलंबित

- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई



**बशीरहाट, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ''ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शेख सुबह करीब 10 बजकर 40 बजे हवालात से बाहर आया और अदालत कक्ष की ओर गया। उसने वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया। मुश्किल से दो मिनट तक चली अदालती सुनवाई के बाद उसे कोलकाता के भवानी भवन ले जाया गया, जो पुलिस मुख्यालय है।

## पहली मार्च से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद

- 2275 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है समर्थन मूल्य

**लखनऊ।** पहली मार्च यानी आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल एप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।

वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी। खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर अब तक 1,09,709 किसान पंजीयन करा चुके हैं। किसी भी विषम परिस्थितियों के लिए खाद्य व रसद विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है।

# हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

शिमला, एजेंसी

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

### पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार



**शिमला।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

## पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन, हमारे लिए पड़ोसी देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर विधानसभा में भाजपा नेताओं ने हंगामा भी किया। इस बीच कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने पाकिस्तान को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसने मामले को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक पड़ोसी देश है। हरिप्रसाद के इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर देश विरोधी भावनाएं उकसाने का आरोप लगाया है।

# 'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।

ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

> ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। - **हिमांशू शेखर ठाकुर,** जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



- ☞ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यालय में कार्यक्रम शाम 4:30 बजे।
- ☞ राजकीय रजा डिग्री कॉलेज में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे।

# घटनाओं पर पाया जा सकेगा काबू

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय ने शाहबाद अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अग्निशमन केंद्र से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण किया। इसका सीधा प्रसारण शाहबाद में बने नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र में दिखाया गया।

इस दौरान सीओ अतुल कुमार पांडेय, क्राइम इंस्पेक्टर जसवीर सिंह व एसएसआई कुलदीप तोमर के साथ ही अग्निशमन केंद्र के कर्मियों ने कार्यक्रम देखा। बाद में सीओ ने शहर में बने नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र पर बनाए गए आवासीय भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीओ ने कहा कि शाहबाद में अग्निशमन केंद्र बनने से आसपास के क्षेत्रों में आग की घटनाओं पर जल्द काबू किया जा सकेगा। फायर ब्रिगेड की टीम समय से घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में ले सकेगी।



अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण करते सीओ अतुल पांडेय, साथ में अन्य।

### तहसील सदर के आवासीय भवन का हुआ लोकार्पण, एलइडी पर देखा मुख्यमंत्री का संबोधन

# अग्निशमन केंद्र के कर्मचारियों को मिलेगा लाभ : औलख

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि अग्निशमन केंद्र का निर्माण होने से कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। क्योंकि वे भी हर समय लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं।

नैनीताल रोड स्थित अग्निशमन केंद्र के परिसर में गुरुवार को अग्निशमन केंद्र, तहसील स्वार के आवासीय भवन का शिलान्यास एवं तहसील सदर के आवासीय भवन का लोकार्पण हुआ। अग्निशमन केंद्र में एलइडी लगाई गई। इसे पर मुख्यमंत्री लखनऊ से जुड़े। उन्होंने वहां से जुड़कर तहसील स्वार के आवासीय भवन का शिलान्यास एवं तहसील सदर के आवासीय भवन का लोकार्पण किया। एलइडी टीवी पर मुख्यमंत्री के इस प्रसारण को अग्निशमन केंद्र में लोगों ने देखा। मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, सांसद घनश्याम सिंह लोधी एवं नगर विधायक आकाश सक्सेना की उपस्थिति में लोकार्पण संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंदकिशोर कलाल, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल आदि उपस्थित रहे।



आवासीय भवन के शिलान्यास के दौरान मौजूद राज्यमंत्री, सांसद व विधायक।

# हाईस्कूल के 1911 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## 24096 ने दी परीक्षा, इंटर के दो परीक्षार्थी लेखाशास्त्र की परीक्षा से रहे नदारद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल के विज्ञान की परीक्षा से 1911 परीक्षार्थी नदारद रहे। संस्थागत 26007 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। गुरुवार सुबह 24096 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।

व्यक्तिगत के पंजीकृत 187 परीक्षार्थियों में 157 परीक्षा देने पहुंचे। 30 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में ही इंटर के लेखाशास्त्र की परीक्षा हुई। संस्थागत पंजीकृत 334 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 321 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे और 13 गैरहाजिर रहे। व्यक्तिगत पंजीकृत 40 परीक्षार्थियों में से 38 परीक्षा देने पहुंचे।

गुरुवार को हाईस्कूल और इंटर की पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 बजे से 71 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई। हाईस्कूल के विज्ञान की परीक्षा शुरू होने से पहले से ही स्टाफ और केंद्र व्यवस्थापक सक्रिय हो गए। परीक्षा केंद्रों के गेटों पर सभी परीक्षार्थियों की तलाश ली गई। इसके बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। दूसरी पाली में इंटर के जीव विज्ञान और गणित की परीक्षा हुई। हाईस्कूल के कृषि विज्ञान की परीक्षा भी हुई। कृषि विषय के संस्थागत के पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 77 थी। 71 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। व्यक्तिगत पंजीकृत चार में से तीन परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।


> जिले में 71 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन परीक्षा हुई। उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की लेकिन, कोई नकलची नहीं पकड़ा गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।
> – मुन्ने अली, जिला विद्यालय निरीक्षक

इंटर के जीव विज्ञान और गणित के पंजीकृत संस्थागत 12481 परीक्षार्थियों में से 11807 ने परीक्षा दी। 674 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। व्यक्तिगत पंजीकृत के 976 में से 830 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।





स्कूल में निरीक्षण के दौरान मौजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार।



विज्ञान का प्रश्न पत्र दिखातीं परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### बीएसए ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

प्रथम पाली में विज्ञान की परीक्षा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने सचल दल के साथ शाहबाद क्षेत्र के शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज पहुंचे और परीक्षा कक्षों में निरीक्षण किया। डाल चंद्र शर्मा इंटर कॉलेज धुरयाई, त्रिवेणी इंटर कॉलेज आलफगंज शाहबाद, एसके इंटर कॉलेज खरसोल, जनता इंटर कॉलेज सैफनी और गोविंद इंटर कॉलेज सैफनी का निरीक्षण किया। द्वितीय पाली में इंटर की जीव विज्ञान एवं गणित की परीक्षा के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज पटवाई, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पटवाई एवं बाल विद्या इंटर कॉलेज महमूदपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई अवयस्था नहीं पाई गई तथा शांत पूर्ण वातावरण में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर संचालित की जा रही थी। सचल दल प्रभारी संजीव कुमार के साथ सचल दल सदस्य जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, कुशल राणा, निदा खुशनूद एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

# मुरादाबाद का हवाई अड्डा शुरू होने से लोगों को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने गुरुवार को मुरादाबाद हवाई अड्डे पर पहुंचकर एयरपोर्ट निदेशक अमरजीत सिंह और प्रबंधक श्याम सुंदर से मुलाकात की।

पूर्व मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डा शुरू होने से मंडलभर के लोगों को लाभ मिलेगा। पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवेद मियां ने बताया कि भारत सरकार ने उड़ान स्कीम के तहत यूपी के अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, मुरादाबाद की हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया था, अब यह कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने शीघ्र ही हवाई अड्डा शुरू करने के फैसले पर केंद्र और राज्य सरकारों के साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रशंसा की।

नवेद मियां ने कहा कि इस कार्य को पूर्ण कराने में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और कई जनप्रतिनिधियों का भी योगदान रहा है। नवेद मियां के साथ काशिफ खां और राजा खां भी मौजूद रहे।



मुरादाबाद हवाई अड्डे पर एयरपोर्ट निदेशक और प्रबंधक के साथ पूर्व मंत्री नवेद मियां।

## एक नजर

### दो परीक्षा केंद्रों पर हुई भूगोल की परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को सीबीएसई की भूगोल की परीक्षा सेंट पॉल्स और दयावती मोदी एकेडमी समेत दो परीक्षा केंद्रो में हुई। भूगोल की परीक्षा के लिए 24 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था।

### स्मार्टफोन पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**शाहबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के जाहिदपुर में संचालित रामरतन सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में तीन सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को उप प्रबंधक रामप्रताप सिंह यादव ने स्मार्टफोन बांटे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि इसका उपयोग तकनीकी ज्ञान बढ़ाने में करें। डॉ. शैलेष कुमार, सय्यद जैगम अब्बास, हरपाल सिंह, विजय शर्मा आदि रहे। उधर, हिमालय इंस्टीट्यूट और एजुकेशन में बीएड. के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए।



कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राएं और अभिभावक। ● अमृत विचार

# दिव्यांग छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने में करें सहयोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चमरौआ के कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार दोपहर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के उन्मुखीकरण के लिए कार्यशाला हुई। इसमें समावेशी शिक्षा, 21 प्रकार की दिव्यांगता, दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016, पहचान, कारण, लक्षण, रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई।

नामित विशेष शिक्षक अमरनाथ यादव ने कहा कि नोडल शिक्षकों की सहायता से विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सृजनशीलता को पहचानें। आगे बढ़ाने में सहयोग करें। नियमित रूप से प्रतिदिन अपने पाल्य को विद्यालय लेकर आएं। ऐसे कार्यक्रमों में सभी अभिभावक अपने अपने दिव्यांग बच्चों के साथ सहभागिता करें। कहा कि अभिभावक को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो विद्यालय के नोडल शिक्षक को अवगत कराएं। इस संबंध में अमरनाथ यादव से भी फोन पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित भाजपा के लोकसभा कार्यालय में गुरुवार को नगर विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई। इसमें जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि घर-घर संपर्क अभियान चलाना है। सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी का प्रचार प्रसार करना है।

लोकसभा संयोजक सुरेश गंगवार, सह संयोजक मोहनलाल सैनी, विधानसभा संयोजक जागेश्वर लाल दीक्षित आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है। 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। 4 मार्च को उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आ रहे हैं। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करेंगे। बैठक में सुरेश चंद्र गंगवार, मोहनलाल सैनी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, अशोक विश्नोई, अनुज सक्सेना, शिवा शर्मा और अर्जित सक्सेना आदि रहे।

# सरकार अपने संरक्षण में ले जौहर यूनिवर्सिटी, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- ▸▸ मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को सरकारी घोषित कराने की मांग को लेकर आरएसएस के अनुषंगिक संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को सौंपा है।

मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में फैसल ने बताया कि युवाओं और यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को लेकर जनता चिंतित है। कहा, लगातर खबरें मिल रही हैं कि जौहर यूनिवर्सिटी बनाने में बड़े पैमाने पर सरकारी धन खर्च किया गया है। इसलिए सरकार से मांग हैं कि इस यूनिवर्सिटी को सरकारी घोषित किया जाए। किसी एक व्यक्ति की गलतियों और अनियमित्ताओं की सजा वहां पढ़ने वाले छात्रों को न दी जाए। सरकार यूनिवर्सिटी को अपने संरक्षण में ले। फैसल मुमताजल और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को सरकारी घोषित करने के लिए कदम उठाया जाए।



मंडलायुक्त को ज्ञापन देते फैसल।

# जिम्नास्टिक व तैराकी के लिए पांच मार्च को होगा खिलाड़ियों का चयन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**खेल**

- ▸▸ जिला क्रीड़ा अधिकारी बोले- पोर्टल पर करें ऑनलाइन आवेदन
- ▸▸ बमनपुरी स्टेडियम और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद में होगी चयन प्रक्रिया

**अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी में पांच मार्च की सुबह 10 बजे से आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए 12 वर्ष से कम एवं 15 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं के जिला स्तरीय चयन का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्कूलों के खिलाड़ी भी भाग ले सकते हैं।

जिला क्रीड़ा अधिकारी जीडी बारीकी ने बताया कि जिला स्तरीय चयन में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी को खेल के साथ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र को निर्धारित शुल्क बैंक कोषागार में जमा किया जाएगा। जानकारी के लिए उप क्रीड़ाधिकारी सन्तोष कुमार से संपर्क कर सकते हैं। बताया कि जिला स्तर पर बालक वर्ग 12 वर्ष में जिम्नास्टिक, तैराकी, 15 वर्ष बालक वर्ग में कुश्ती, हॉकी, वॉलीबाल, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबलटेनिस के लिए चयन पांच मार्च को बमनपुरी स्टेडियम एवं मंडल स्तर पर आठ मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद में किया जाएगा।

जिला स्तर पर बालक वर्ग 15 वर्ष के क्रिकेट, कबड्डी, बॉस्केटवाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो, हैंडवॉल का चयन छह मार्च को होगा। बालिका वर्ग 15 वर्ष के कबड्डी, बॉस्केटवाल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हैंडबॉल का चयन सात मार्च को किया जाएगा। उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि ट्रायल्स में भाग लेने के इच्छुक बालक-बालिका खिलाड़ी की आयु एक अप्रैल 2024 को जिम्नास्टिक व तैराकी खेल में 12 वर्ष से कम एवं अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम होनी चाहिए।

आयु के सम्बन्ध में खिलाड़ी को अपने स्कूल के प्रधानाचार्य से अपना जन्मतिथि प्रमाण-पत्र जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रति हस्ताक्षरित कराकर अवश्य साथ लाएं। खेल में बालक-बालिका की लंबाई निर्धारित की गई। जिसमें वॉलीबाल एवं बॉस्केटवाल बालक वर्ग में 175 सेमी एवं बालिका वर्ग में 160 सेमी होनी चाहिए।

# आकलन के लिए तैयार रहें विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में गुरुवार को एआरपी की बैठक हुई। इसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने एआरपी को निर्देश दिए। कहा कि वे अपने सपोर्टिव सुपरविजन के लक्ष्य को समय से पूर्ण कर लें।

3 मार्च में होने वाले आकलन के लिए प्रत्येक विद्यालय तैयार रहे। जिससे आगामी आकलन में विद्यालय निपुण हो सके। बैठक में सभी ब्लॉक की समीक्षा की गई जिसमें सभी मैटर का सपोर्ट सुपरविजन, दीक्षा एप को अपने स्कूल से मैप करना और उसका प्रयोग कराएं।

बीएसए ने कहा कि हर ब्लॉक से एक-एक एआरपी को नोडल नामित किया गया। एआरपी एवं संकुल शिक्षक द्वारा चयनित विद्यालयों का डीएलएड प्रशिक्षकों से आकलन का परिणाम की समीक्षा की गई। जिन विद्यालयों ने खराब प्रदर्शन किया है, उनकी ब्लॉक पर बुलाकर समीक्षा की जाए। निपुण लक्ष्य से ऐप से आकलन पर जनपद की रैंक प्रदेश में पांचवे स्थान पर है। सभी ब्लॉक में प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण संपन्न किया जाए। बताया कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिताओं को मार्च के प्रथम सप्ताह में ही पूर्ण कराया जाए। डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने कहा कि आगे भी जनपद हर परिणाम में प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर रहेगा।

बैठक में डायट प्रकोष्ठ के प्रभारी दिवाकर यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार, प्रदीप भटनागर, सरफराज अहमद, ताराचंद, रुचि सक्सेना, रूप रानी, सतपाल सिंह, मनोज, निमेश, भारत सिंह आदि उपस्थित रहे।



बीएसए कार्यालय में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

## शपथ ग्रहण समारोह को लेकर हुई चर्चा

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ की ओर से होटल मंथन में बैठक आयोजित की गई। इसमें शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चर्चा की गई।

बरेली से आए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज शर्मा, राष्ट्रीय सचिव सचिन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अंजली शर्मा, बृज क्षेत्र के उपाध्यक्ष अनिता मिश्रा एवम राष्ट्रीय सचिव सविता सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। संचालन ममता सोनी ने किया।

अध्यक्षता कंचन सक्सेना ने की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल चावला, जिला महामंत्री ममता सोनी, जिला सचिव कंचन सक्सेना, नगर अध्यक्ष दीपा गुप्ता, मीडिया प्रभारी पूजा जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, जिला सह सचिव खुशी वर्मा, उपाध्यक्ष सुशीला सिंह आदि मौजूद रहे।

**उम्मीद** बांध बनने से किसानों को मिलेगी सहूलियत, 325 क्यूसेक की होगी पानी की आपूर्ति

# चार सौ करोड़ की लागत से बनेगा जमरानी बांध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**तैयारी**

- ▸▸ नहरों का किया जाएगा चौड़ीकरण और जीर्णोद्धार

**अमृत विचार :** जमरानी बांध परियोजना के तहत उत्तराखंड और यूपी में सिंचाई और पेयजल जरूरत पूरी करने के लिए नहरों का चौड़ीकरण एवं जीर्णोंद्धार 400 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। नहरें बनाने के लिए पूर्व में 300 करोड़ रुपये खर्च प्रस्तावित था। लेकिन, अब नए प्रस्ताव के तहत इसमें 400 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

उत्तराखंड से हल्द्वानी से होकर गुजरने वाली गोला नदी पर जमरानी बांध के लिए स्वीकृति मिली थी। बीच में कुछ विवाद के चलते बांध पर काम रुक गया था। अब फिर इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे उत्तराखंड के साथ ही यूपी के बिलासपुर और रामपुर को पानी मिलेगा। अभी तक रामपुर को सिंचाई के लिए 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति होती है। इसके निर्माण के बाद अतिरिक्त 125 क्यूसेक पानी मिल जाएगा। जल्द ही इसका निर्माण शुरू होगा। वित्तीय स्वीकृति के बाद जब हल्द्वानी में बांध बनाने की कार्यवाही शुरू की गई तो यहां पर स्थित टाइगर कॉरिडोर से संबंधित एक मामला सामने आया। जिसके बाद निर्माण प्रक्रिया अटक गई थी। लेकिन अब बाधा दूर हो चुकी है और बांध की टेंडर प्रक्रिया शुरू होने वाली है। अभी तक रामपुर को हरिपुरा जलाशय से ही पानी मिलता था। उसमें भी मांग के अनुसार पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी।

किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला पाता था। ऐसे में जमरानी बांध से किसानों को काफी सुविधा होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं। अभी तक 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति ही हो पाती है, इसके निर्माण के बाद 125 क्यूसेक अतिरिक्त पानी मिलने लगेगा। अधिकारियों के मुताबिक टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण को शुरू कराया जाएगा।

### किसानों की फसलों को मिल सकेगा पानी

उत्तराखंड में जमरानी बांध बनने से भाखड़ा, ढाकरा नदी में पानी आएगा। इससे फसलों को सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। लोगों को काफी फायदा होगा। बांध के निर्माण कराए जाने पर किसानों को उम्मीद जगी है। पानी आने की संभावना से स्थानीय किसानों को आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। फसलों की सिंचाई न होने पर किसानों को कलेक्ट्रेट से लेकर सिंचाई विभाग के कार्यालय में धरने देने पड़ते है। पानी नहीं मिलने की वजह से किसानों की फसलें सूख जाती है। भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने बताया कि जमरानी बांध के निर्माण की उम्मीद जगी है इससे लोगों के साथ किसानों को पानी मिल जाएगा। साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

> जमरानी बांध बनने से पानी की आपूर्ति मांग के अनुसार होगी। इससे किसानों को काफी राहत मिलेगी। लोगों को बार-बार इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में सिंचाई के लिए 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति होती है, बांध के निर्माण होने पर 125 क्यूसेक पानी की आपूर्ति में बढ़ोतरी होगी।
> –सियाराम, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

# आंबेडकर पार्क में जाटव महासभा ने दिया धरना

## एफआईआर में एसडीएम और तहसीलदार का नाम बढ़ाने की मांग, कार्रवाई न होने पर बेमियादी धरने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गुरुवार को आंबेडकर पार्क में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें कहा कि सिलईबड़ा गांव में सुमेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि गोली चलाने का आदेश उपजिलाधिकारी मिलक ने दिया था। इसके बाद भी गिरफ्तारी न होने पर संगठन के लोगों ने आंबेडकर पार्क में धरना दिया।

संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गुरुवार दोपहर आंबेडकर पार्क पहुंचे और नारेबाजी करने के बाद धरने पर बैठ गए। गुरुवार शाम करीब 5 बजे सिटी मजिस्ट्रेट आंबेडकर पार्क पहुंचे और अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। कहा कि गांव सिलईबड़ा स्थित मैदान पर लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगा दिया था। इसे हटवाने के लिए प्रशासन जेसीबी लेकर पहुंचा था। लेकिन महिलाओं ने बोर्ड हटवाने का विरोध किया था। आरोप है कि बवाल बढ़ने पर पुलिस ने लाठी चार्ज और फायरिंग की। इस दौरान सुमेश की गोली लगने से मौत हो गई। लेकिन इस मामले में उप जिलाधिकारी का नाम एफआईआर में शामिल नहीं है। प्रशासन उन्हें बचा रहा है। तहसीलदार, उपजिलाधिकारी मिलक का नाम एफआईआर से जानबूझकर हटाया गया है। जबकि तहरीर में दोनों के नाम दिए गए थे। कहा कि दोनों अधिकारियों का नाम विवेचना में बढ़ाए जाए। अगर प्रशासन अपने वचन को नहीं मानता है, तो आंबेडकर पार्क में बेमियादी धरना 11 मार्च से किया जाएगा। कहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच में अनुसूचित जाति के आईएएस अधिकारी को भी रखा जाए। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और उप महानिरीक्षक मुनिराज जी, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने जो अनुसूचित जाति के संगठनों से वादा किया है, उसको जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस दौरान अमर सिंह, जबर सिंह सागर, दिनेश कुमार सागर, अशोक सागर, सुशील चौधरी, अमरपाल सिह, शांति सरन सागर, नरेश आंबेडकर, ओम प्रकाश प्रधान, राजीव कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शांति सरन सागर ने जबकि, संचालन सरवन सिंह सागर ने किया।


ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर।

### सिलईबड़ा के पीड़ितों को मिले मुआवजा : शिवराज

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति व शोषित वर्ग उत्थान समिति के केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवराज सिंह सागर ने गुरुवार सुबह जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि गांव सिलईबड़ा में उप जिलाधिकारी के निर्देशन में पुलिस की गोली लगने से एक छात्र की मृत्यु हो गई थी। कई लोग घायल हैं। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति व शोषित वर्ग उत्थान समिति का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से मिला। उन्होंने कहा कि मृतक सुमेश के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व घायलों को पांच लाख रुपये की मदद दी जाए।

### कोतवाल बने विजयपाल, धनंजय को मिलक की जिम्मेदारी

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने गुरुवार को कई इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। शहर कोतवाल मनोज कुमार को डायल 112 का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में चल रहे विजयपाल को शहर कोतवाली प्रभारी बनाया गया है। धनंजय कुमार को मिलक इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी मिली है। सिलईबड़ा बवाल के बाद हटाए गए अनूप मिश्रा की जगह धनंजय को जिम्मेदारी मिली है। सीओ मिलक केएन आनंद को टांडा भेजा गया है।

### अमिताभ ठाकुर कल आएंगे सिलईबड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** आजाद अधिकार सेना की प्रवक्ता डॉ. नूतन ठाकुर ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर दो मार्च को सिलईबड़ा गांव पहुंचेंगे। वह पीड़ित परिजनों से मुलाकात करेंगे। इससे पहले उन्होंने छात्र की मौत के मामले में मृतक के परिवार को दो करोड़ रुपये का मुआवजे की मांग की। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, उन्होंने फायरिंग करने वाले पुलिस और प्रशासनिक कर्मियों की सेवा से बर्खास्त की मांग की है। अमिताभ ने मीडिया संस्थानों को वीडियो संदेश भी भेजा है।

### बवाल के दोषियों को बख्शा नहीं जाए

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू गुरुवार दोपहर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से उनके कार्यालय में मिले। उन्होंने सिलईबड़ा गांव में हुए बवाल के बारे में चर्चा की। एफआईआर के बारे में जानकारी ली। जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि किसी भी हाल में दोषियों को बख्शा न जाए। लेकिन कोई भी निर्दोष को सजा न हो। न ही किसी को बिना वजह परेशान किया जाए। सिलईबड़ा गांव पहुंच रहे कई असामाजिक तत्वों को रोका जाए। कहा कि ग्रामीण शांत रहे। वहां पहुंचकर लोग उन्हें न भड़काए और न ही परेशान करें। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, दिनेश शर्मा, राजू शर्मा, गोपाल गुप्ता, शिव शर्मा, प्रदीप जाटव, शुभम सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्थापित हो बाबा साहब की प्रतिमा

**रामपुर, अमृत विचार :** तोपखाना रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती में गुरुवार को वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक हुई। इसमें गांव सिलईबड़ा में बवाल के दौरान जान गंवाने वाले छात्र की मृत्यु पर एक शोक जताया। पदाधिकारियों ने मृतक सुमेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। वाल्मीकि धर्म समाज के जिला अध्यक्ष हनी कठेरिया ने कहा कि सिलईबड़ा में लोगों पर गोली चलाने की घटना निंदनीय हैं। कहा कि सरकार इस घटना का संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित करें। जिस भूमि पर सुमेश की मृत्यु हुई है, उस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। इस दौरान नीरज चौहान, राम नाथ राजोरिया, अमित, अजय कुमार, राजीव, नीरज, मौसम, शिवम,आदि मौजूद रहे।

### छात्र की मौत से समाज के लोगों में है गुस्सा

**रामपुर, अमृत विचार :** गांव सिलईबड़ा में छात्र की मौत पर दलित समाज में गुस्सा है। भारतीय आंबेडकर सभा के जिला संयोजक धर्म कुमार वाल्मीकि ने कहा कि देश में दलित समाज का उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है, उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

शहर के मोहल्ला अस्तबल रोड स्थित भारतीय अंबेडकर सभा के कार्यालय में गरुवार को बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष अनिल राज ने कहा कि छात्र की मौत पर समाज में काफी गुस्सा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। कहा कि इस प्रकरण में पुलिस प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई की जाती तो छात्र मौत नहीं होती। कहा कि प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस दौरान अविनाश तपन, सल्वेंदर विराट, नवीन कुमार सोनू, शंकर प्रसाद, ओमकार सेठ, टीके राज आदि रहे।

### छात्र के परिजनों को मिले आर्थिक मदद : नागेंद्र

**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन पैंथर आफ इंडिया के जिलाध्यक्ष नागेंद्र कुमार गौतम ने मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में कहा है कि तहसील मिलक के गांव सिलईबड़ा के छात्र के परिजनों की आर्थिक सहायता दी जाए। कहा कि पुलिस प्रशासन बर्बरता कृत्य की न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मृतक छात्र के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए।

## एक नजर

### डूंगरपुर के एक मामले में बचाव पक्ष की बहस जारी

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में बचाव की बहस हुई। जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में चार मार्च को सुनवाई होगी। डूंगरपुर के दूसरे मामले में विवेचक अजय कुमार ने बयान दर्ज कराए। इसमें जिरह के लिए सात मार्च नियत की है। वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने लोगों ने गंज थाने में कई मामले दर्ज कराए थे। इनमें पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी ध्वस्त करने का आरोप है। इस मामले में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत अन्य कई आरोपी हैं। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

### साइबर सेल टीम ने पीड़ित के एक लाख कराए वापस

**रामपुर, अमृत विचार :** साइबर थाना पुलिस ने एक लाख की रकम वापस कराई है। पीड़ित ने रुपये मिलने के बाद राहत की सांस ली। बिलासपुर थाना क्षेत्र के खजुरिया खुर्द निवासी महेंद्रपाल ने साइबर थाने में शिकायत की थी। बताया था कि उनसे बैंक खाते से राइस मिल के मालिक को एक लाख की रकम देनी थी। लेकिन, फोन पे पर दूसरा मोबाइल नंबर दर्ज होने के कारण वह रकम किसी और के पास पहुंच गई। शिकायत के बाद साइबर थाने पुलिस ने मामले को दर्ज किया। साइबर सेल ने एक लाख की रकम को वापस करा दिया। महेंद्र पाल ने साइबर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### ट्यूशन पढ़ने जा रही छात्रा पर चाकू से किया हमला

**बिलासपुर, अमृत विचार:** ट्यूशन पढ़ने जा रही एक छात्रा को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। नगर में दिन-दहाड़े हुई इस घटना से हड़कंप मच गया। घायल छात्रा को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी एक 13 वर्षीय छात्रा नगर के ही एक स्कूल में नौवीं की छात्रा है। गुरुवार शाम वह अपने घर से ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। इस बीच अचानक किसी अज्ञात युवक ने उसे रास्ते में ही रोक लिया। इसके बाद उसकी गर्दन पर चाकू से प्रहार कर दिया। इस हमले में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर हमलावर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच व आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली जा रही है।

# प्रशासन ने चलवा दी गोली : गिरीश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के सांसद व मंडल मुरादाबाद के प्रभारी गिरीश चंद्र जाटव और मंडल प्रभारी डॉ.रणविजय सिंह के साथ अमरोहा, बिजनौर, संभल, मुरादाबाद और रामपुर के जिला अध्यक्ष गांव सिलईबड़ा गांव पहुंचे। बवाल में जान गंवाने वाले किशोर के परिवार को ढांढस बंधाया। सांसद गिरीश चंद्र ने कहा कि प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाकर गोली चलवा दी। सांसद गिरीश ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

कहा कि ऐसा प्रतीत होता है, समाज के लोगों से जानबूझकर बदला लिया जा रहा है। प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाया और गरीब मजलूमों पर गोली चलवा दी। जिससे किशोर की मौत हो गई, दो युवक घायल हुए। कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को बताया जाएगा।


मृतक के परिजनों से बात करते बसपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**▸▸ सांसद गिरीश चंद्र ने पीड़ितों का पूछा हाल, घटना को लेकर प्रशासन पर लगाए आरोप**

बसपा के जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा कि समाज के साथ न इंसाफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो धरना, ज्ञापन देने को मजबूर होंगे। इस दौरान मंडल कोऑर्डिनेटर निर्मल सिंह सागर, संसार सिंह सागर, जिला अध्यक्ष संभल जितेंद्र सागर, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद सुनील कुमार, आजाद सत्यपाल कश्यप, रिंटू सागर, सुरेंद्र सिंह सागर,सरजू भास्कर, महेंद्र सागर,राजेश प्रकाश सैनी, सदाकत हुसैन, हबीबुल रहमान आदि उपस्थित रहे।

### गांव में अधिकारियों का डेरा, पुलिस बल तैनात

**मिलक, अमृत विचार:** गांव सिलईबड़ा में हुए बवाल के बाद गुरुवार को भी पुलिस बल तैनात रहा। सीओ और अन्य अधिकारी जानकारी लेते रहे। पुलिसकर्मी गांव में गश्त करते रहे।

गांव में हुए बवाल के मद्देनजर गुरुवार को एसडीएम राजेश कुमार व सीओ केएन आनंद सुबह से शाम तक गांव में डेरा डाले रहे। इस दौरान गांव में आवागमन करने वालों पर उनकी पैनी नजर रही। लोगों से पूछताछ कर मृतक के घर जाने की अनुमति दी। एसडीएम व सीओ मृतक का घर का जायजा लेते रहे। शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गांव में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाली की एक टीम ने घटना स्थल पहुंचकर जांच की। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है। हालांकि लोग शांति व्यवस्था बनाए हुए हैं।

# घटना को दबाने का प्रयास कर रही सरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के नेतृत्व में गांव सिलईबड़ा पहुंचा। नूरबानो ने कहा कि सरकार सिलईबड़ा गांव की घटना को दबाने का प्रयास कर रही है। प्रियंका गांधी भी इस मामले में सक्रिय हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फोन पर मृतक सुमेश के पिता गेंदन लाल से बात की है।

गुरुवार दोपहर कांग्रेस के पदाधिकारी सिलईबड़ा पहुंचे और भाजपा सरकार पर हमला बोला। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि सुमेश ने दिखाया कि अगर डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान को हटाने की कोशिश की गई तो लाखों सुमेश पैदा होंगे। अपनी जान दे देंगे, लेकिन संविधान पर कोई आंच नहीं आने देंगे। भाजपा का रामराज्य पिछड़े, दलित, महिला, आदिवासियों के लिए मनुराज है। सिलईबड़ा में कुछ अधिकारी, पुलिस बल व दबंगों के साथ पहुंचे थे। आरोप है कि दलित छात्र सुमेश की हत्या कर दी गई। उसकी गलती यही थी कि गड्ढे को पाटकर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगाना चाह रहे थे। कहा कि जब तक सुमेश को न्याय नहीं मिलता, हम उसकी लड़ाई लड़ेंगे। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, पूर्व विधायक अफरोज अली खान, शहर अध्यक्ष नोमान खान, विनोद गुंबर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आरिफ अल्वी, ताहिर अंजुम, मोहम्मद अहमद, लल्लन खान ठेकेदार, जिवेन्द्र गंगवार आदि मौजूद रहे।


मृतक सुमेश के परिजनों से बात करतीं पूर्व सांसद बेगम नूरबानो।

**▸▸ आरोपियों को तत्काल बर्खास्त करे सरकार, न्याय मिलने तक लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस**

# किन्नर से दुष्कर्म में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** शादी का झांसा देकर युवक छह माह तक किन्नर से दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने जब उससे शादी के लिए कहा तो वह अपने साथियों के साथ किन्नर के घर में घुस आया। यहां आरोपियों ने किन्नर से मारपीट कर 45 हजार रुपये की नकदी व आभूषण लूट कर ले गया। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव भूबरा निवासी मेहराज नगर निवासी एक किन्नर के साथ दो वर्ष से रहता है। आरोप है कि मेहराज ने किन्नर को शादी का झांसा दिया। आरोपी ने शारीरिक संबध बनाए। जब किन्नर ने विरोध कर शादी का दबाव बनाया तो युवक आग बबूला हो गया। आरोप है कि 12 दिसंबर को वह अपने साथियों को लेकर उसके घर में घुस गया। उसे पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी लेकिन, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पीड़ित किन्नर ने कोर्ट में शिकायती पत्र दिया। कोर्ट ने भूबरा निवासी मेहराज, नरपतनगर निवासी लईक, शाहबुद्दीन, मुनीर, गांव मिलक भूवरी निवासी तौकीर आलम, गांव मुक्का निवासी तस्वीर आलम के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट करने के आदेश दिए। गुरुवार को पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** मिलक बिचोला स्थित कार्यालय में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन भान के पदाधिकारी एकत्र हुए। यहां भाकियू भानू के जिला प्रभारी फरहत अली खान ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं। किसान समस्याओं को लेकर भटक रहे हैं।

संगठन का विस्तार करते हुए जिला प्रभारी फरहत अली खान ने जुबैर इल्यास को जिला सचिव और खलीक अहमद को नगर अध्यक्ष बनाया। नजमी खान को नगर महासचिव नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिना रिश्वत के कोई काम नहीं किया जा रहा है। प्रशासन शांति व्यवस्था बनाने में नाकाम साबित हो रहा है। मंडल कोषाध्यक्ष सैयद जमाल आरिफ मियां ने कहा कि किसानों को सरकार एमएसपी गारंटी कानून लागू करे। गांव सिलईबड़ा में पुलिस की गोली से छात्र की मौत हुई है। अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर सभी को जेल भेजा जाए। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी, शकील अहमद, आरिफ रफत अली, इदरीस अहमद, कृपा शंकर, हरपाल सिंह, जावेद अली, राशिद अली, मोहम्मद अजीज, शाकिर अली, प्रेमपाल, रूप किशोर, अली हैदर आदि रहे।


नए पदाधकारियों का स्वागत करते जिलाध्यक्ष एवं अन्य। ● अमृत विचार

### ढाबा मालिक के घर से सामान चुराया, तहरीर

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रुद्र-बिलास चौकी क्षेत्र के गांव दिबदिबा की बनखंडी कॉलोनी में ढाबा मालिक के घर के ताले तोड़कर चोर तीन लाख के सामान की चोरी कर ले गए।

गृहस्वामी तेजपाल ने बताया कि उनका रुद्रपुर के बिंदुखेड़ा मोड़ पर ढाबा है। बुधवार शाम घर के ताले बंद कर वह अपनी पत्नी लक्ष्मी व बच्चों के साथ रामपुर के ज्वालापुर निवासी अपनी बहन के घर चला गया था। रात किसी समय चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे समेत अंदर के सभी ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। सुबह पड़ोसी ने ताला टूटा देखा तो उसे सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि आठ लाख से ज्यादा का नुकसान हो गया है। गृहस्वामी ने बताया कि पुलिस को तहरीर दी है।

# ईटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मजदूर की मौत

संवाददाता, पटवाई

**▸▸ गांव सोहना में हुआ हादसा चढ़ाई पर बेकाबू हुआ ट्रैक्टर**

**▸▸ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, परिवार में कोहराम**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में चढ़ाई पर बेकाबू होकर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। जिससे ट्रॉली पर बैठे मजदूर की मौत हो गई।



क्षेत्र के गांव सोहना में इल्यास का ईंट भट्ठा है। उस पर नेतराम (30) पुत्र राधेश्याम निवासी मतवाली मजदूरी करता था। गुरुवार को वह ट्रॉली में ईंटें भरकर किसी जगह उतारने जा रहा था। सड़क पर एक जगह चढ़ाई पर चढ़ते समय ट्रैक्टर बेकाबू हो गया। चालक गुड्डू ट्रैक्टर ट्रॉली को नहीं रोक सका। जिसके चलते ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली के नीचे दबने से मजदूर की मौत हो गई।

घटना देख आसपास के लोग वहां इकट्ठे हो गए। लोगों ने दूसरे ट्रैक्टर से ट्रॉली को सीधा कर नीचे फंसे मजदूर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत चुकी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

**योजना** | रिवैम्प योजना के तहत 75 हजार उपभोक्ताओं के घरों पर लगेंगे नए मीटर

# स्मार्ट होंगे मीटर, सुधरेगी बिजली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में स्मार्ट मीटर लगने की तैयार अब तेज हो गई है। मंडल स्तर पर हैदराबाद की कंपनी का चयन कर लिया गया है। इस कंपनी ने सर्वे शुरू कर दिया है। इस कार्य से मीटर में गड़बड़ी व बिजली चोरी रोकी जाएगी। बिल जमा न करने पर ऑटोमेटिक मीटर भी बंद हो जाएगा।

जनपद में इस समय 75000 बिजली उपभोक्ता हैं। रामपुर में बिजली का बकाया बिल जमा करने वालों को परेशानी रही है। करीब 50 लाख से भी ऊपर का बिल विभागों और प्रतिष्ठानों पर बकाया है। जिन्होंने अभी तक अदा नहीं किया है। आए दिन बिजली चोरी की शिकायतें मिलती हैं। अब विद्युत निगम की निगरानी में अब ऐसे मोहल्ले आ चुके हैं। कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां कई बार विद्युत निगम ने छापेमारी की। लेकिन यहां अभी तक वसूली नहीं हो सकी है। बिजली चोरी के बढ़ते मामलों के साथ मोहल्लों में अभी तक कई बार नोटिस भी दिए जा चुके हैं। ऐसे में विद्युत निगम को इन सभी से निजात देने को सरकार ने एक रिवैम्प योजना चलाई थी।

इस योजना के तहत रामपुर के सभी घरों को स्मार्ट मीटर से लैस करने की तैयारी चल रही थी। पिछले साल यह तैयारी अधूरी रह गई थी। निगम ने प्रस्ताव तो तैयार कर लिया था। लेकिन किसी भी तरह से इससे आगे की कार्रवाई नहीं हो पा रही थी।

ऐसे में मंडल स्तर से हैदराबाद की कंपनी ने इसका सर्वे करना शुरू कर दिया है। जनपद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण मंडल ने एक प्रोजेक्ट बनाकर आंकलन लगाया है विद्युत निगम का कहना है कि सर्वे के बाद इस पर काम शुरू करा दिया जाएगा।

### कई बार टीम पर हो चुके हैं हमले

बिजली चोरी पर रोक लगाने, राजस्व वसूली लक्ष्य को बढ़ाए जाने के लिए निगम की टीम द्वारा अभियान चलाया जाता है अभियान के दौरान टीम में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों से मारपीट की नौबत आ चुकी है। यह घटना होने के बाद संबंधित थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी जाती है। उसके बाद कुछ दिन के लिए अभियान की रफ्तार ठंडे बस्ते में चल जाती है, उसके बाद दोबारा से सबस्टेशन अधिकारी, कर्मचारी विजिलेंस टीम, एंटी पावर थेफ्ट द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जाता है। जिससे कि टीम पर कोई घटना नहीं हो सके।

> मंडल स्तर पर कंपनी ने सर्वे शुरू कर दिया है। इस योजना पर अब कुछ आगे बढ़ने की उम्मीद है। रामपुर के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। अब इस साल सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। **-वीके आर्या,** अधीक्षण अभियंता, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम

### रक्तचाप बढ़ने पर कांग्रेस के नेता बहोश, भर्ती कराया

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष मुतीउर्रहमान बब्लू का ब्लड प्रेशर बढ़ने पर वह बेहोश हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कांग्रेसियों ने उनका हालचाल जाना। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता, शहर अध्यक्ष नोमान खान, जिला प्रवक्ता ताहिर अंजुम, मामून शाह खां, एजाज खां, फैसल खां आदि शामिल रहे।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू लोकशक्ति ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मंडल अध्यक्ष अब्दुल हफीज ने कहा कि किसानों का कर्ज, फसलों को सही दाम सरकार द्वारा मुहैया कराए जाए। मतीन खान, तौसीफ रजा, उवैस खान और शावेज आदि रहे

# दनकरा में गोशाला का शिलान्यास

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत मुंडिया कला के गांव दनकरा में कई वर्षों से लगभग 12 बीघा सरकारी भूमि खाली थी। यहां ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने गुरुवार को गोशाला का शिलान्यास किया। हवन कर भूमि का पूजन किया गया।

ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित पशुओं के लिए गोशालाओं का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। दनकरा गांव में गोशाला निर्माण शुरू कराया जा रहा है। इसमें 350 निराश्रित पशुओं को संरक्षित किया जा सकेगा। इसके बाद उन्होंने गांव में भ्रमण कर सफाई व विकास कार्यों का जायजा लिया।

ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए, सचिव सूरज कुमार को निर्देश दिया कि गांव में विकास कार्य और साफ सफाई पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एपीओ मनरेगा अमित कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान माधवराव, राजीव गंगवार, बाबूराम गंगवार, दुर्ग पाल,रामपाल गंगवार, संजय गंगवार, विकास पाठक आदि मौजूद रहे।


गोशाला का शिलान्यास करते ब्लॉक प्रमुख कुलंवत सिंह औलख। ● अमृत विचार

## एक नजर

### मुसलमानों ने खो दिया अच्छा नेता : बाबर

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि मुसलमानों ने अच्छा नेता खो दिया है। डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क मुस्लिम समाज के अच्छे रहनुमा थे। उन्होंने अपनी जिंदगी समाजसेवी में गुजार दी। वह मुस्लिमों की आवाज को लोकसभा सदन में उठाते थे। उनका राजनीतिक प्रभाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में था। शहर के मोहल्ला चाह खजान खां स्थित ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के कार्यालय में डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल पर शोकसभा का आयोजन किया गया। उनके लिए मगफिरत की दुआ मांगी। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता आसिफ हसन, शुऐब युनूस, बाबू अली खां, राहत जान खां, अर्शी खां, फैजान खां, असलम खां, जुनैद कुरैशी, अजहर खां, मौलाना शादाब कदीरी, मसरूर मियां आदि शामिल रहे।

### 1432 कर्मचारियों का बकाया देने की तैयारी शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रबड़ फैक्ट्री के 1432 कर्मचारियों के लिए राहत की खबर आई है। फैक्ट्री पर उनके बकाया के भुगतान की तैयारी शुरू हो गई है। ऑफिशियल लिक्विडेटर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कर्मचारियों के डाटा के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस डाटा का मिलान कर्मचारियों के मूल दस्तावेजों से किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने यूनियन नेताओं को नोटिस भेजकर 15 दिन के अंदर छह बिंदुओं पर ब्योरा मांगा है। करीब 24 साल से बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री की जमीन की कीमत 18 सौ करोड़ से ज्यादा है जिसके मालिकाना हक का केस बॉम्बे हाईकोर्ट में चल रहा है। कुछ ही महीने पहले इस मामले में उप्र सरकार को पक्षकार बनाए जाने से दूसरे दावेदार अलकेमिस्ट एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन लिमिटेड का पक्ष कमजोर हो गया है। दिसंबर में बॉम्बे हाईकोर्ट ने रबड़ फैक्ट्री की जमीन का मालिकाना हक अलकेमिस्ट को देने का पुराना आदेश भी रद्द कर दिया था। इसके बाद फैक्ट्री कर्मचारियों ने अपना बकाया भुगतान करने की मांग तेज कर दी थी। अब उनके लिए राहत भरी खबर आई है।

### जिला जज ने सुनाया फैसला, दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, गांव पुराना ललवारा का है मामला

# बहन की हत्या में दो सगे भाइयों और जीजा को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बहन की हत्या करने के मामले में जिला जज ने गुरुवार को दो सगे भाइयों और जीजा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव पुराना ललवारा का है। यहां रहने वाले निसार के अनुसार, 19 सितंबर 2013 को उसकी 12 साल की बहन नाजिया अपने पिता सफी अहमद के साथ घर के बाहर छप्पर में सो रही थी। इस दौरान रात करीब तीन बजे उसके चिल्लाने की आवाज आई। जब घर वालों ने टॉर्च की रोशनी में देखा तो सिराज अहमद, रईस दूल्हा, आबिद और मुवीस भाग रहे थे।

जब बाहर आकर उन्होंने देखा तो उसकी बहन नाजिया की गर्दन कटी हुई थी। यह देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई थी। इसके बाद आसपास के लोग एकत्र हो गए और पुलिस भी आ गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया था। मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस को जांच में पता चला था कि निसार ने अपने भाई और बहनोई के साथ मिलकर बहन की हत्या कर दी थी। इसके बाद ने जिन लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी।

उनका नाम हटाकर इन तीनों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई जिला जज की कोर्ट में हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित सक्सेना ने बताया कि बालिका की हत्या के मामले में दो सगे भाई सहित तीन दोषी निसार आलम, अमीर आलम और इल्सास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 20 हजार का जुर्माना लगाया है।

### अपहरण के बाद किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को उम्रकैद

**रामपुर, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में गुरुवार को विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दो लाख पांच हजार का जुर्माना लगाया है। मामला गंज थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक ग्रामीण के अनुसार, पड़ोसी मंजीत तीन फरवरी 2021 को उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया था। पीड़ित परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था। बाद में किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया था। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और बयानों आधार पर मंजीत को आरोपी बनाया गया। दुष्कर्म की धारा भी बढ़ा दी गई। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक सुमित शर्मा ने बताया कि आरोपी मंजीत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।



चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में चर्चा करते भाजपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** हाईवे स्थित भाजपा के नगर कार्यालय में गुरुवार को चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। लोकसभा चुनाव के जिला संयोजक सुरेश गंगवार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रबंधन का महत्व समझाया। जिम्मेदारियां सौंपी गईं। लोकसभा क्षेत्र सह संयोजक मोहनलाल सैनी, विधानसभा प्रभारी भारत भूषण गुप्ता, जिला विस्तारक पवन कुमार, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, अमित चंदेल, रोहिताश मौर्य, चेतन पारुथी, अनिल मदान, मधुबाला गुगलानी, किरनजीत कौर आदि मौजूद रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर मजदूर ने दी जान

### शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव मगरमऊ की घटना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दंपती के बीच विवाद के चलते गुरुवार को मजदूर ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



शहजादनगर थाना क्षेत्र गांव मगरमऊ गांव निवासी भूपराम का परिवार रहा है। बताया कि उनका पुत्र चंद किशोर (32) का पत्नी सरिता से आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद हो जाता रहता था। बुधवार रात भी दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे गुस्से में आए चंद किशोर पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे से लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। चंद किशोर को अमरूद के पेड़ पर लटका देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर आ गए और आनन-फानन पेड़ पर लटके चंद किशोर को नीचे उतारा। किसी ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

### पहले भी कई बार हो चुका था दंपती के बीच विवाद

आसपास के लोगों का कहना है कि चंद किशोर और उसकी पत्नी का आए दिन छोटी छोटी बातों को लेकर विवाद होता था। शोर-शराबा सुनकर आस पास के लोग दोनों को शांत करा देते थे। उधर, पुलिस का दावा है कि वह शराब अधिक पीता था। बुधवार को भी वह शराब पीकर आया था। जहां दोनों के विवाद हो गया था। आसपास के लोगों का कहना है कि पति के मरने की जानकारी मिलने के बाद पत्नी ऑटो से कही जा रही थी। तभी उसे लोगों ने पकड़ लिया।

> शहजादनगर के मगरमऊ गांव में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी। **- अमर सिंह,** एसओ, शहजादनगर



इलेक्ट्रॉनिक कांटों की जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

## राशन की घट तौली रोकने को लगेंगे इलेक्ट्रॉनिक कांटे

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** सरकारी राशन की घटतौली व कम राशन देने की शिकायतों को दूर करने के लिए अब हर कोटा डीलर को पूर्ति विभाग द्वारा एक-एक इलेक्ट्रॉनिक कांटे दिए जाएंगे। 116 राशन डीलरों को देने के लिए कांटे तहसील में आए हैं।

गुरुवार को इन सभी मशीनों की कंपनी के कर्मचारियों से फिटिंग तथा बाट-माप विभाग से चेकिंग व सीलिंग कराई गई। विधिक माप विज्ञान के वरिष्ठ निरीक्षक प्रेम शंकर तिवारी ने बताया कि मशीनों का भली-भांति निरीक्षण कर उसे राशन वितरण के लिए तैयार किया जा रहा है।

इस इलेक्ट्रॉनिक कांटे की खासियत बताते हुए उन्होंने बताया कि इसे डीलर के पास मौजूद पॉज मशीन से कनेक्ट किया जाएगा। उपभोक्ता द्वारा अंगूठा लगाने के बाद मशीन दर्ज ब्यौरे के अनुसार ही वजन करेगी। यदि कम वजन होगा, तो पॉज मशीन से पर्ची ही नहीं निकलेगी और न ही राशन ऑनलाइन दर्ज होगा।

## सार संक्षेप



स्वागत के बाद नवनिर्वाचित लेखपाल संघ के पदाधिकारी।

### लेखपाल संघ के सुशील अध्यक्ष और मंत्री बने विनीत

**स्वार, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के हुए चुनाव में सर्वसम्मति से सुशील कुमार सक्सेना को अध्यक्ष व विनीत कुमार को मंत्री निर्विरोध चुना गया। सभी पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। तहसील सभागार में गुरुवार को प्रदेश लेखपाल संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार, मंत्री विनीत कुमार, उपमंत्री नितिन कुमार, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार, ऑडिटर धर्मेन्द्र, मीडिया प्रभारी खुसरो परवेज को निर्विरोध चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि लेखपालों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।



नगर विकास मंत्री का संबोधन सुनते लोग। ● अमृत विचार

### नगर विकास मंत्री का सुना संबोधन

**स्वार, अमृत विचार :** नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने गुरुवार को विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों में लोकार्पण कार्यक्रम प्रसारित हुआ। चेयरमैन खालिद अली, लिपिक अनिल कुमार, शैलेन्द्र कुमार चंद्रा, अरमान अली, लियाकत अली, जिलानी, रियासत अली, मोहम्मद रफी, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद सिराज, जफर अली, इमरान अंसारी, रफीक अहमद खां, यूसुफ अली आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं।

### कविता के माध्यम से महिलाओं की जिंदगी से कराया रूबरू

**रामपुर, अमृत विचार :** शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिला मोर्चा की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में कवित्रियों ने कविताओं के माध्यम से समाज और महिलाओं के जीवन से रूबरू कराया। सम्मेलन का आगाज जिला अध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने कवित्रियों को पटका व माला पहनाकर किया गया। अंजू चतुर्वेदी ने समाज में किन किन रूपों में रावण बैठे हैं, कविता के माध्यम से बताया। साहित्यकार शारदा ने भी महिलाओं के जीवन पर अपनी कविता से प्रकाश डाला। सरिता विनीता जैन ने भी दर्शकों का मन मोहा। जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा व कवि सम्मेलन संयोजिका पारुल अग्रवाल ने भी चांद लाइन सुना कर समा बांध दिया। संचालन मंडल अध्यक्ष सुनीता सिंह ने किया। शक्ति वंदन की जिला संयोजिका शकुंतला वर्मा, सह संयोजक प्रमोद आहूजा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, विजयलक्ष्मी शर्मा, मीना पाल, मीना खण्डेलवाल, मुन्नी देवी, सोनिया, पूनम सागर आदि उपस्थित रहीं।



विधायक को ज्ञापन देते श्रीयोग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारी ● अमृत विचार

### विधायक को सौंपा ज्ञापन, आशाराम की रिहाई की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारी विधायक आकाश सक्सेना से मिले। उन्होंने विधायक को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि संत आशाराम बापू की शीघ्र रिहाई कराई जाए। उनकी इच्छानुसार चिकित्सीय सुविधा मिले। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आशाराम को झूठे आरोपों के तहत जोधपुर कारागार में रखा गया है। जहां उनका स्वास्थ्य सही नहीं है। इस दौरान राघवेंद्र गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, निर्भय, कुमार शर्मा, धर्मवीर प्रजापति, हेमलता शर्मा, सुषमा शर्मा, सिमरन शर्मा, अर्चना शर्मा, सुधा गुप्ता और ललित अग्रवाल आदि शामिल रहे।

### अली ने नौ साल की उम्र में किया कुरआन हिफ्ज



**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शुतरखाना निवासी सआदत अली अंसारी के बेटे हाफिज अली अंसारी ने नौ साल की उम्र में कुरआन हिफ्ज किया है। उन्होंने मदरसा तालीमुल कुरआन के कारी फरजंद अली, मोहम्मद जावेद की देखरेख में हिफ्ज किया। गुरुवार को मदरसा में एक विशेष कार्यक्रम किया। इसमें कारी फरजंद अली ने कहा कि कुरआन अल्लाह की महान किताब है। इसका चमत्कार यह है कि छोटे बच्चों के दिलों में संरक्षित किया है। आखिर में हाफिज अली अंसारी को फूलों से गुलपोशी की गई। इस दौरान असदुल हक, इमरान सलीम, कारी हबीब अहमद, अखलाक अहमद, बाबू उबैद, शाहिद शमसी, वसीम शमसी, मौलवी मोहम्मद जावेद, फैजी आदि शामिल रहे।

## युवक की गोली मारकर हत्या में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**कार्रवाई**

- मिलकखानम स्थित पीपली वन के जंगल में आया लकड़ी लेने
- शव मिलने के बाद परिजनों ने लगाया था हत्या का आरोप

**स्वार (रामपुर), अमृत विचार:** पीपली वन के जंगल में लकड़ी लेने के आए युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मिलकखानम थाने में मृतक की पत्नी की ओर से तीन को नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

25 फरवरी को उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा के गांव रम्पुरा काजी निवासी सेठ सिंह (35) उर्फ सेठी पुत्र फौजा अपने परिजनों से दोस्त के साथ तहसील क्षेत्र के थाना मिलकखानम स्थित पीपली वन के जंगल में लकड़ी लेने की बात कह कर गया था।

जब वह दो दिनों तक नहीं लौटा तो परिजनों ने सूचना केलाखेड़ा पुलिस को दी। सूचना देने के बाद परिजन सेठ सिंह की तलाश में पीपली वन पहुंच गए थे। मंगलवार देर रात परिजनों को पीपली वन में सेठ सिंह का शव मिल गया था। मृतक के परिजनों ने पीठ पर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि उसके साथ दो लोग गए थे। इसके बाद पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आई। इसके बाद मृतक की पत्नी कुलवंत कौर ने उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा गांव रम्पुरा निवासी इरफान अली, गांव कनकटा निवासी नबीया, थाना गदरपुर के गांव मझरा मरदान निवासी आसिम को नामजद कराया। साथ ही एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। मिलकखानम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।

## आयुष्मान कार्ड देकर लोगों के जीवन को किया सुरक्षित : चेतन

**मसवासी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से नगर में भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य के आवास पर सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ।

इसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि केंद्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड देकर लोगों का जीवन सुरक्षित किया है। हरिओम ने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 वर्ष में इतना काम किया है, जो 70 साल में भी नहीं हुआ। इसके अलावा उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। साथ ही लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचने पर जोर दिया।

इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री जागन सिंह राजपूत, दुर्गेश गंगवार, रामपाल मौर्य, संजीव कुमार वर्मा, लाखन सिंह मौर्य, विनेश मौर्य, अतर सिंह मौर्य आदि रहे।



महिला को हेलमेट देतीं पालिकाध्यक्ष सना खानम। ● अमृत विचार

## पालिकाध्यक्ष ने महिलाओं को वितरित किए हेलमेट

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर गेट स्थित घेर कलंदर खां में नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने महिलाओं को हेलमेट वितरित किए। उन्होंने इस मौके पर कहा कि हेलमेट नहीं पहनने से हादसे के समय जान जा सकती है।

इसे पहनकर सफर करना सुखद अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। ताकि हादसों से बचा जा सके। हेलमेट पहनना पुलिस से चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपने प्राण बचाने के लिए पहनना जरूरी है।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष पति मामून शाह खां, शैजी उर्फ शाहवेज, ऐजाज खां, रहमान अली अंसारी, युनूस खान, फूल खान, अंकुश अग्रवाल, गुड्डू खान आदि शामिल रहे।

## मझरा में राजस्व टीम ने श्मशान की भूमि को कराया कब्जा मुक्त

**भोट, अमृत विचार :** भोट गांव के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में मझरे में हाईवे किनारे श्मशान की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था। गुरुवार को राजस्व टीम ने जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त करा दिया।

ग्रामीणों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी सदर ने नायब तहसीलदार देवेश पांडेय के नेतृत्व में राजस्व टीम गठित कर श्मशान की भूमि की पैमाइश कर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। गुरुवार दोपहर राजस्व टीम पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने श्मशान की जमीन को चिह्नित कर दिया।

दोबारा कब्जा करने पर टीम ने आरोपियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कार्रवाई से आरोपियों में खलबली मची रही। राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक, हलका लेखपाल रवि कुमार व विशाल यादव मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** तारक एजुकेशनल अकादमी में हुआ कार्यक्रम, फेयरी डांस, अंब्रेला ड्रिल, भांगड़ा पर मचाया धमाल

# लीप वर्ष सेलिब्रेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में गुरुवार को लीप ईयर सेलिब्रेशन का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने फेयरी डांस, अंब्रेला ड्रिल, भांगड़ा और गिद्दा पर धमाल मचाया।

अकादमी में लीप ईयर सेलिब्रेशन की शुरूआत मुख्य अतिथि मोहित शर्मा ने फीता काटकर की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसमें सोशल मीडिया किस प्रकार बच्चों के लिए हानिकारक है। वृक्ष ही जीवन है का संदेश भी एक नाटक प्रस्तुत करके दिया। विद्यालय में जूडो-कराटे की क्लास में विद्यार्थियों ने सीखे मार्शल आर्ट्स के स्टंट का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने चंद्रयान -3, विक्रम लैंडर और रोवर के साथ आदित्य एल-1, वंदे भारत ट्रेन, नेचुरल वाटर फिल्टर, वर्किंग मॉडल ऑफ ह्यूमन हार्ट, न्यूटन क्रेडल, ह्यूमन किडनी मॉडल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के किंडरगार्डन वर्ग के विद्यार्थियों ने भी खेल-खेल में शिक्षा को सीखने के हुनर का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह, परमजीत कौर, प्रधानाचार्य अमित बेनर्जी, पूजा अरोरा, कुलदीप कौर, अदनान, नेहा शर्मा, नसरीन, सिमरन, रीना आदि लोग मौजूद रहे।



मंच पर नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



शाहबाद की मुख्य बाजार में लड़ते सांड। ● अमृत विचार

## मुख्य बाजार में भिड़े सांड मची अफरा-तफरी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** कस्बे के मुख्य बाजार में गुरुवार को दो सांड आपस में भिड़ गए। सांड़ों के हुड़दंग से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कई बाइकें भी टूट गईं। बाजार से गुजर रहे कई राहगीर चपेट में आने से बाल-बाल बचे।

मुख्य बाजार में गुरुवार शाम भारतीय स्टेट बैंक के पास दो सांड आपस में भिड़ गए। इससे दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने दुकानों में घुसकर अपनी जान बचाई। दुकानदारों का कहना है कि मार्केट के पास रामलीला मैदान में सांड दिनभर रहते हैं। वहां से लड़ते-लड़ते वह मुख्य बाजार में आ जाते हैं। ये राहगीरों और दुकानदारों के लिए परेशानी का सबब बनते हैं। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि सांडों को गोशाला में संरक्षित किया जाए।

## एक नजर

### स्मार्टफोन पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ब्लॉक मूंढापांडे क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसखेड़ा हरसैनपुर स्थित आरएचएम कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही स्मार्टफोन वितरित योजना के तहत बीए की छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव ने कार्यक्रम का आरंभ फीता काटकर किया। ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव ने 53 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य गौरव कुमार, प्रियंका सिंह, सफिया खातून, विशाल अग्निहोत्री आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नौ हजार उपभोक्ताओं की 5 घंटे गुल रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को आरडीएसएस योजना के कार्य के चलते पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के मोहल्ला नबावपुरा, लाल बाग, दीवान का बाजार, तहसील स्कूल चौराहा समेत रेती मोहल्ले के साढ़े नौ हजार उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई गुल रहेगी। दीवान का बाजार विद्युत केंद्र पर तैनात एसडीओ ने बताया कि पुराने बिजली के जर्जर तार के अलावा पुराने खंभे भी बदले जाएंगे। इसमें कार्यदायी संस्था के साथ बिजली विभाग के कर्मचारी भी कार्य कर रहे हैं। जिसके चलते क्षेत्र में होने वाले फाल्ट को सही करने में समय लगा रहा है।

### ग्रामीणों से शांतिपूर्वक मतदान की अपील

**डिलारी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। गुरुवार को क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी और थाना डिलारी प्रभारी पवन कुमार क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केंद्रों का जायजा लिया। गांव बुधनपुर में चुनाव संबंधी बैठक कर ग्रामीणों से शांतिपूर्वक मतदान करने की अपील की। दोनों अधिकारियों ने क्षेत्र के गांव जोगीपुरा, कुआं खेड़ा माफी, नगर पंचायत ढकिया, सिहाली खद्दर, काजीपुरा में मतदान केंद्र का निरीक्षण कर खामियां दूर करने का आदेश दिया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद अयूब, जाकिर हुसैन, मुजम्मिल हुसैन, हरपाल सिंह, वेद प्रकाश, दिनेश कुमार, मोहम्मद अली, दिलशाद मौजूद रहे।

### आज इन विषयों की परीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं में शुक्रवार को हाईस्कूल में सुबह की पाली में मानव विज्ञान और शाम की पाली में एनसीसी की परीक्षा आयोजित होगी। जबकि इंटरमीडिएट में सुबह की पाली में उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगला, मराठी, उड़िया, कन्नड़ समेत अन्य विषय की परीक्षा होगी। जबकि शाम की पाली में मानव विज्ञान की परीक्षा होगी।

## अपमानित कर ड्यूटी से जबरन थाने ले गए तीन पुलिसकर्मी, थानाध्यक्ष के सामने किया पेश, दोनों का मेडिकल भी कराया

# चार लाख रुपये, तीन मोबाइलों की चोरी में दो कांस्टेबल को हवालात में डाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दो साथी कांस्टेबल पर चार लाख रुपये और तीन मोबाइल की चोरी का आरोप लगाकर उन्हें न सिर्फ बावर्दी हवालात में डाला बल्कि उन्हें फंसाने के लिए मनमाफिक मेडिकल रिपोर्ट भी बनवाने की कोशिश की। डॉक्टरों ने इनकार किया तो दोनों कांस्टेबल को लेकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला पहुंच गए। यह आरोप मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह पर लगे हैं। दोनों कांस्टेबल रविश कुमार और कृष्ण पाल गुरुवार को डीआईजी के सामने पेश हुए हैं और थानाध्यक्ष व साथी कांस्टेबलों पर आरोप लगाते हुए आपबीती सुनाई।

कांस्टेबल रविश कुमार इन दिनों पुलिस लाइन में सीआर-ड्यूटी (जेल से कोर्ट में आरोपी को लाने व वापस ले जाने) पर हैं, जबकि कांस्टेबल कृष्ण पाल मैनाठेर थाने में ही ड्यूटी कर रहे हैं। रविश कुमार ने डीआईजी को बताया है कि सीआर ड्यूटी को वह 24 फरवरी को पुलिस लाइन आए थे। अगले दिन 25 फरवरी की शाम गणना के बाद रात करीब 9 बजे कांस्टेबल मनोज पवार ने उन्हें फोन कर मिलने को पुलिस लाइन में बहुमंजिला आदर्श बैरक के पास बुलाया था, जहां मनोज ने मैनाठेर थानाध्यक्ष को फोन मिलाकर रविश से कहा कि कोतवाल साहब से बात करो। कांस्टेबल रविश कुमार का कहना है कि उनसे थानाध्यक्ष ने कहा कि जेल जाना चाहते हो तो कोई बात नहीं, अपने को बचाना चाहते हो तो कांस्टेबल मनोज पंवार के साथ गाड़ी पर बैठकर चुपचाप थाने आओ। कांस्टेबल रविश का आरोप है कि फिर मनोज पंवार ने सरकारी पिस्टल निकालकर उनकी कनपटी पर लगा दी और गाली-गलौज कर धकेल कर गाड़ी में बैठा लिया। कार में ड्राइवर की सीट पर पहले से हेड कांस्टेबल रिजवान खां बैठे थे, जबकि पीछे सीट पर कांस्टेबल नितिन कुमार बैठा था। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस लाइन में बिना किसी को सूचित किए उन्हें मैनाठेर थाने ले जाकर थानाध्यक्ष के सामने पेश किया। थानाध्यक्ष ने कहा कांस्टेबल मनोज पंवार के बक्शे में रखे चार लाख रुपये और तीन मोबाइल जो चोरी की है वह वापस कर दो, अन्यथा जेल भेजूंगा या एनकाउंटर करा दूंगा। जिस पर रविश कुमार ने कहा कि उन्होंने कोई चोरी नहीं की। फिर कांस्टेबल कृष्ण पाल से भी पूछताछ हुई। आरोप है कि इसी बीच उन दोनों को मारपीट कर हवालात में डाल दिया, जबकि ये दोनों कांस्टेबल वर्दी में थे।



डीआईजी से मिलने के बाद जानकारी देते कांस्टेबल रवीश कुमार व कृष्ण पाल।

### एसपी देहात करेंगे मामले की जांच

डीआईजी मुनिराज जी ने दोनों कांस्टेबल की बात सुनकर उनके मामले में जांच के लिए एसपी देहात को निर्देश जारी किए हैं और कार्रवाई के लिए अगले तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है। बुधवार को दोनों कांस्टेबल एसएसपी हेमराज मीना के सामने पेश हुए थे। एसएसपी ने भी एसपी देहात संदीप कुमार मीना को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा था।

> एक कांस्टेबल के कमरे से कुछ चोरी हुई है। इसके अलावा कोई मामला नहीं है। कांस्टेबल रविश कुमार व कृष्णपाल को कहीं कोई हवालात में नहीं डाला गया है, हमनें इस मामले में संबंधित लोगों से पूछताछ की है। जांच कर रहे हैं।
>
> **-संदीप कुमार मीना,** एसपी देहात

> कांस्टेबल मनोज पंवार के कमरे में चोरी हो गई थी। वह किराए पर रहता है। उसके बॉक्स से करीब 20-21 हजार रुपये और टॉर्च चोरी हुई थी। इस मामले में एफआईआर नहीं दर्ज है। कांस्टेबल रविश कुमार व कृष्ण पाल बुधवार को एसएसपी से मिले थे और गुरुवार को डीआईजी से मिले हैं। वह जो आरोप लगा रहे हैं, वह निराधार हैं।
>
> **-सत्येंद्र सिंह,** थानाध्यक्ष-मैनाठेर

### गलत रिपोर्ट बनाने को थानाध्यक्ष ने डॉक्टर पर बनाया दबाव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीड़ित दोनों कांस्टेबल कांस्टेबल रविश कुमार और कृष्ण पाल ने डीआईजी को बताया, हवालात में डालने के कुछ देर बाद थानाध्यक्ष ने दरोगा रविंद्र कुमार व हेड कांस्टेबल रिजवान खां व कांस्टेबल अंकित कश्यप को उन दोनों को चिकित्सीय परीक्षण कराने सीएचसी कुंदरकी भेजा था। रिपोर्ट नार्मल आई तो दरोगा रविंद्र के बताने पर थानाध्यक्ष ने डॉक्टर पर फोन पर दबाव बनाया। डॉक्टर ने गलत रिपोर्ट से इनकार किया तो रेफर कराकर जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने दूसरे दिन बुलाया। लेकिन ब्लड टेस्ट नहीं किया। दरोगा उन दोनों को फिर थाने ले जाकर थानाध्यक्ष के सामने पेश किया और वहां पूछताछ की गई। दोनों कांस्टेबल ने घटना स्वीकार करने से मना कर दिया।

### अब दो मार्च तक बंटेगा निशुल्क खाद्यान्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर फरवरी महीने का निशुल्क खाद्यान्न व बाजरा जो 28 फरवरी तक वितरित होना था। उसे बढ़ाकर दो मार्च तक कर दिया गया है। इसमें अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को योजना के अनुसार खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। इसके लिए समयावधि बढ़ा दी गई है।

जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अन्त्योदय कार्ड धारकों को नौ किलो गेहूं, 21 किलोग्राम चावल और पांच किलोग्राम बाजरा निशुल्क वितरण दो मार्च तक किया जाएगा। जबकि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट के हिसाब से एक किलो गेहूं, तीन किलोग्राम चावल और एक किलोग्राम बाजरा कुल मिलाकर पांच किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता के साथ कोटेदारों को वितरण करने का निर्देश दिया है। ई-पॉश मशीन पर पंचिंग कराने के बाद ही वितरण होगा। दुकानें सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक खुलेंगी।

# शहर में 12 व देहात में साढ़े पांच घंटे बिजली कटौती से परेशान रहे आठ हजार उपभोक्ता

## निर्धारित समय में कार्य नहीं हो पाया पूरा, अधिकारी-कर्मचारियों ने बंद किए फोन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य के चलते घंटों की बिजली कटौती ने छह मोहल्लों के छह हजार से अधिक उपभोक्ताओं को परेशान कर दिया। घरेलू समस्याओं से महिलाओं को परेशानी का सामना पड़ा तो वहीं दुकानों व कार्यालयों के इनवर्टर शाम होने से पहले ही जवाब दे गए। शाम चार बजे बिजली विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारियों को अपने फोन बंद करने पड़े। वहीं देहात क्षेत्र के रामपुर दोराहे पर हाईवे किनारे खड़ा बिजली का खंभा ट्रक की टक्कर से गिर गया। जिससे दलपतपुर विद्युत केंद्र से जुड़े चार उपकेंद्रों के दो हजार उपभोक्ताओं को चार घंटे बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी।

गुरुवार सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक 10 घंटे की बिजली कटौती ने उपभोक्ताओं छक्के छुड़ा दिए। विवेकानंद विद्युत केंद्र पर लगे ट्रांसफार्मर के स्थान पर अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए गए। जिसमें कार्यदायी संस्था 10 घंटे के निर्धारित समय में अपने कार्य को पूरा नहीं कर पाई। रात साढे. आठ बजे तक बिजली कटौती का सिलसिला चलता रहा। इससे प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में अवंतिका, आशियाना फेस वन व टू, मंगल का बाजार, नयागांव, प्रकाश एनक्लेव, इंडस्ट्रियल क्षेत्र गौर गैशियश के छह हजार उपभोक्ताओं को 12 घंटे बिजली कटौती के संकट से जूझना पड़ा। रात साढ़े आठ बजे विवेकानंद विद्युत केंद्र पर लगाए नए उपकरणों का परीक्षण चलने के दौरान उपभोक्ताओं को 8:45 मिनट पर बिजली आपूर्ति मिल पाई। एसडीओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि क्रेन से उपकरणों को लगाने में समय लगा। जिससे निर्धारित समय से दो घंटे अधिक बिजली कटौती करनी पड़ी। वहीं बिजली विभाग के देहात क्षेत्र में रामपुर दोराहे से आगे जीरो प्वाइंट पर हाईवे के किनारे खड़े बिजली के खंभे में रामपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें एकता विहार, अफेंस अपार्टमेंट के रहने वाले सुशील कुमार ने बताया की चार बजे से लेकर रात नौ बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। दलपतपुर विद्युत केंद्र पर तैनात अनुराग कटारिया ने बताया की खंभा टूटने के कारण बिजली आपूर्ति रात साढ़े नौ बजे तक चालू नहीं हो सकी। दलपतपुर विद्युत केंद्र से जुड़े दो हजार लोगों को साढे.पांच घंटे बिजली आपूर्ति के समस्या से जूझना पड़ा।




विवेकानंद विद्युत केंद्र पर नया ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### 12 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा

**कांठ, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं तहसील क्षेत्र के 12 परीक्षा केंद्रों पर हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर कुल 7671 परीक्षार्थियों में से 463 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

तहसील क्षेत्र के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठंगी, पब्लिक इंटर कॉलेज ऊमरी कलां, केसर जहां कयामुद्दीन इंटर कॉलेज, श्रीमती शांति देवी इंटर कॉलेज फत्तेपुर विश्नोई, डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ, कृषक उपकारक इंटर कॉलेज मतलबपर सदरपुर, मुकुंदरम इंटर कॉलेज मौढ़ा तैहिया, पब्लिक इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, कवि इंटर कॉलेज चंगेरी, भारत माता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज काजीखेड़ा में परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। डीएसएम इंटर कॉलेज के उपसंकलन प्रभारी रामसागर ने बताया हाईस्कूल की हिंदी की परीक्षा में 4831 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4486 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। कुल 345 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर की गणित की परीक्षा में 652 पंजीकृत थे, जिनमें से 639 परीक्षार्थी तथा जीव विज्ञान की परीक्षा में 2188 में से 2084 उपस्थित हुए। इंटर में कुल 2840 में से 2722 छात्र उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते भाकियू लोक शक्ति के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## किसानों का 29 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के बैनर तले गुरुवार को किसानों ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 29 सूत्रीय मांग पत्र अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जाने की गारंटी का कानून बनाए जाने, डॉक्टर स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के हिसाब से फसलों की कीमतों का निर्धारण करने, किसानों का कर्ज माफ करने, किसान आंदोलन में मृत किसानों के परिजनों को मुआवजा व परिवार के सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग की। किसानों ने जगह-जगह सड़कों के खस्ताहाल होने और बिजली कटौती सहित अन्य मांगों को पूरी करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद दानिश ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले किसानों के हालात आज खस्ताहाल हैं। किसानों की आवाज को दबाया जा रहा है। किसानों को अपनी बात नहीं कहने दी जा रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीसरी बार गुरुवार को एसएसपी के सामने पेश हुई पीड़िता
- एसएसपी ने सीओ सिविल लाइंस को दिए कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार:** शादी का झांसा देकर किशोरी से आरोपी लगातार दुष्कर्म करता रहा। उसने उसके अश्लील फोटो खींचे और वीडियो भी बना ली। पीड़िता का कहना है कि आरोपी सुरिक्षत वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर उससे लगातार दुष्कर्म करता रहा है। पीड़िता ने तीसरी बार गुरुवार को एसएसपी से मिलकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़िता अमरोहा की रहने वाली है। वह वर्तमान में मझोला थाना क्षेत्र में अशोक सम्राट नगर में रह रही है। इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने सीओ सिविल लाइंस को प्रकरण की जांच कर कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। पीड़िता ने बताया कि वह 13 और 22 फरवरी को भी एसएसपी को प्रार्थना पत्र दे चुकी है। जिस पर पुलिस चौकी बुद्धि विहार पर उसे बुलाया गया था। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि आरोपी उसे प्रार्थना पत्र वापस लेने का दबाव बना रहा है। आए दिन वह पीड़िता को फोन कर धमका रहा है। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि 21 जुलाई 2023 को उसकी आरोपी से मुलाकात हुई थी, उस दौरान उसने उसका मोबाइल नंबर ले लिया था और बातचीत शुरू कर दी थी। आरोपी संभल जिले के थाना असमौली के एचोड़ा कंबोह का रहने वाला है। पीड़िता ने बताया कि उस दौरान वह नाबालिग थी। उसे आरोपी शादी का झांसा देकर मुरादाबाद में अपने दोस्त के यहां ले आया था और वहीं उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसी बीच आरोपी ने पीड़िता के अश्लील वीडियो बनाए और फोटो खींच ली थीं। जिसके आधार पर वह पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा था। कुछ समय बाद जब पीड़िता आरोपी के चंगुल से छूटी तो वह अपने घर लौट गई थी। आरोपी ने फिर उसे ब्लैकमेल कर मुरादाबाद बुला लिया और उसे किराए के भवन में रखा। यहीं उसका दोस्त भी आता है और उससे छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास करता है। उधर, इस मामले में सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है। प्रकरण के संबंध में जानकारी कर कार्रवाई करेंगे।

# हाईस्कूल में विज्ञान की परीक्षा से अनुपस्थित रहे 3209 परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की दोनों पालियों में परीक्षा हुई। पहली पाली में हाईस्कूल में विज्ञान के 3209 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। जबकि दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा में 1172 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 4417 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा देकर बाहर निकले हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की अलग-अलग प्रतिक्रिया रही। किसी को पेपर आसान लगा को किसी को सवाल हल करने में परेशानी हुई।

यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरुवार को 110 केंद्रों पर शांतिपूर्ण हुई। दोनों ही पालियों में परीक्षा नकल विहीन हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट निरंतर भ्रमणशील रहे। सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

पहली पाली में हाईस्कूल की विज्ञान और इंटर की अरबी-फारसी और लेखा शास्त्र की परीक्षा हुई। जबकि दूसरी पाली में हाईस्कूल में कृषि और इंटर में जीव विज्ञान और गणित की परीक्षा हुई। पहली पाली में कुल 40,435 और दूसरी पाली में कुल 23038 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।



मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आती छात्राएं। ● अमृत विचार

**पहली पाली**

| परीक्षा | विषय | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | विज्ञान | 42,676 | 39467 | 3209 |
| इंटरमीडिएट | अरबी, फारसी लेखाशास्त्र | 1001 | 968 | 33 |
| योग | | 43677 | 40435 | 3242 |

**दूसरी पाली**

| परीक्षा | विषय | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | कृषि | 105 | 102 | 03 |
| इंटर | जीव विज्ञान, गणित | 24108 | 22936 | 1172 |
| योग | | 24213 | 23038 | 1175 |

### नकलविहीन परीक्षा को केंद्रों पर सख्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सख्ती देखने को मिल रही है। प्रवेश पत्र देखने के बाद ही परीक्षार्थियों को स्कूल गेट से अंदर जाने दिया जा रहा है। परीक्षार्थियों की अच्छे से चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस भी आसपास के माहौल को शांतिपूर्ण बनाने के लिए मुस्तैद है। केंद्रों के आसपास भी नजर रखी जा रही है। सभी केंद्रों के बाहर पुलिसबल भी तैनात किया गया है।

धर्म | कानून गोयान स्थित सांवलदास गंगा मंदिर में चल रही कथा

# श्रीकृष्ण-सुदामा की कथा सुन श्रद्धालु हुए भावुक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कानून गोयान स्थित सांवलदास गंगा मंदिर में चल रही कथा में गुरुवार को कथा व्यास आचार्य पंडित विनीत कुमार शर्मा ने बताया कि किस तरह भगवान कृष्ण ने पांडवों के साथ मिलकर दुष्ट राजाओं का एक-एक कर कर अंत किया।

कथा व्यास ने बताया कि महाभारत युद्ध में अर्जुन को गीता का उपदेश और अपने विराट रूप के दर्शन कराए। युद्ध में पांडवों के लिए अनेकों प्रकार की योजना बनाकर विजय दिलाई। युद्ध के अंत में अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से पांडवों की कुल की रक्षा की और पांडवों को हस्तिनापुर की राजगद्दी सौंप कर द्वारिका पुरी चले गए। वहां एक दिन उनके परम मित्र सुदामा जी उनके महल के द्वार पर आते हैं। द्वारपाल से कहते हैं कि कृष्ण जाकर कहना कि उनका मित्र सुदामा आया है। द्वारपाल सुदामा की दशा देखकर यकीन नहीं करता चीज है। द्वारका देश के मित्र हैं पर द्वारपाल जाता है और द्वारिकाधीश से जाकर सुदामा की जानकारी देता है। श्रीकृष्णा सुदामा का नाम सुनते ही नंगे पांव द्वार की ओर भागने लगते हैं और सुदामा को अपने गले लगा लेते हैं। व्यवस्था में पंडित दिनेश शर्मा, पंडित सुशील शर्मा, पंडित सुबोध सेमवाल, नवनीत शर्मा, श्याम कृष्ण रस्तोगी, रीना रस्तोगी, सच्चिदानंद भटनागर, खुशबू, सुरेश गुप्ता, सुनीता गुप्ता, सुधांशु कौशिक, नीलम कौशिक, कार्तिका शर्मा, नवनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।



सांवलदास गंगा मंदिर में भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति के पैर कटे

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार शाम मुरादाबाद-चंदौसी रेलवे लाइन स्थित कुंदरकी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर घायल मिले व्यक्ति की सूचना स्टेशन मास्टर को मिली। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि एक व्यक्ति रेलवे लाइन के पास घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके दोनों पैर कटे हुए हैं।

पता चला है कि छोटे लाल सैनी उम्र 45 वर्ष पुत्र शिवलाल निवासी लाइनपार, विकास नगर चौराहा थाना कटघर कुंदरकी रेलवे स्टेशन से बिलारी की तरफ 400 मीटर दूर रेलवे लाइन पर बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। जिसके दोनों पैर ट्रेन की चपेट में आने से कट गए थे। पता चला कि मुरादाबाद-संभल ट्रेन से हादसा हुआ था। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी कुंदरकी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद छोटे लाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# नई प्रजाति के गन्ने की बोआई करें किसान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल के तहत सौदासपुर एवं डिलारी में किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें किसानों को गन्ने की नई प्रजातियों की बोआई के बारे में जागरूक किया गया।

गुरुवार को गोष्ठी में गन्ना सलाहकार बीएल शर्मा ने किसानों को लाल-सड़न रोग (रेड रॉट) से गन्ने को बचाने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गन्ने की प्रजाति 0238 में लाल सड़न रोग (रेड-रॉट) से गन्ना प्रजाति में बदलाव की आवश्यकता है। इसके तहत नई गन्ना प्रजातियां जैसे को 0118, को 15023, को 98014, कोलख 14201 आदि का अपने क्षेत्र में बीज सुरक्षित कराकर उसकी बोआई करें। उपाध्यक्ष ने बताया कि 19 फरवरी तक खरीदे गन्ने का भुगतान खातों में भेजा जा चुका है। गन्ना महाप्रबंधक टीएस यादव ने कहा कि जिन किसानों के पास नई प्रजाति का बीज है। वह इसे अन्य किसानों को भी दें। गन्ना बोआई से पहले गन्ना बीज उपचार के लिए हेक्सा स्टाप एवं भूमि उपचार के लिए ट्राइकोडर्मा का उपयोग करें। नई गन्ना प्रजातियों का बीज वितरण करने वाले किसानों को गेहूं कटाई से पहले एवं बाद में गन्ना बीज वितरण पर चीनी मिल क्रमशः 30 रुपये और 100 रुपये प्रति क्विंटल का अनुदान देगी। गोष्ठी में उपाध्यक्ष वी. वेंकटरथनम, महाप्रबंधक गन्ना टीएस यादव, सहायक महाप्रबंधक सुनील बालियान उपस्थित थे। इस अवसर पर सुमित चौधरी प्रबन्धक (गन्ना), राजवेन्द्र सिंह प्रबंधक (गन्ना) एवं वीरेंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, मुजीब अहमद, मनोज आदि थे।



त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा आयोजित गोष्ठी में विचार रखते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

एक नजर

## आपदा से बचाव के लिए बच्चों को कर रहे प्रशिक्षित

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : किसी भी व्यक्ति पर विपत्ति आते समय नहीं लगता। इसके लिए व्यक्ति को हर विपदा से निपटने को हमेशा तैयार रहना चाहिए। देश में लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने व जागरूक करने के लिए कुछ संगठन अहम भूमिका निभा रहे हैं। सिविल डिफेंस, आपातकालीन प्रबंधन संगठन व भारत स्काउट गाइड प्रमुख हैं। यह संगठन किसी भी आपातकाल से निपटने के लिए लोगों को जागरूक और मदद करने के लिए तैयार करते हैं। बाढ़ के दौरान आपदा प्रबंधन, दुर्घटनाओं व आपदाओं की स्थिति सिविल डिफेंस, स्काउट के बच्चे गर्मियों के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अस्पतालों में लोगों की मदद को तैयार रहते हैं। नागरिक सुरक्षा दिवस को लेकर स्थानीय स्तर पर सराहनीय कार्य कराए जा रहे हैं। इसको लेकर बाढ़ के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर बेहतर काम किए गए। हर साल 4-5 बच्चों को लखनऊ में स्काउट गाइड की ट्रेनिंग के लिए भेजते हैं। स्काउट के बच्चों ने गर्मियों के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अस्पतालों में लोगों की काफी मदद की थी।

# मोरा की मिलक में अवैध निर्माण ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा


अवैध निर्माण ध्वस्त करती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को अवैध भू-विभाजन कर मोरा की मिलक में किए अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। साथ ही बागड़पुर गांव में अवैध निर्माण कर बने ओयो होटल को सील कर दिया। इससे आसपास के लोग भी सहम गए।

प्राधिकरण के सहायक अभियंता केएन जगूड़ी व मेधा यादव के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम अवैध प्लॉटिंग कर निर्माण कराने के मामले में नेचुरल पैथोलॉजी के पीछे एवं मोरा मिलक के उत्तर दिशा में पहुंची। जहां राजू पाल व मोहम्मद फुरकान अली द्वारा लगभग 15 बीघा भूमि में की गई अवैध भू-विभाजन में कराए गए निर्माण को उत्तर प्रदेश नगर नियोजन अधिनियम के अंतर्गत वाद में पारित ध्वस्तीकरण आदेश के क्रम में जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया। इसी क्रम में टीम ने थाना पाकबड़ा के अंतर्गत ग्राम बागड़पुर में टीएमयू हॉस्पिटल के सामने नरेश सक्सेना और हाजी मुकर्रम द्वारा अवैध रूप से संचालित ओयो होटल को भी सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता मुकेश कुमार सक्सेना, आरपी यादव, जीके पांडेय व प्रवर्तन टीम के कर्मचारियों के साथ सिविल लाइंस थाने की पुलिस बल मौजूद रही।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने लोगों से अपील किया कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य न करें। ऐसा मिलने पर प्राधिकरण द्वारा कभी भी ध्वस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार बहुत स्थानों पर अनियोजित रूप से अवैध प्लाटिंग कतिपय व्यक्तियों द्वारा की जा रही है , ऐसे समस्त भूखंड अवैध हैं। ऐसे भूखंडों पर कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा और प्राधिकरण कभी भी ऐसे निर्माणों को चिह्नित कर नियमानुसार ध्वस्त कर सकता है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी निर्माणकर्ता की ही होगी।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से मोरा की मिलक में युवा चौपाल का आयोजन

# राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मोरा की मिलक में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की चौपाल में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी।

**अमृत विचार:** भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर की ओर से गुरुवार को मोरा की मिलक में युवा चौपाल आयोजित की गई। मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे ने व संचालन महामंत्री अभिषेक राठौर ने किया।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से जन-जन लाभान्वित हो रहा है। युवाओं के लिए भी सरकार की नीतियों के फलस्वरूप अनेक नए अवसर बन रहे हैं। राष्ट्र के नवनिर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए हम सभी युवाओं को सोच समझकर एक मजबूत सरकार का चयन करना है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा सशक्त है और मोदी सरकार में स्वयं को अथवा अपने भविष्य को सुरक्षित भी महसूस कर रहा है। बात करें अगर महिला सशक्तिकरण की तो कोई भी क्षेत्र आज ऐसा नहीं है जहां नारी सशक्तिकरण का उदाहरण न हो। हर क्षेत्र में महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं और राष्ट्र निर्माण में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी भूमिका दर्ज करा रही हैं।

चौपाल में भाजयुमो महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे, जिलाध्यक्ष अरुण पंडित, वार्ड 5 के पार्षद एवं महानगर मंत्री अजय तोमर, महानगर महामंत्री अमित सैनी गुड्डू अभिषेक राठौर, महानगर मीडिया प्रभारी अर्चित गुप्ता, अभिषेक ठाकुर, आशुतोष सिंह, युद्धवीर सिंह, सुमित कुमार, उज्जवल सैनी आदि युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता व नवमतदाता उपस्थित रहे।

# बार चुनाव : बचन सिंह और मुजम्मिल बने कनिष्ठ उपाध्यक्ष

### नवाज इंतेजार, पुष्प कुमार यादव और जरीफ अहमद संयुक्त सचिव पद पर जीते, दूसरे दिन चार पदों के लिए हुई मतगणना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


बार चुनाव में मत पत्रों की गिनती करते एल्डर कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विजयी बचन सिंह व अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत।

**अमृत विचार:** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक निर्वाचन की मतगणना दूसरे दिन गुरुवार देर शाम तक चली। चार पदों की मतगणना में कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर काजी सौलत हुसैन को 531, बचन सिंह को 703, महेंद्र सिंह चौहान को 611, मुजम्मिल खान को 653, सचिन शर्मा को 521 और श्रीकांत उपाध्याय को 640 मत मिले। इस प्रकार बचन सिंह और मुजम्मिल खान को कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।

एल्डर कमेटी व चुनाव समिति के सदस्यों की उपस्थिति में दूसरे दिन भी मतगणना चली। पहले दिन अध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि पदों पर मतगणना के बाद पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया था। दूसरे दिन अन्य बाकी पदों के लिए मतगणना सुबह 10 बजे से शुरू हुई जो देर शाम तक चली। संयुक्त सचिव पद पर अरुण शर्मा को 259, आवरण अग्रवाल 383, जरीफ अहमद को 491, जितेंद्र प्रताप सिंह 283, दीपिका वर्मा को 452, दीप्ति खन्ना 437, नवाब इंतेजार को 579, पुनीत चौहान को 353, पुष्प कुमार यादव को 568, भूपेंद्र सिंह को 284, मिंटू सिंह को 221, मुकेश कुमार को 78, मोहम्मद फरीद को 318, राजू गुप्ता को 241, रश्मि ठाकुर को 181 और विश्वास गुम्बर को 322 मत हासिल हुआ। इस प्रकार नवाज इंतेजार, पुष्प कुमार यादव और जरीफ अहमद को संयुक्त सचिव पर विजेता घोषित किया गया। जबकि सदस्य कार्यकारिणी सीनियर ग्रुप में अरविंद कुमार सक्सेना को 674, आकाश को 548, आदेश कुमार जैन को 1137, जयप्रकाश वर्मा को 579, धर्मेंद्र कुमार शर्मा को 629, विजेंद्र सिंह को 843, मुकेश कुमार वर्मा को 411, मोहम्मद इकबाल को 594, राजू राजकुमार गौतम को 676, शरीफ अहमद को 737, श्याम रंजन भारद्वाज को 333, सुरेंद्र कुमार शर्मा को 616, सुरेश चंद्र सागर को 468 और हुसैन हैदर नकवी को 668 मत मिले। इस प्रकार अरविंद कुमार सक्सेना, आदेश कुमार जैन, विजेंद्र सिंह, राजकुमार गौतम, शरीफ अहमद, हुसैन हैदर नकवी को विजयी घोषित किया गया।

वहीं सदस्य कार्यकारिणी जूनियर ग्रुप में कैलाश सिंह को 569, ज्योति दिवाकर को 525, तारा सिंह को 575, दिव्य शरण को 442, नकुल सिंह को 314, नाजिम खान को 550, फिरोज आलम को 528, वीरेश कुमार शर्मा को 480, मयंक शर्मा को 746, मुफाहिद अली को 580, मोहम्मद तालिब को 607, योगेश त्रिपाठी को 443, रवि प्रकाश शर्मा को 407, विनीत कुमार बंसल को 258, शाइस्ता परवीन को 807, सुगंधा सैनी को 619, सुनील कुमार सक्सेना को 522, सोनी शर्मा को 496 वोट मिले। इस प्रकार शाइस्ता परवीन, सुगंधा सैनी, मोहम्मद तालिब, मुफाहिद अली, मयंक शर्मा और तारा सिंह को सदस्य कार्यकारिणी के लिए विजेता घोषित किया गया। जीते पदाधिकारियों को साथी अधिवक्ताओं ने बधाई दी। एल्डर कमेटी के वरिष्ठों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

एल्डर कमेटी और चुनाव समिति के सदस्यों ने सभी का आभार जताया। एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन विजय गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को सभी विजेताओं को दोपहर 1.30 बजे बार एसोसिएशन के भवन में प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इस दौरान एल्डर कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विजय गुप्ता, सुभाष चंद्र गर्ग, सुधीर गुप्ता और जगदीश शरण की देखरेख में पूरी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई।

सहायक चुनाव समिति के सदस्यों संजय सोनी, रमेश सिंह आर्य, विशालकांत, अजयपाल सिंह, संदीप खन्ना, मनोज गुप्ता, विवेक शर्मा, संजय यादव, अनिल कुमार चौहान, प्रमोद प्रत्येकि, कपिल विश्नोई, अरशद परवेज, नरेंद्र सिंह चौहान, अनिल कुमार चौहान, शमशेर सिंह, आशकार हुसैन, सतीश विश्नोई, ओमपाल सिंह आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# सीबीएसई स्कूलों की मनमानी पर शिकंजा कसने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक, मनमानी फीस वृद्धि को लेकर कसेगी नकेल

**अमृत विचार:** नए सत्र में सीबीएसई स्कूलों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके लिए सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि मानक के विपरीत जाकर फीस में वृद्धि न करें अन्यथा फीस समायोजित करनी पड़ेगी। जिलाधिकारी ने एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने के निर्देश भी स्कूल संचालकों को दिए हैं।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में गुरुवार को बैठक हुई। इसमें सीबीएसई और आईसीएसई विद्यालयों के संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसमें डीआईओएस डॉ.अरुण कुमार दुबे ने सभी को बताया कि मुरादाबाद पेरेंट्स आफ ऑल स्कूल के अध्यक्ष अनुज गुप्ता की ओर से स्कूलों की मनमानी की लगातार शिकायतें आ रही है। इसमें समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालयों द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 में विद्यालय द्वारा शुल्क में जो वृद्धि की जाएगी। वह व्यवस्था के विपरीत पाए जाने पर बढ़ाई गई फीस आगामी महीनों के शुल्क में समायोजित की जाएगी। शुल्क वृद्धि के विद्यालय के निर्णय को निष्प्रभावी माना जाएगा। जिन विषयों में एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकें हैं, उन विषयों का शिक्षण कार्य एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों से कराया जाएगा। जिन विषयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें नहीं है। उन विषयों का शिक्षण कार्य निजी प्रकाशकों की पुस्तकों के साथ कराया जा सकता है। विद्यालयों द्वारा तय किए गए दुकानों पर ही उपलब्ध पुस्तकों को विद्यालय में अध्ययन -अध्यापन के लिए नहीं लगाई जाएंगी। अभिभावक को ड्रेस, जूता, मोजा आदि भी किसी दुकान विशेष से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। विद्यालयों के संचालक पाठ्यकम में तब तक कोई परिवर्तन नहीं करेंगे, जब तक संबंधित शिक्षा बोर्ड द्वारा पाठ्यक्रम में परिवर्तन न कर दिया जाए। सत्र 2024-25 में विद्यालय पोशाक में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे। कालेज प्रबंधन शुल्क जमा करने के लिए मासिक, तिमाही शुल्क जमा करने का विकल्प अभिभावकों को देंगे।

# खून की कमी दूर करने के उपाय बताए

कार्यालय संवाददता, मुरादाबाद


नगर संसाधन केंद्र गांधी पार्क पर आयोजित कार्यक्रम में हीमोग्लोबिन की जांच करती टीम।

- नगर संसाधन केंद्र पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार:** नगर संसाधन केंद्र पर गुरुवार को बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से 11 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की बालिकाओं में खून की कमी व एनीमिया जांच के लिए महिला शिक्षकों व बालिकाओं की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सीमा गुप्ता व ममता भारद्वाज ने महिला शिक्षकों व विद्यालय की बालिकाओं में खून की कमी से होने वाले एनीमिया रोग के बारे में जानकारी दी। इससे बचने के तरीके बताए। कार्यशाला में ईजेड मशीन के प्रयोग द्वारा बिना खून निकाले ही कुछ ही क्षणों में हीमोग्लोबिन की जांच भी करके दिखाई गई।

कार्यशाला में महिलाओं और बालिकाओं को पोषण युक्त भोजन करने और आयरन की गोली खाने की सलाह भी दी गई। साथ ही बताया कि 11 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की नगर क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं का रोस्टर बनाकर प्रतिदिन पांच स्कूलों में हीमोग्लोबिन की जांच की कराई जाएगी। कार्यशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर मनोज बोस, राहुल शर्मा के अलावा महिला शिक्षिका, बाल विकास परियोजना विभाग की टीम और स्कूल की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## समिति ने कलेक्ट्रेट पर किया जोरदार प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जमीन बचाओ जीविका बचाओ के नारे के साथ ऑल इंडिया खेत मजदूर संगठन एवं जीविका बचाओ आंदोलन समिति ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के 11 गांवों के ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहण के नोटिफिकेशन को रद्द करने व कपूर कंपनी से हटाई गई सब्जी मंडी को बहाल कराने को लेकर पूर्व से चल रहे धरना स्थल भारी संख्या में ठेला पटरी, फड़ स्वामी व सब्जी विक्रेता एकत्र हुए। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर प्रताप सिंह, संतोष कुमार, शिवलाल, पूनम रानी, नीलम रानी, मोहम्मद गोशी, वीएस वोहरा, सिद्धार्थ, अरशद अली, श्याम सुंदर, मोहम्मद रिजवान, हरकिशोर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सील तोड़ झोलाछाप ने शुरू किया इलाज डिप्टी सीएमओ ने दर्ज कराई एफआईआर

संवाददाता, पाकबड़ा


पाकबड़ा में हॉस्पिटल को सील कराते डिप्टी सीएमओ डॉ .नरेंद्र चौधरी।

कार्रवाई
- डिप्टी सीएमओ ने 24 जनवरी को हॉस्पिटल को किया था सील
- हॉस्पिटल संचालक असलम के के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** डिप्टी सीएमओ द्वारा लगाई गई सील को झोलाछाप ने तोड़कर फिर से इलाज शुरू कर दिया। इसकी सूचना जैसे ही डिप्टी सीएमओ को लगी तो वह अपनी टीम के साथ फिर से अस्पताल पर पहुंचे और अस्पताल को दोबारा सील किया। साथ ही झोलाछाप के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।

डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र चौधरी ने करीब एक महीने पहले डींगरपुर रोड स्थित रतनपुर कला में जीए हैल्थ केयर सेंटर को सील किया था। आईजीआरएस पर आई शिकायत पर डिप्टी सीएमओ ने 24 जनवरी को हॉस्पिटल को सील किया था।

हॉस्पिटल सील होने के कुछ दिन बाद ही हॉस्पिटल संचालक असलम ने सील तोड़कर हॉस्पिटल को दोबारा संचालित कर लिया था। जिसकी स्वास्थय विभाग को ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायतें मिल रही थी। जिसका संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने थाना पुलिस को साथ लेकर जांच की तो शिकायत सही पाई गई। डिप्टी सीएमओ ने हॉस्पिटल को सील कर पाकबड़ा थाने में सरकारी सील तोड़कर अवैध रूप से हॉस्पिटल संचालित करने पर हॉस्पिटल संचालक असलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## 43वें सालाना उर्स में दरगाह पर चादरपोशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नागरिक एकता समिति की ओर से गुरुवार को हिमगिरी कॉलोनी स्थित दरगाह सय्यद नौ गजे पीर रहमतुल्लाह अलैह के 43वें सालाना उर्स के मौके पर चादरपोशी की गई।

समिति के राष्ट्रीय महासचिव फैजान सलमानी के निवास से चादर का जुलूस शुरू होकर दरगाह शरीफ पर पहुंचा। इस दौरान फैजान सलमानी ने कहा दरगाह हमें अमन का पैगाम देती है। हम सभी ने देश की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ की है। चादरपोशी के बाद दाल रोटी का लंगर किया गया।। इस दौरान रियासत हुसैन, चुन्ना भाई, नईम रजा, मो. इमरान, मो. रिहान, अब्दुल रहमान, नाजिम, इदरीश, हैदर अली, रशीद, शाहिद, जाबिद, वामसिम, सुहेल, रियासत मुल्लाजी, मो. नईम, शब्बू, ताहिर कादरी, नसीम अहमद, मो. नावेद, बाबू शाहा आदि मौजूद रहे।

औचक निरीक्षण — जिलाधिकारी ने किया जवाब तलब, कक्षा 6 की छात्रा कक्षा 4 के बच्चों को पढ़ाती मिली

# विद्यालय में एक साथ पांच शिक्षक अनुपस्थित मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


विद्यालय के निरीक्षण में पूछताछ करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- कन्या जूनियर हाईस्कूल कम्पोजिट विद्यालय मझोला व कंपोजिट विद्यालय पीएसी कांशीराम नगर का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने गुरुवार को महानगर क्षेत्र के दो प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय पीएसी कांशीराम नगर में एक साथ पांच शिक्षक अनुपस्थित मिलने पर नाराज जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा। वहीं दूसरे विद्यालय में सफाई में कमी पर नगर आयुक्त को सफाई कराने के लिए निर्देश दिया।

जिलाधिकारी जब नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पीएसी कांशीराम पहुंचे तो कक्षा 4 के छात्रों को कक्षा 6 की छात्रा तान्या पढ़ाती मिली। विद्यालय में 8 शिक्षक में से 5 शिक्षक अनुपस्थित मिले। जबकि 2 शिक्षकों का अन्य विद्यालय में सम्बद्ध होना बताया गया। जबकि संबद्धीकरण का कोई नियम नहीं है। विद्यालय में एक साथ पांच शिक्षकों के अनुपस्थित होने से शिक्षण कार्य प्रभावित होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा। विद्यालय में कायाकल्प परियोजना के अन्तर्गत निर्माण की प्रगति और मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता ठीक मिली। इसी क्रम में कन्या जूनियर हाई स्कूल कम्पोजिट विद्यालय मझोला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 9 शिक्षक उपस्थित मिले और एक कर्मचारी सीसीएल पर बताया गया। विद्यालय में शिक्षण कार्य और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता ठीक मिली।

कायाकल्प का कार्य अच्छा मिला लेकिन, नियमित सफाई कर्मचारी न होने के कारण विद्यालय में रख रखाव व सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही कराने के लिए निर्देश दिया।

## चुनाव से पहले यात्रियों को मिली सुविधा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चुनाव से ठीक पहले रेलवे ने यात्रियों को सुविधा दी है। रेल मुख्यालय ने मंडल की कई ट्रेनों के विभिन्न स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव निर्धारित किए हैं।

अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस का धामपुर और सिद्धबली-कोटद्वार एक्सप्रेस का बसी किरतपुर स्टेशन पर दो मिनट का स्टॉपेज निर्धारित किया है। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह के अनुसार ट्रेन जयनगर-अमृतसर सरयू यमुना एक्सप्रेस (14649-50) व 14673/14674 व शहीद एक्सप्रेस (14649-50) को प्रयोग के आधार पर धामपुर स्टेशन पर ठहराव दिया है।

ट्रेन का दो मिनट का ठहराव रहेगा। इसी तरह कोटद्वार-दिल्ली-जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव होगा।

# परिचय सम्मेलन को पंजीयन 5 तक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अग्रवैश्य प्रगतिशील वैवाहिक जनकल्याण समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** अग्रवैश्य प्रगतिशील वैवाहिक जनकल्याण समिति उप्र की कार्यकारिणी की बैठक चौराहा गली बर्तन बाजार में हुई। इसमें 16-17 मार्च को राही होटल दिल्ली रोड में होने वाले दो दिवसीय अग्रवैश्य युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारियों की चर्चा हुई। इसमें पंजीकरण की तिथि 29 फरवरी से बढ़ाकर पांच मार्च तक कर दी है।

संयोजक विवेक गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रदेश में व प्रदेश के बाहर विभिन्न नगर व कस्बों में लगभग 200 पंजीकरण केंद्र बनाए गए हैं। सचिव राहुल अग्रवाल ने बताया कि समिति ने ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के कारण उन स्थानों से भी पंजीकरण हो रहे हैं जहां ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र नहीं बन पाए। कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न पंजीकरण केन्द्रों से पंजीकरण की अन्तिम तिथि बढ़ाने के लिए आग्रह किया जा रहा है। अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परिचय पत्रिका में अभ्यर्थी विवरण की प्रविष्टि के लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 29 फरवरी से बढ़ाकर पांच मार्च कर दी। पांच मार्च के बाद पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी परिचय पत्रिका में स्थान नहीं बना पाएंगे। बैठक में संजय सिंघल, सीमा अग्रवाल, वन्दना अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, रश्मि गोयल, आदित्य अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### किसी भी घटना की पुलिस को तत्काल दें सूचना

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा एवं शिवरात्रि के दृष्टिगत क्षेत्र के ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने कहा कि कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। सभी को कांवड़ यात्रा एवं शिवरात्रि के सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभानी है। कोई भी घटना होती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान बबलू गौतम, ग्राम प्रधान हरीराज सिंह, ग्राम प्रधान अनिल कुमार, पूर्व प्रधान मोहनलाल, महेश ठाकुर, ग्राम प्रधान इशरत अली, ग्राम प्रधान डा. मिंटू त्यागी, ग्राम प्रधान मन अहमद आदि शामिल रहे।

### बरात चढ़त के दौरान कहासुनी पर मारपीट

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गुरुवार को एक मौहल्ले मे बिजनौर जनपद के थाना शिवाला कलां के गांव ईस्माइलपुर से बरात आई थी। दोपहर में चढ़त के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा की मारपीट हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर आ गई और झगड़ा कर रहे युवकों को पकड़कर चौकी ले गई। उधर कस्बा चौकी इंचार्ज का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बेकाबू टैंकर से कुचलकर राशन डीलर की मौत

## बाईपास मार्ग पर हुआ हादसा, पुलिस ने टैंकर कब्जे में लिया, चालक फरार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बाईपास मार्ग पर बाइक सवार राशन डीलर को बेकाबू दूध के टैंकर ने टक्कर मारकर कुचल दिया। इसमें राशन डीलर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। टैंकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को कोतवाली लाकर खड़ा कर दिया और मृतक के पुत्र की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।





दुर्घटना के बाद मौके पर जमा भीड़ व पुलिस। ● अमृत विचार

तहसील क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर के राशन डीलर आस मोहम्मद पुत्र रशिद गुरुवार को किसी कार्य के चलते गांव से नगर में आए थे। वह बाईपास मार्ग पर जा रहे थे। अमरोहा बस स्टैंड के निकट गजरौला की तरफ से आ रहे बेकाबू दूध के टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें राशन डीलर आस मोहम्मद बाइक से गिर गए। उनका सिर टैंकर के पिछले पहिए के नीचे आकर कुचल गया। राशन डीलर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सीएचसी भेजकर मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने टैंकर एवं बाइक को कब्जे में ले लिया।

मृतक ने की पत्नी मस्करी, बेटी व दो बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक के पुत्र सोहेब की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### मथानी में उतरे करंट से 11वीं की छात्रा की मौत

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** कक्षा 11 की छात्रा की दूध मथते समय करंट लगने से मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव मरौरा निवासी हरिओम की 15 वर्षीया पुत्री विनीता बुधवार की शाम घर पर अकेली थी। वह रोजाना की तरह बिजली से चलने वाली मथानी से दूध मथ रही थी। इस दौरान मथानी में अचानक करंट आ गया। इसकी चपेट में आकर छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन में विनीता को क्षेत्र के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। विनीता तीन बहन-भाइयों में सबसे बड़ी थी। माता सावित्री का रो-रो कर बुरा हाल है। विनीता क्षेत्र के शिव पार्वती आदर्श इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के गुरुवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया।





तीरंदाजी प्रतियोगिता में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

## तीरंदाजी में नवनीत कौशिक और आयशा रहे अव्वल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में फिट इंडिया के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिता में गुरुवार को तीरंदाजी प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र वर्ग में नवनीत कौशिक व छात्रा वर्ग में आयशा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या डा. नम्रता वर्मा ने कहा कि खेल हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं। हमें पढ़ाई के साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए। तीरंदाजी प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में नवनीत कौशिक प्रथम, हर्ष कुमार द्वितीय व राहुल चौधरी तृतीय स्थान पर रहे।

छात्रा वर्ग में आयशा प्रथम, दिपांशी द्वितीय व नगमा तृतीय स्थान पर रहीं। शारिरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के प्रभारी डा.अजय कुमार ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया।

## लखपति दीदियों को दिए प्रशस्ति पत्र

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** शक्ति बंधन कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लखपति दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार समूह समृद्धि की अच्छी सोच रखकर कार्य कर रही है। महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत किया जा रहा है। महिलाओं की समस्याओं का हल तत्काल किया जाता है। सरकार सभी वर्गों का पूरा ख्याल रख रही है और बिना किसी भेदभाव के काम किया जा रहा है।



दीदियों को प्रशस्ति पत्र देते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

▸▸ गुरुवार को विकासखंड कार्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

गुरुवार को विकासखंड कार्यालय प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में पहुंचते ही विधायक एवं ब्लाक प्रमुख को बुके देकर स्वागत किया गया। विधायक ने मां लक्ष्मी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक द्वारा लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जितना महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य किए हैं, उतना किसी भी पार्टी की सरकार में नहीं हुआ है।

महिलाए हर क्षेत्र में काम कर रही है और सरकार पूरा सम्मान देने का काम कर रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भी महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम में विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित काफी संख्या में लखपति दीदियां मौजूद रही।

## हाशमी दवाखाने के संचालक की हार्ट अटैक से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ डा. ताजुद्दीन हाशमी के घर लगा सांत्वना देने वाले लोगों का तांता

**अमृत विचार :** शहर के प्रतिष्ठित हाशमी दवाखाने के संचालक डॉ. ताजुद्दीन की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उन्हें चिकित्सक के पास ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी मौत की खबर मिलते ही उनके घर पर लोगों का तांता लग गया।



हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी के छोटे भाई हकीम डॉ. ताजुद्दीन सरल मिजाज के व्यक्ति थे। हाशमी दवाखाना की देखरेख वही करते थे। परिजनों के मुताबिक डॉ. ताजुद्दीन हाशमी बृहस्पतिवार की सुबह छह बजे घर के पास की मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। घर लौटने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्होंने यह बात परिजनों को बताई। इस दौरान वह बेहोश हो गए। तब परिजन उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें घोषित कर दिया। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। हाशमी दवाखाना का नाम जिले में ही नहीं बल्कि देश भर में पहचाना जाता है। उनके निधन से नगर वासियों में शोक छा गया। शहर के तमाम व्यापारी, मुस्लिम कमेटी के लोग एवं अन्य गणमान्य लोग उनके घर पहुंच गए। गुरुवार की शाम उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

## अभियान चलाकर बंदर व कुत्तों को पकड़वाएं

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने किसानों की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी चंद्रकांता, खंड विकास अधिकारी विकास सक्सेना, एडीओ गजरौला मनोज कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी व ब्लॉक के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वार्ता की। कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी अपने कार्यों में पारदर्शिता लाएं। किसानों को बोरिंग प्रमाण पत्र उसी दिन देने को सहमति बने। स्वयं सहायता समूह में जो महिला मेट गलत रखे गए हैं, उनके स्थान पर पात्र महिलाओं को रखवाया जाए।



एसडीएम चंद्रकांता से वार्ता करते भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह।

▸▸ किसानों ने समस्याओं को लेकर एसडीएम से की मुलाकातब

▸▸ अपने कार्यों में लाएं खंड विकास अधिकारी : दिवाकर

गुरुवार को किसानों ने एसडीएम से मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा गांव में बंदर व कुत्तों को अभियान चला कर पकड़वाया जाए। उप जिलाधिकारी ने किसानों को समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। खसरा-खतौनी में हिस्सा या नाम की गलतियां हैं। उन्हें गांव-गांव जाकर लेखपाल द्वारा सही किया जाएगा।

ब्लॉक में दोबारा कराए गए फर्जी तरीके से तालाब के सौंदर्यीकरण की जांच कराई जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह, जिला संरक्षक धर्मवीर सिंह, राकेश, पूनम चौधरी, रीना रानी, प्रियंका व जॉनी आदि किसान मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## रोटरी क्लब हसनपुर आस्था की हुई बैक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब हसनपुर आस्था की साप्ताहिक बैठक क्लब के सार्जेंट एट आर्म्स रोटेरियन अक्षि अग्रवाल के निवास पर हुई। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम के साथ हुआ। बैठक में क्लब के सदस्यों ने रोटेरियन विशाल अग्रवाल की वैवाहिक वर्षगांठ एवं रोटेरियन राजीव अग्रवाल के जन्मदिन का उत्सव मनाया। उन्हें बुके और उपहार देकर सम्मानित किया।

बैठक में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पुनीत अग्रवाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करें। आज जरूरत है कि नगर में भी डायलिसिस मशीन स्थापित हो। ताकि डायलिसिस करने वाले मरीजों को बाहर जाकर परेशानी का सामना न करना पड़े। राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर सुनील भटनागर, विनय गुप्ता, उमा गुप्ता, सचिव ब्रह्मदत्त त्यागी, राजीव कंसल आदि उपस्थित रहे।

## जुगाड़ वाहन से ढोए जा रहे स्कूली बच्चे

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में स्कूल संचालकों पर शासन की सख्ती नहीं दिख रही है। बच्चों को जुगाड़ वाहन से स्कूल लाया व ले जाया जा रहा है। अप्रशिक्षित लोग इन वाहनों को चला रहे हैं। इससे बच्चों के साथ हमेशा हादसों का अंदेशा बना रहता है। तमाम हादसे हो भी चुके हैं। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन और परिवहन विभाग नहीं चेत रहा है। हालांकि एआरटीओ महेश चंद्र ने ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।



सैदनगली में जुगाड़ वाहन में बैठकर स्कूल जाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए प्रयुक्त होने वाले वाहनों के लिए नियम-कानून हैं। परिवहन विभाग की ओर से इन वाहनों के लिए अनुमति दी जाती है। मगर क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में बच्चों को स्कूल लाने व ले जाने के लिए आटो रिक्शा, टैक्सी और जुगाड़ वाहन का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें सुरक्षा मानक का कोई ध्यान नहीं रखा गया है। अप्रशिक्षित हाथों में वाहनों की स्टेयरिंग थमाई जा रही है। इनसे कई जगह घटनाएं भी हो चुकी हैं। गुरुवार को भी जुगाड़ वाहन, आटो रिक्शा और पिकअप जैसे वाहन बच्चों को बैठाकर सड़कों पर फर्राटा भरते दिखाई दिए। परिवहन विभाग की माने तो बहुत से स्कूली वाहन फिटनेस फेल हैं। डग्गरमार वाहन स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने का काम धड़ल्ले से कर रहे है। कोई रोक-टोक नहीं है। प्रदेश में कई जगह स्कूली वाहन पलटने से बच्चों की मौत भी हो चुकी है। उसके बाद भी जुगाड़ वाहन से बच्चों को लाया और पहुंचाया जाता है। एआरटीओ ने बताया कि जल्द ही जुगाड़ व अवैध रूप से बच्चों को लाने ले जाने में लगे वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति करने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त एवं अन्य आयुक्त की नियुक्ति करने एवं अन्य मांग को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। गुरुवार को विकास खंड परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव के नेतृत्व में सदस्य एकत्र हुए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त एवं 10 सूचना आयुक्त की सेवानिवृत्त होने के कारण सूचना आयुक्तों के न्यायालय रिक्त चल रहे हैं। इसके कारण लोगों की शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही। इसलिए शासन जल्द से जल्द रिक्त सूचना आयुक्तों के पदों पर नियुक्ति किया जाए। उन्होंने मांग की सिविल कोर्ट एवं सुनील कुमार इंटरनेशनल एकेडमी को जाने के लिए बाईपास मार्ग क्रॉस करना पड़ता है। इससे दुर्घटना का भय बना रहता है। वहां बैरियर लगवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में कुलभूषण सक्सेना, हरि प्रकाश राणा, प्रमोद कुमार शर्मा, राजीव सक्सेना, सपना प्रजापति, हरिश्चंद्र, सीमा यादव, टेक सिंह राणा, चमन सिंह, रिंकू, वेद प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।




**विज्ञान दिवस** | अमरोहा के सुबोध नगर स्थित शिव ब्रिलिएंट एकेडमी और सैदनगली के गोया वर्ल्ड स्कूल में हुआ आयोजन

## विज्ञान प्रदर्शनी में चंद्रयान के मॉडल को मिला प्रथम पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विज्ञान दिवस के अवसर पर सुबोध नगर स्थित शिव ब्रिलिएंट एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने वोल्कानो, हाइड्रोइलेक्ट्रिक, डाइजेस्टिव सिस्टम, सोलर लाइनर, आई वर्किंग मॉडल, इलेक्ट्रिसिटी प्रोड्यूस्ड बाय बेस्ट मटेरियल, चंद्रयान, ट्रैफिक सिग्नल्स जैसे मॉडल बनाए।

इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक आरके शर्मा, डीपीएम भानु प्रकाश हिमकर उपस्थित रहे। सभी मॉडल अनुभवी शिक्षकों की देखरेख में बनाए गए। प्रथम पुरस्कार जेनरेटिंग इलेक्ट्रिसिटी फ्रॉम वेस्ट मटेरियल, द्वितीय पुरस्कार वोल्कानो और तृतीय पुरस्कार आई वर्किंग मॉडल ने सीनियर ग्रुप में प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार चंद्रयान-3, द्वितीय सोलर लूनर और तृतीय पुरस्कार हार्ट वर्किंग मॉडल ने प्राप्त किया। विद्यालय के संरक्षक राम अवतार शर्मा और आरके शर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य गिरीश कुमार गोला, प्रबंधिका चित्रा शर्मा ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल के साथ छात्र। ● अमृत विचार



मेडल के साथ विजयी छात्राएं। ● अमृत विचार

### गोया वर्ल्ड स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सैदनगली, अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक से 12 तक के छात्रों ने भाग लेकर विज्ञान के सिद्धांतों से जुड़े माडल तैयार किए। इस दौरान उन्होंने वुडन बोर्ड पर जल संरक्षण, चन्द्रयान 3, जेसीबी, एस्केलेटर, तिलहन का उत्पादन, ड्रोन तथा ब्लड ग्रुप की जांच आदि के माडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य स्वाति गुप्ता ने माडलों के जरिए बच्चों की वैज्ञानिक क्षमता को परखा। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि को बढ़ावा देना है। इससे उनके तथ्यों और अविष्कारों की रचनात्मकता को अच्छी तरह पोषित किया जा सके। प्रबंधक आकाश गर्ग ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी भी मौजूद रहीं। प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कार दिया गया।

## एक नजर

### सपा नेता के घर में घुसकर की मारपीट

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते पड़ोसियों ने सपा नेता के घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें सपा नेता की पुत्रवधू घायल हो गई। मामले में तहरीर दी गई। थाना क्षेत्र के गांव ब्यौरा निवासी सपा नेता कल्याण सिंह और पड़ोसी जुगेंद्र के बीच रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि जुगेंद्र और उसके पुत्रों ने रंजिश के चलते सपा नेता कल्याण सिंह के घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें सपा नेता की पुत्रवधू नीरज कुमारी घायल हो गई।

### महाशिवरात्रि पर व्यवस्थाएं कराने की उठाई मांग

संभल, अमृत विचार : श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर समिति फत्तेहपुर भाऊ की ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर व्यवस्थाएं कराने की मांग उठाई गई। कहा कि गांव बड़ा ताजुद्दीन से मंदिर जाने वाले मोड़ को चौड़ा किया जाए। इसके अलावा गांव सिंहपुरसानी से मंदिर तक की सड़क के गड्ढे भरवाने, पुलिस प्रशासन की उचित व्यवस्था कराने, सात और आठ मार्च को बिजली आपूर्ति उचित रहने की मांग उठाई। इस दौरान उमेश सिंह, चौधरी अर्जुन सिंह, सत्यवीर सिंह आदि रहे।

# 14 मार्च को होगा बड़ा आंदोलन : टिकैत

## एमएसपी पर कानून बनने के बाद ही आंदोलन स्थगित होगा, किसान नहीं, सरकार अराजक

संवाददाता, बहजोई/संभल



बहजोई में पत्रकारों से वार्ता करते राकेश टिकैत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार से किसानों हित की लड़ाई लड़ी जा रही है। एमएसपी पर कानून बनने के बाद ही किसानों का आंदोलन स्थगित होगा। 14 मार्च को बड़ा आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में होगा।

बहजोई बबराला मार्ग स्थित एक होटल में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जब तक एमएससी पर सरकार कानून नहीं बना देती है और संयुक्त किसान मोर्चा की मांगों को नहीं मान लेती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों पर अराजक होने का आरोप लगाती है। जबकि सरकार सबसे बड़ी अराजक है। किसानों को बदनाम करने का काम कर कहा जाता है कि किसान चुनाव आते ही अपना आंदोलन शुरू कर देते हैं। किसान 3 साल से एमएसपी पर कानून बनाने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र की नीतियां एक ही है। देश में इस समय दो तरह के हिंदू हैं एक भारतीय दूसरे नौरंगिया। इस दौरान प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह उदयवीर सिंह, केपी राणा, जबर सिंह, राजवीर सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### टिकैत बोले किसानों को जमीन का मुआवजा दे सरकार

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बहजोई भागनगर में शादी समारोह में जाते समय संभल पहुंचे तो चौधरी सराय चौराहा पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाकियू तहसील अध्यक्ष चौधरी महीदेव सिंह के नेतृत्व में मंडल सचिव रामवीर सिंह त्यागी, जिला महासचिव चौधरी वीरेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने किसान नेता का स्वागत किया। संभल में बन रहे गंगा एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ औद्योगिक गलियारे के लिए ली गई जमीन का मुआवजा न मिलने का संज्ञान लेने की बात कही।

## जीएसटी की टीम ने लकड़ी की फर्म पर घंटों की जांच पड़ताल

**संभल, अमृत विचार :** संभल कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को जीएसटी के अधिकारियों की टीम ने एक लकड़ी की फर्म पर छापेमारी की। टीम में शामिल अधिकारियों ने फर्म पर घंटों तक जांच पड़ताल की। दस्तावेज खंगालते हुए जानकारी हासिल की।

मुरादाबाद और संभल के अधिकारियों की टीम गुरुवार को दोपहर में रोडवेज बस अड्डा के पास लकड़ी की फर्म पर पहुंचे। एक साथ कई गाड़ियां आकर फर्म पर रुकी तो चर्चा का माहौल बन गया। अधिकारियों ने फर्म में जाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। फर्म पर अधिकारियों ने कई दस्तावेज भी हासिल की। दस्तावेजों के बारे में जानकारी लेकर गहनता से जांच पड़ताल की। घंटों तक अधिकारी फर्म पर जानकारी लेते रहे। हालांकि यह साफ नहीं हो सका कि फर्म पर अधिकारियों को कोई गड़बड़ी मिली या नही। फर्म पर छापेमारी को लेकर चर्चा होती रही।

## सार संक्षेप



केंद्र पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

### हाईस्कूल के 1756 , इंटर के 748 विद्यार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

बहजोई ( संभल), अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा में 1756 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की गणित जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में 748 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। प्रथम पाली में हाई स्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा में 27748 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 25992 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1756 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। इंटरमीडिएट की लेखाशास्त्र परीक्षा में 303 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 296 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 7 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की गणित जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में 14221 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 13473 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 748 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। हाई स्कूल की कृषि विषय की परीक्षा में 98 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 90 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 90 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। डीआईओएस वेदराम ने बताया कि सभी केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा कराई गई है।

### किसानों के सब्र का इम्तिहान न ले सरकार

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 38वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर और भटोला के बीच अंडरपास बनवाने की मांग उठाई। धरने को संबोधित करते हुए भाकियू असली के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि सरकार किसानों के सब्र का इम्तिहान न ले। अगर किसानों का धैर्य जवाब दे गया तो गंगा एक्सप्रेस वे बनाने वाली यूपीडा को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इस दौरान दिनेश सिरोही, गनपत, रामकिशन, ठाकुर सिंह, सत्यवान शर्मा, दोजी सिंह, राहिद आदि रहे।

### दलित छात्र के परिवार को नौकरी व 10 लाख मुआवजा मिले

संभल, अमृत विचार : दलित मुस्लिम एकता मंच की बैठक चौधरी सराय स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भीकम सिंह भारती ने कहा कि जनपद रामपुर के सिलई बड़ा में डॉ .भीमराव आंबेडकर के बोर्ड को लेकर विवाद प्रशासन के संज्ञान में था लेकिन समाधान कराने में विफल रहा। कहा गया कि इसी वजह से 10वीं के छात्र की मौत हुई है। कहा कि दलित के हत्यारे दरोगा व अधिकारियों पर हत्या के जुर्म में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मृतक दलित छात्र के परिवार को एक सरकारी नौकरी व दस लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। ऐसा न होने पर मंच धरना प्रदर्शन करेगा। दो मार्च को सिलई बड़ा में पीड़ित परिवार से मिलेंगे इस दौरान फूलजहां, हेमलता वर्मा, रेखा गौतम, समरीन, हरपाल सिंह सागर, वसीम अंसारी, मनोज कुमार, मोहम्मद फैज, रामजीमल आजाद आदि रहे। अध्यक्षता हरपाल सिंह सागर ने तथा संचालन मोहसिन खां ने किया।

### 68 माल वाहनों पर लाखों का टैक्स बकाया, आरसी जारी

संभल, अमृत विचार : परिवहन विभाग में पंजीकृत व्यावसायिक माल वाहनों का टैक्स जमा नहीं करने को लेकर कार्रवाई शुरू हुई है। एआरटीओ प्रशासन डॉ .प्रवेश कुमार सरोज ने बताया कि 68 वाहनों पर 24 लाख 63 हजार 771 रुपये का टैक्स बकाया है। पूर्व में पत्राचार करके वाहन स्वामियों से टैक्स जमा करने के लिए कहा गया लेकिन गंभीर नहीं दिखाई। एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि वाहनों पर टैक्स को लेकर आरसी जारी की गई है। संबंधित वाहनों से टैक्स की वसूली भू राजस्व की भांति की जाएगी।



दिल्ली से अयोध्या जा रहे श्री राम भक्तों की टोली। ● अमृत विचार

### दिल्ली से पदयात्रा कर श्री राम दर्शन को निकले श्रद्धालु

बबराला, अमृत विचार : अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के अलग–अलग कोनों से लोग जा रहे हैं मगर कुछ राम भक्त ऐसे हैं जो कठिन चुनौती को पार करके राम मंदिर पहुंच रहे हैं। दिल्ली से 700 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए अयोध्या के लिए निकला 110 महिलाओं और पुरूषों का जत्था बुधवार को देर रात नगर में पहुंचा तो लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। 25 फरवरी को दिल्ली के मरघट वाले बाबा हनुमान मंदिर यमुना बाजार से चली 110 महिलाओं और पुरूषों की टोली बुधवार देर रात नगर में पहुंची। बताया गया कि दिल्ली के 110 महिलाओं और पुरूषों की टोली अयोध्या जा रही है। जहां वह भगवान श्रीराम के दर्शन करेंगे। टोली के प्रमुख शिवप्रसाद जायसवाल ने बताया कि दिल्ली से पदयात्रा करते हुए 21 दिन में अयोध्या तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया है। राम भक्तों की टोली अग्रवाल धर्मशाला में रात्रि विश्राम के लिए रुकी और गुरुवार को तड़के अयोध्या के निकली। इस दौरान पदयात्रा आयोजक जय श्रीराम जनमानस कल्याण समिति दिल्ली के रामकृपाल शर्मा, लेखराज शर्मा आदि रहे।

### अखंड रामायण पाठ के समापन पर भंडारा

सौंधन, अमृत विचार : विकास खंड पंवासा क्षेत्र के गांव सिहावली में स्थित थानानंद गोपाल धाम आश्रम पर अखंड रामायण पाठ के समापन मौके पर भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को 35 दिवसीय अखंड रामायण पाठ के समापन पर आश्रम पर स्वामी देवानंद महाराज की मूर्ति स्थापना की गई। हवन में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें दूरदराज से भी आए पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। आसपास से भी तमाम श्रद्धालु भंडारे में पहुंचे। इस दौरान श्यामानंद महाराज, सेवानंद, शतानंद, विष्णु नंद, ध्यानंद, बालक नाथ महाराज आदि संत मौजूद रहे।

### नाला खुदाई के कारण मार्ग पर लगा जाम, फंसी एंबुलेंस

असमोली, अमृत विचार : सैदनगली–मनोटा मार्ग पर गांव दबोई खुर्द में पीडब्ल्यूडी द्वारा नाला बनाने के लिए खुदाई की जा रही है। नाला खुदाई की मिट्टी आधी सड़क पर आ गई है। जिससे यातायात बाधित हो रहा है। गुरुवार को भी जाम लगने के दौरान एक एंबुलेंस पहुंची तो काफी देर तक खड़ी रही। लोगों ने किसी तरह एंबुलेंस को जाम से निकलवाया।

### पोक्सो एक्ट आरोपी सहित दो गिरफ्तार ,शराब बरामद

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सिहावली निवासी रामवीर पोक्सो एक्ट में न्यायालय की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद गुरुवार को पुलिस रामवीर के घर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव कैलमुडी निवासी राजेंद्र गुरुवार को शराब बेचने के लिए गांव गंगहैटा जाने वाले मार्ग पर खड़ा होकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 18 पव्वे बरामद कर राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : नेहरू चौराहे के पास बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो मौसेरे भाई घायल हो गए। अलीगढ़ जनपद के थाना पाली मुकीमपुर के गांव खड़ऊआ निवासी बाबी ( 28 वर्ष ) कस्बे के मुहल्ला मुंडा निवासी मौसेरे भाई लकी ( 16 वर्ष ) के साथ बाइक से शादी में शामिल होने बबराला जा रहा था। नेहरू चौराहे के निकट सामने से बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार बाबी और लकी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# परीक्षा के दौरान कक्ष में बेहोश होकर गिर गई 10वीं की छात्रा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



रजपुरा सीएचसी में भर्ती छात्रा।

▸▸ केंद्र प्रबंधन ने छात्रा को सीएचसी में कराया भर्ती

**अमृत विचार :** रजपुरा में स्थित सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में पहली पाली में परीक्षा देते वक्त हाईस्कूल की छात्रा बेहोश होकर गिर गई। जिससे कक्ष निरीक्षकों और परीक्षार्थियों के होश उड़ गए। केंद्र प्रबंधन ने बेहोश छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के कस्बा रजपुरा में स्थित सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में गुरुवार को पहली पाली में हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा चल रही थी। कक्ष संख्या 18 में सीट नंबर चार पर बैठी गांव सेमरी निवासी पलक राघव पुत्री सचिदानंद सिंह राघव परीक्षा देते समय अचानक बेहोश होकर गिर गई। यह देखकर कक्ष निरीक्षकों के होश उड़ गए। आनन फानन में केंद्र प्रबंधन को सूचना दी गई। केंद्र प्रबंधन ने निजी वाहन से बेहोश पलक राघव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनमोहन शर्मा ने बताया कि छात्रा कमजोरी की वजह से अचानक गिर गई थी। छात्रा को ड्रिप लगाई गई है।

## नहीं चुकाया बिजली का बकाया तो कटेगी लाइन

**संभल, अमृत विचार :** संभल शहरी क्षेत्र में पांच किलोवाट और उससे अधिक के कनेक्शन वाले उपभोक्ता विद्युत विभाग के रडार पर आ गए हैं। अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीमें कनेक्शनधारकों से संपर्क कर बिल जमा करा रही हैं।

मुख्य अभियंता आरके बंसल ने पिछले दिनों चंदौसी में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें पांच किलोवाट और उससे अधिक क्षमता के कनेक्शनों को लेकर बिजली बिल वसूलने के निर्देश दिए। एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह और एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि क्षेत्र में करीब 900 कनेक्शन पांच किलोवाट और 550 कनेक्शन पांच किलोवाट से अधिक के हैं। इनपर करीब 50 लाख रुपये का बकाया है। दो दिन में ही बिजली बिल जमा करना है। अगर बिल जमा नहीं किया गया तो कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

# जौहर महोत्सव में कुश्ती के रोमांचक मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, संभल



जौहर महोत्सव के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

▸▸ कुरीतियां मिटाने, आतंकवाद और अलगाववाद मुक्त भारत का संकल्प

**अमृत विचार :** अलीजान जमीयत मुस्लिमीन एजूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित मदरसा मौलाना मौहम्मद अली जौहर में मौलाना मौहम्मद अली जौहर के 145 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 16 वें जौहर महोत्सव का आयोजन किया गया। नशामुक्त भारत, दहेज़ एक अभिशाप, बेटियां भी बेटों से कम नहीं के नारों के साथ ही आतंकवाद व अलगाववाद मुक्त भारत के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

संभल के मऊ भूड में जौहर महोत्सव कार्यक्रम में मदरसा प्रबंधक मौहम्मद फ़िरोज़ खान हिन्दुस्तानी ने कहा कि अनाथ व बेसहारा बच्चों की तालीम के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने कहा कि दहेज सभ्य समाज के माथे पर लगा बदनुमा दाग है। नईम प्रधान मदाला फत्तेपुर ने युवाओं से आपस में मिलजुल कर रहने का आह्वान किया। सुखवीर राष्ट्रवादी,ग़ौरव यादव, आर्य भोले सिंह त्यागी,डा. आनंद राघव, बबलू पहलवान, जाबुल पहलवान आदि मौजूद रहे। संचालन एडवोकेट फैसल खान किया। कुश्ती के रोमांचक महामुकाबले में प्रथम मुकाबला डम्पू पहलवान राजस्थान केसरी व दानिश पहलवान उत्तर प्रदेश केसरी के मध्य हुआ जो कि बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरा मुकाबला आसिफ गाजी पहलवान अलीगढ़ केसरी व रोहित पहलवान मुज़फ्फरनगर के मध्य हुआ। जिसमें आसिफ गाज़ी ने रोहित पहलवान को चित्त कर मुकाबला जीत लिया।

# नाले में गिरा छुट्टा पशु, दो घंटे बाद रेस्क्यू

कार्यालय संवाददाता, संभल



पशु को निकालने का प्रयास करते लोग व मौके पर मौजूद एसडीएम विनय मिश्रा।

**हादसा**

▸▸ नगर पालिका के कर्मचारियों को दी गई गोवंश के गिरने की सूचना पर नहीं दिखी गंभीरता

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल-बहजोई मार्ग के किनारे बने नाले में छुट्टा गोवंश गिर गया। लोगों ने नगर पालिका के कर्मचारियों को सूचना दी लेकिन गंभीरता नहीं दिखाई। जैसे ही एसडीएम को सूचना मिली तो मौके पर पहुंच गए। दो घंटे बाद रेस्क्यू कर जेसीबी से छुट्टा गोवंश पशु को नाले से बाहर निकाला जा सका।

संभल-बहजोई मार्ग पर गुरुवार को वाहनों का आवागमन जारी था। सुबह करीब 11.30 बजे छुट्टा गोवंश पशु हरचरन दास रामचरन दास पेट्रोल पंप के आगे नाले में गिर गया। काफी देर तक छुट्टा गोवंश नाले में ही रहा। जब लोगों की नजर पड़ी तो नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार कर्मचारियों को सूचना दी गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। समय बीता तो दोपहर में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को छुट्टा गोवंश के नाले में गिरने की सूचना दी गई। एसडीएम ने तुरंत पालिका के जिम्मेदारों से संपर्क किया और खुद भी मौके पर पहुंच गए। रस्सी बांधकर जेसीबी के जरिये छुट्टा पशु को बाहर निकाला गया। प्रदेश सरकार छुट्टा पशु को लेकर गंभीर है लेकिन पालिका के कर्मचारियों की लापरवाही की चर्चा रही।

## गोशाला में कुत्तों ने हमला कर गोवंश की ली जान

**संभल, अमृत विचार :** संभल ब्लाक क्षेत्र में शरीफपुर स्थित अस्थाई गोशाला में मुख्य दरवाजे के पास बंधे गोवंशीय पशु पर हमला कर कुत्तों ने मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद कुत्ते सुबह तक गोवंश को नोचते रहे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो आनन फानन में ग्राम प्रधान ने बिना पोस्टमार्टम कराए गड्ढा खोदकर गोवंश को जमीन में दफना दिया।

ब्लाक क्षेत्र के गांव शरीफपुर में स्थित अस्थाई गोशाला में बुधवार की रात मैदान में आधा दर्जन से अधिक गोवंशीय पशु बंधे हुए थे। देर रात मुख्य गेट खुला होने की वजह से कुत्ते देर रात किसी समय गौ गोशाला में घुस गए। कुत्तों ने गेट के पास बंधे गोवंशीय पशु पर हमला कर दिया। पशु के हुंकारने पर सो रहे केयर टेकर ने कुत्तों से गोवंशीय पशु को छुड़ाने की हिम्मत नहीं दिखाई। इस हालात में कुत्तों ने गोवंशीय पशु की जान ले ली ।

# विनय मिश्रा एसडीएम संभल अतिक्रमणकारियों में बेचैनी

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ पूर्व में यहां रहने के दौरान सख्ती के साथ अतिक्रमण हटवाया था

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष बसंल ने डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा को एसडीएम संभल नियुक्त किया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जबकि यहां एसडीएम रहे सुनील कुमार त्रिवेदी का सिटी मजिस्ट्रेट हरदोई के पद पर तबादला हुआ है। उन्होंने रिलीव होने के बाद हरदोई में ज्वाइन कर लिया है।

संभल में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की तैनाती होने से अतिक्रमणकारियों में बेचैनी है। क्योंकि पूर्व में यहां रहने के दौरान उन्होंने सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। जिस कारण सत्ता और विपक्ष के लोग भी खासे परेशान रहे थे। अब उनकी संभल में फिर तैनाती पर चर्चा हो रही है क्योंकि मुख्य मार्गों से लेकर बाजारों के रास्तों पर अतिक्रमण है और अकसर जाम भी लगता है।

### आनंद कुमार ने संभाला ईओ संभल का कार्यभार

संभल, अमृत विचार : डिप्टी कलेक्टर आनंद कुमार कटारिया को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संभल का कार्यभार सौंपा गया है। गुरुवार को उन्होंने पालिका कार्यालय पहुंचकर ज्वाईन कर लिया। यहां तैनात रहे अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह का तबादला वाराणसी के लिए हुआ है। वह रिलीव होकर चले गए तो जिला प्रशासन ने डिप्टी कलेक्टर को अधिशासी अधिकारी का कार्यभार सौंपा है।



विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में महिलाओं को फल देते अतिथि।

# सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए विभागों ने स्टाल लगाए। योजनाओं के लाभार्थियों ने अनुभवों को साझा करते हुए सरकार की योजनाओं की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने पीएम स्वनिधि, स्वरोजगार योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। नगर पंचायत चेयरमैन खुशबू प्रजापति ने भी सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। भाजपा के जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, चेयरमैन प्रतिनिधि बृजेंद्र प्रजापति ने भी विचार रखे।

इस दौरान डॉ. दिनेश पासी, इंद्रवीर सिंह, डॉ. एचए रहमान, डॉ. मनदीप चहल, डूडा के सुनील कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जूलियस सीजर ने की।

## ई रिक्शा चुराकर भागा युवक पकड़ा गया

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में शादी समारोह में आया युवक ई रिक्शा चोरी कर भाग गया। ग्रामीणों ने दौड़ाकर युवक को धनारी थाना क्षेत्र में पकड़ लिया। युवक की पिटाई भी की और वापस ले गए। जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया वायरल भी किया।

थाना क्षेत्र के गांव बरौरा निवासी कुंवरपाल की बेटी की बरात धनारी थाना क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद से आई थी। जिसमें शामिल होने गांव बेरनी रतनपुर निवासी तीन युवक बाइक से पहुंचे। आरोप है कि एक युवक ने देर रात सोमवीर के नलकूप के पास चार्ज हो रहा ई रिक्शा चोरी कर लिया। ई रिक्शा चोरी होते देख एक ग्रामीण ने शोर मचा दिया। जिसके बाद ग्रामीण ई रिक्शा लेकर भाग से युवक के पीछे दौड़ने लगे। ग्रामीणों ने धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी के पास ई रिक्शा को कब्जे में लेकर युवक को पकड़ लिया जबकि उसके दो साथी बाइक से भाग निकले।

**निरीक्षण** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संभल के मतदान केंद्रों पर पहुंचे

# डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों पर देखे इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, संभल



मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बल और पुलिस के ठहरने की व्यवस्था देखी। क्रिटिकल मतदान बूथों पर भी व्यवस्थाओं का आकलन किया।

जनपद में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। मतदान केंद्रों के इंतजाम दुरुस्त करने की कवायद चल रही है। जिसके तहत गुरुवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने हयातनगर और नखासा थाना क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। आला अधिकारियों ने बीडी इंटर कॉलेज सरायतरीन, उम्मेद राय इंटर कॉलेज, आजाद गर्ल्स इंटर कालेज, अंजुमन मदरसा आदि में व्यवस्थाओं को देखा।

यहां केंद्रीय सुरक्षा बल और पुलिस के ठहरने से लेकर सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। आला अधिकारियों ने क्रिटिकल मतदान बूथों पर भी व्यवस्थाओं को चेक किया। कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त संपन्न कराना है। जिसके लिए समय से ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। अधिकारी मतदान केंद्रों पर मानक के अनुसार व्यवस्थाएं पूर्ण कराने का काम करें। इस दौरान एएसपी श्रीश चंद्र, एसडीएम विनय कुमार मिश्रा और संबंधित थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### आज होगा सांसद डा. बर्क का तीजा

**संभल, अमृत विचार :** सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद गुरुवार को तमाम लोग परिवार को सांत्वना देने के लिए पहुंचे। पूर्व सांसद डीपी यादव भी दीपा सराय में सांसद बर्क के घर पर पहुंचे। डीपी यादव ने डा. बर्क को श्रद्धांजलि देकर उनके पुत्र ममलूकुर्रहमान बर्क व पौत्र विधायक जियाउर्रहमान बर्क को ढांढस बंधाया। विधायक जियाउर्रहमान बर्क ने बताया कि उनके दादा सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का तीजा आज होगा। अतीक पैलेस व सगीर पैलेस में कार्यक्रम रखा गया है। तीजे की फातिहा फजर की नमाज के बाद होगी। महिलाओं के लिए हसन मैरिज हॉल में व्यवस्था की गई है।

### कछला पुल के नीचे युवक का शव मिला

**कछला, ( बदायूं ) अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र में कछला स्थित भागीरथी घाट के पुल के नीचे एक युवक का शव मिला। जिसकी उम्र लगभग 45 साल है। जो सफेद रंग का कुर्ता, नीने रंग की हाफ जैकेट, हल्के नीले रंग का तहमद आदि पहने है। उसके सिर पर चोट के निशान हैं।

# हेराफेरी करके बेच दी नौ बीघा जमीन

## 52 लाख की भूमि को मात्र 12 लाख रुपये में बेचा, रिपोर्ट दर्ज कराने को भटक रहे पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग के दो भाइयों के फर्जी आधार कार्ड बनाकर साढ़े चार व साढ़े चार बीघा कृषि भूमि बेच दी गई है। अब पीड़ित पक्ष रिपोर्ट दर्ज कराने को भटक रहा है। आरोपियों ने 26-26 लाख की भूमि को मात्र छह-छह लाख रुपये में बेचा है। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

जनपद में फर्जी आधार कार्ड बनाकर किसानों की जमीन बेचने का रैकेट तेजी से कार्य कर रहा है। पहले बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर जगरुप के महेंद्र पाल सिंह की चार बीघा भूमि को उन्हीं के फर्जी आधार कार्ड व कागजों में हेरी-फेरी करके बेच दिया गया था। जबकि दूसरा मामला उसी थाने के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग का सामने आया है। गांव के सतीश कुमार व योगेंद्र सिंह पुत्र हरपाल सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है।

उनका कहना है कि दोनों भाइयों के नाम साढ़े चार-साढ़े चार बीघा भूमि गांव कासमपुर जगरुप के रकवे में है। जिसकी कीमत छह लाख रुपये प्रति बीघा है। कुछ लोगों ने फर्जी आधार कार्ड व कागजों में हेराफेरी करके उक्त साढ़े चार- साढ़े चार बीघा भूमि को मात्र छह-छह लाख रुपये में बेच दिया। दोनों मामले में भूमि बेचने व गवाह एक ही है। जिसमें एक भूमि का बैनामा दस नवंबर 2023 व दूसरी भूमि का बैनामा 20 नवंबर 2023 को किया गया।

बताया जाता है कि आरोपियों ने करीब आधा दर्जन लोगों की कृषि भूमि को फर्जी आधार कार्ड के सहारे काफी सस्ते दामों में बेच दिया है। जानकारी होने पर किसानों ने तहसील स्थित उपनिबंधक कार्यालय से उक्त फर्जी बैनामा की छायाप्रति निकलवाई है।

अब पीड़ित पक्ष अपनी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। जबकि आरोपियों पर फिलहाल कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। भूमि खरीदार जनपद में पंचायत विभाग का अधिकारी बताया जा रहा है।

### पंचायत विभाग के अधिकारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने को एसपी को दी तहरीर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** फर्जी बैनामा कराने के आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर अब पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर जगरुप निवासी महेंद्र पाल सिंह ने तहरीर में कहा कि दो दिसंबर 2023 को कुछ लोगों ने उनका फर्जी आधार कार्ड व कागजों में हेराफेरी करके चार बीघा भूमि बेच दी। घटना की जानकारी होने पर तहसील स्थित उपनिबंधक कार्यालय से संपर्क किया तो बात सही निकली। इसके बाद फर्जी बैनामे की छायाप्रति निकलवाई। जिसमें भूमि खरीदने वाला व्यक्ति जनपद के एक पंचायत विभाग में एक अधिकारी व दूसरा संविदा कर्मी है। पीड़ित ने एसपी से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

**धोखाधड़ी**

- बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग का मामला
- दो भाइयों के फर्जी आधार कार्ड बनाकर बेची कृषि भूमि

> इस मामले में जानकारी मिली है, लेकिन मामला राजस्व से जुड़ा होने पर पीड़ितों को प्रशासनिक अधिकारियों के पास भेज दिया है।
>
> -अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक

### दो गैंगस्टरों को दो-दो वर्ष का कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपियों को दो-दो वर्ष के कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। गैंगस्टर एक्ट में एक आरोपी के खिलाफ थाना कुढ़फतेहगढ़ और दूसरे के खिलाफ थाना बहजोई में रिपोर्ट दर्ज है।

थाना कुढ़फतेहगढ़ में पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कामेश्वर पुत्र मोहन सिंह निवासी गांव बलकरनपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद संभल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। दूसरी रिपोर्ट थाना बहजोई में नेमपाल उर्फ जनका पुत्र धर्मपाल निवासी अतरासी थाना बहजोई के खिलाफ दर्ज है। दोनों मुकदमें न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन थे। अभियोजन पक्ष से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी धनंजय पाण्डेय ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। गुरुवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी कामेश्वर व नेमपाल उर्फ जनका को दो-दो वर्ष के कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

## सार संक्षेप



गोया वर्ल्ड स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते आकाश गर्ग।

### प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए चंद्रयान 3 समेत कई मॉडल

**संभल, अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर जट में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। उद्घाटन प्रबंधक आकाश गर्ग ने किया। जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों ने विज्ञान के सिद्धांतों से जुड़े मॉडल तैयार किए। जिसमें जल सरंक्षण, चंद्रयान 3, जेसीबी मशीन, एस्कैलेटर, तिलहन का उत्पादन, ड्रोन तथा ब्लड ग्रुप की जांच आदि के मॉडल रहे। प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने मॉडलों के जरिये बच्चों की वैज्ञानिक क्षमता को देखा। अभिभावकों से कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि को बढ़ावा देना है। जिससे उनके तथ्यों और आविष्कारों की रचनात्मकता को अच्छी तरह से पोषित किया जा सके। प्रबंधक आकाश गर्ग ने बच्चों के कार्य की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों के साथ ही अन्य को प्रशस्ति पत्र वितरित किए।



मंदिर के स्थापना दिवस पर पूजा अर्चना करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### मंडी समिति मंदिर का स्थापना दिवस मनाया, हुआ भंडारा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुराना बाईपास पर मंडी समिति स्थित शिव मंदिर का स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को फूलों से सजाया गया। साथ ही आढ़तियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और आरती के बाद भंडारे किया। जिसमें सभी किसान, व्यापारी एवं पल्लेदार समेत अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कच्चा आढ़ती संघ अध्यक्ष राकेश बिंदल, संरक्षक विपिन कुमार, ऋषभ कुमार, नेत्रपाल, वैभव किशोर, जयवीर सिंह, सरदार महेंद्र पाल, सुंदर लाल, आकाश, मोहित शर्मा, गोविंद गर्ग, कुमरपाल, विवेक ठाकुर, शिवओम, भूपेन्द्र गुप्ता का सहयोग रहा।



आपदा से बचाव का तरीका बताते एनडीआरएफ के जवान। ● अमृत विचार

### एनडीआरएफ टीम ने बताया आपदा से निपटने का तरीका

**बहजोई, अमृत विचार :** आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भूकंप, बाढ़ व आग लगने जैसी आपदाओं से कैसे निपटा जाए इसके बारे में बताने के साथ ही एनडीआरएफ के जवानों ने बचाव का प्रदर्शन भी करके दिखाया गया। एनडीआरएफ की टीम ने बहजोई के एक रिसोर्ट में आग लगने, भूकंप व बाढ़ जैसी मुसीबत से बचने के लिए मॉक ड्रिल किया। जवानों ने अपनी ही टीमों के सदस्यों में से आपदा से पीड़ित जवानों की टीम बनाई तो वहीं दूसरी ओर बचाव की टीम बनी हुई थी। उन्होंने आपदाओं से बचने का रिहर्सल किया। आमजन को इन मुसीबत से बचने के तरीके बताए। इसमें किसी बिल्डिंग में भूकंप आने से प्रभावित होने तथा वहां राहत पहुंचाने तथा घायल एवं वहां फंसे लोगों का कैसे बचाव किया जाए इसका प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने बताया कि जब भी कोई ऐसी आपदा आए तो सभी फंसे हुए व्यक्तियों को धैर्य रखना चाहिए। एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया, वंदना मिश्रा, डीआईओ बृजेश कुमार, एसीएमओ कुलदीप आदिम, जिला आपदा विशेषज्ञ एके यादव, आदि रहे।

### बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद को भी प्रेरित करें

**गुन्नौर, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में हुई विकास खंड के प्रधानाध्यापकों की बैठक में निपुण भारत मिशन पर जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापकों संग बैठक में शिक्षकों को पांच प्वाइंट टूल किट पर आधारित शिक्षा के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का शिक्षण कार्य टूल किट के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के लिए भी प्रेरित किया जाए। विज्ञान किट के माध्यम से छात्रों के अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किया जाए। उन्होंने एजेंडा बिंदु पर जानकारी ली और एनएटी, निपुण भारत मिशन और मिशन कायाकल्प को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को दिशा निर्देश दिया। कहा कि निपुण भारत मिशन के माध्यम से सक्षम वातावरण का निर्माण किया जाएगा। जिससे आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के ज्ञान को छात्रों को दिया जा सकेगा। उपचारात्मक शिक्षण, मिशन शक्ति कार्यक्रम, कायाकल्प कार्यक्रम, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया।

# अभाविप के नेताओं का विद्यार्थियों से संवाद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



अभाविप के प्रांत पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव।

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत छात्रा प्रमुख जूही अग्रवाल और प्रांत मंत्री क्षमा शर्मा का चन्दौसी में प्रवास रहा। नगर आगमन पर गुरुवार को दोनों ने एसएम कॉलेज परिसर में भ्रमण किया और छात्रों से संवाद किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. दानवीर यादव ने प्रान्त छात्रा प्रमुख व प्रांत मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान प्रांत छात्रा प्रमुख जूही अग्रवाल ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों को अध्ययन में आ रही परेशानियों के बारे जाना और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही छात्रा कार्यों से संबंधित छात्रा सम्मेलन, मिशन साहसी, छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर, राष्ट्रीय महिला दिवस जैसे अनेक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय पुनरुत्थान के लिए समाज में संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में अवगत कराया। प्रान्त मंत्री क्षमा शर्मा ने बताया कि अभाविप वर्ष भर की योजना लेकर विद्यार्थियों के हित के लिए कार्य करता है। इस दौरान विभाग संयोजक आकाश कुमार, नगर मंत्री चेतन करोतिया, अखिलेश श्रीवास्तव, शगुन ठाकुर, अभिनव भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

**मुलाकात**

- प्रांत छात्रा प्रमुख व प्रांत मंत्री का नगर प्रवास के दौरान किया गया स्वागत

### सीएचसी से साइकिल चोरी करते युवक दबोचा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने आए किसान की साइकिल लेकर जा रहे चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पहले सीएचसी में कई बार साइकिल चोरी की वारदात हो चुकी हैं। आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा निवासी श्रीकेश पुत्र नत्थू अपने आठ वर्षीय पुत्र रनवीर के साथ साइकिल से गुरुवार की सुबह 11 बजे सीएचसी में दवा लेने आए। वह सीएचसी में अस्पताल के गेट बाहर साइकिल खड़ी करके दवा लेने अपने पुत्र के साथ चले गए। श्रीकेश के अस्पताल के अंदर जाने के बाद चोर ने साइकिल का ताला तोड़ लिया और साइकिल लेकर जाने लगा। तभी सीएचसी के एक कर्मचारी ने दौड़कर चोर को साइकिल सहित रंगे हाथों दबोच लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर-शराबा होने पर श्रीकेश के साथ अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए।



रेलवे प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करते डीआरएम राजकुमार। ● अमृत विचार

## डीआरएम ने देखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** जीएम रेलवे के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीआरएम ने चन्दौसी रेलवे स्टेशन व क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। दो मार्च को प्रशिक्षण संस्थान का स्थापना दिवस भी है। जिसमें जीएम रेलवे का आना प्रस्तावित बताया जा रहा है।

गुरुवार दोपहर ढाई बजे मुरादाबाद से डीआरएम राजकुमार स्पेशल ट्रेन में सवार होकर चन्दौसी रेलवे स्टेशन पहुंचे। सबसे पहले डीआरएम प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे। वहां उपप्रधानाचार्य सुगंधा सिंह ने उनका स्वागत दिया। इसके बाद डीआरएम ने कक्षाओं, छात्रावास, परीक्षा कक्ष, प्रधानाचार्य कार्यालय, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया। वह निर्माणाधीन छात्रावास पर पहुंचे और जानकारी की। इसके बाद डीआरएम रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का कायाकल्प को लेकर हो रहे निर्माण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक हरभजन सिंह, आशीष मिश्रा आदि रहे।

## अनियंत्रित होकर खंदक में पलटी बोलेरो, डेढ़ दर्जन लोग घायल

संवाददाता, गुन्नौर

- घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, एक रेफर किया गया

**अमृत विचार :** मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर मार्ग पर गुरुवार को देर देर शाम मजदूरों से भरी तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई। हादसे में डेढ़ दर्जन मजदूर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया । एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बहजोई इलाके के मजदूर हुमायूंपुर के पास स्थित कोल्ड स्टोर में मजदूरी करते हैं। काम निपटा कर गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे बोलेरो पिकअप में सवार होकर मजदूर बहजोई जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र में बदायूं रोड पर गुन्नौर-जगन्नाथपुर के बीच पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में पिकअप सवार बहजोई निवासी रिंकू, नदीम, ताज मोहम्मद, सलीम, रवि, शमशुल, राजू, मुकेश, महेश, सोमपाल, बमनेटा निवासी रोहित, नंदकिशोर, शंकरलाल, भुवनेश, रोहित, राजेश, चंदौसी निवासी जगदीश और अलीगढ़ जनपद के मंजूर गढ़ी निवासी अरमान घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने राहगीरों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रोहित को जिला चिकित्सालय रेफर किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि एक घायल रेफर किया गया है। बाकी प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिए हैं। बोलेरो पिकअप में करीब 30 लोग सवार थे। घायलों ने बताया कि बोलेरो पिकअप की गति 70 से 80 किमी प्रति घंटे की थी।


### ट्यूबवेल की कोठरी में फंदे पर मिला युवक का शव

**बिल्सी (बदायूं), अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक गांव में स्थित ट्यूबवेल की कोठरी में युवक का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों में चीत्कार मच गई।

गुरुवार दोपहर गांव वन बेहटा निवासी सुमित कुमार उर्फ कारे (26) पुत्र विनोद सिंह के पास किसी का फोन आया था। कुछ देर फोन पर बात करने के बाद वह खेत की ओर चले गए। दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे ग्रामीणों ने उनका शव गांव के पास बने ट्यूबवेल की कोठरी में लटका देखा। ग्रामीणों की भीड़ लग गई। चीत्कार करते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसकी रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। अपराध निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि ट्यूबवेल की कोठरी में युवक का शव मिला था। जांच की जा रही है।

## दिल्ली के गोलू ने ग्वालियर के मौसमी को हराया

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी



कुश्ती में दांव दिखाते पहलवान। ● अमृत विचार

- कुढ़फतेहगढ़ के गांव नवादा में राष्ट्रीय एकता कुश्ती दंगल का दूसरा दिन

**अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव नवादा में पांच दिवसीय उर्स के दूसरे दिन भी राष्ट्रीय एकता कुश्ती दंगल हुआ। गुरुवार को गोलू पहलवान दिल्ली ने मौसमी पहलवान ग्वालियर को पटखनी देकर कुश्ती जीत ली।

दूसरे दिन कुश्ती का आरंभ अतिथियों द्वारा फीता काट कर किया गया। वहीं प्रांजल पहलवान चन्दौसी ने मुन्ना पहलवान हरियाणा को, जम्मू कश्मीर के जावेद गनी ने सोनू पहलवान गोरखपुर को, फकीर पहलवान कलियर शरीफ ने काली घटा पहलवान आगरा को चित कर कुश्ती जीती। राजा पहलवान रुड़की और प्रवीण पहलवान दिल्ली के बीच मुकाबला रोमांचक रहा और कुश्ती बराबर रही। राजा कुरैशी पहलवान बरेली ने इरफान पहलवान कैथल को हराया। घमंडी पहलवान चन्दौसी और सरिया पहलवान मगनपुरा की कुश्ती भी बराबर रही। अनमोल पहलवान चन्दौसी ने साहिल पहलवान गोरखपुर को हराकर कुश्ती जीती। दंगल का संचालन प्रदीप शास्त्री पहलवान हरिद्वार ने किया। रेफरी की भूमिका अमजद खां पहलवान मुजफ्फरनगर ने निभाई। दंगल के दौरान बाबू खां, परवेज खां, गौरव रावत, बली मोहम्मद, इरशाद खां आदि कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

**धर्म** श्री कांवड़ सेवा समिति द्वारा सात मार्च को निकाली जाएगी महादेव की बरात

# महादेव की भक्ति में रंगने लगे भक्त

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



शोभायात्रा को लेकर झांकी तैयार करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री कांवड़ सेवा समिति की ओर से सात मार्च को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर झांकियां बनाने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। इस बार पशुपतिनाथ व बारह ज्योतिलिंग की झांकी बनाने में कलाकार दिन रात जुटे हैं।

महाशिवरात्रि का त्योहार 8 मार्च को मनाया जाएगा। सात मार्च को श्री कांवड़ सेवा समिति की ओर से शहर में भगवान शंकर की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सबसे पीछे कांवड़िए अपनी कांवड़ लेकर चलेंगे। समिति के उपाध्यक्ष तरुण कुमार नीरज ने बताया कि झांकियां बनाने का कार्य में कलाकार दिन रात जुटे हुए हैं। शोभायात्रा में सात झांकी निकाली जाएगी। जिसमें पशुपतिनाथ, राधाकृष्ण, लक्ष्मी नारायण शैया पर, राम दरबार, आधे हनुमान-आधे शंकर स्वरुप की झांकी, शिवलिंग से पानी निकलते हुए की झांकी शामिल रहेंगी। अंत में बारह ज्योतिर्लिंग का सिंहासन भव्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। शोभायात्रा में नौ डीजे शामिल रहेंगे। इन डीजों के पीछे भगवान स्वरूप में सजे कलाकार रहेंगे। यह कलाकार कासगंज, एटा व बहजोई से आ रहे हैं। शोभायात्रा में काली का अखाड़ा भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। रात को शोभायात्रा मार्ग पर कलाकार अभ्यास कर रहेंगे। झांकी बनाने में समिति अध्यक्ष विजय पाटिया, ग्रीश चंद्र, प्रवीन वार्ष्णेय, हीरा लाल, शिवओम, संजीव कुमार, प्रमोद गुरु आदि जुटे हैं।

## भागवत कथा : भक्तों पर विपदा पड़ने पर भगवान अवश्य करते हैं सहायता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



भागवत कथा सुनाते संतोष भारद्वाज।

**अमृत विचार :** भोलेनाथ वाटिका में श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक संतोष भारद्वाज ने श्रीकृष्ण के लीलाओं का वर्णन किया।

कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने सखा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे। द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से सुदामा का नाम सुना तो प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ दौड़े। सामने खड़े सुदामा को देखकर उन्हें अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे लोग अचंभित हो गए। कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया, उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया।

कथा वाचक ने कहा कि जब-जब भक्तों पर विपदा आ पड़ी है, तो प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। छप्पन भोग लगाया गया ,आरती हुई। शुक्रवार को दोपहर दो बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# पांच गोल्ड सहित 19 मेडल जीते

संवाददाता, बहजोई




मेडल दिखाते खिलाड़ी व मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

**खेल**

- राज्यस्तरीय जूडो व कुश्ती प्रतियोगिता में संभल जिले के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**अमृत विचार :** युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रयागराज, गढ़मुक्तेश्वर व लखनऊ में आयोजित राज्यस्तरीय जूडो व कुश्ती प्रतियोगिता में संभल जिले के पांच खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीता तो वहीं 9 खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल व पांच खिलाड़ियों कांस्य पदक पर कब्जा कर अपना दमखम दिखाया।

प्रयागराज, गढ़मुक्तेश्वर व लखनऊ में जूडो व कुश्ती प्रतियोगिता में सभी मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी बहजोई के रहने वाले हैं। सब जूनियर वर्ग में जूडो में आराध्या वार्ष्णेय ने गोल्ड, लक्ष्य वार्ष्णेय ने सिल्वर मेडल, रूद्र शर्मा ने सिल्वर मेडल, नव्या गर्ग ने सिल्वर मेडल, लावण्या गोयल ने ब्रॉन्ज मेडल, बसंती ने ब्रॉन्ज मेडल, वंश सागर ने ब्रॉन्ज मेडल, ऋषभ सिंह ने ब्रज मेडल पर कब्जा जमाया। कुश्ती में मिथिलेश ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जूनियर वर्ग जूडो में चंचल व मिथिलेश ने गोल्ड, लवी मोहिनी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सीनियर वर्ग जूडो में मोहिनी यादव ने गोल्ड, डोली राणा, पायल यादव, एकांश गुप्ता, आदित्य शर्मा ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। कुश्ती में अक्षरा ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कोच एकांश गुप्ता ने बताया कि यह सभी खिलाड़ी बहजोई के निवासी हैं।

हिंसाबबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रूषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

## संपादकीय

# संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

# गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# सामाजिक विवेक और चेतना

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान,



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

# डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

## सोशल फोरम

# जलवायु संकट से युवाओं में हताशा

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।



सुशोभित

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

# इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई



गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

# नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच ट्यूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

## एक नजर

### निशा बनीं अधिकारिता बोर्ड की प्रदेश अध्यक्ष



**बिलारी, अमृत विचार :** मोहल्ला बाजार निवासी भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व सभासद निशा त्यागी को सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड भारत सरकार की प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके समर्थकों में हर्ष का माहौल है। बताते चलें कि निशा त्यागी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के रूप में काफी समय से भाजपा से जुड़ी हुई है। उनके परिचितों ने सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड की प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उनको माला पहनाकर बधाई दी।

### सीएचसी में गंदगी से लोगों को परेशानी

**कांठ, अमृत विचार :** सीएचसी में गंदगी से लोग परेशान हैं। यहां सीएमओ के कई बार निरीक्षण करने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया गया है। सीएचसी में वॉश बेसन, शौचालय एवं परिसर में गंदगी है। शौचालय की सीट उल्टी पड़ी हुई है, जहां वर्षों से कोई शौचालय नहीं गया है। यहां महिलाओं को प्रसव कराया जाता है जिनके साथ तिमारदारों को अस्पताल से बाहर जाना पड़ता है। वॉश बेसन गुटखे व तंबाकू से भरी पड़ी है। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह द्वारा निरीक्षण के दौरान कई बार सीएचसी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का यहां पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे यहां आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानी होती है।

### तमंचे व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने एक युवक को तमंचे एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। थाना पुलिस के उप निरीक्षक रविंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ एक व्यक्ति को तमंचे एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम तहसीन पुत्र तस्लीम निवासी मोहल्ला चौधरियान कस्बा ऊमरी कलां बताया है। पुलिस ने पकड़े आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध कई और मामले भी दर्ज हैं।

# कांवड़ यात्रा में कोई नई परंपरा शुरू न हो

## कांवड़ बेड़ों के महंत एवं डीजे स्वामियों को दिए निर्देश, मानक के अनुसार हो डीजे की आवाज

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाने में कांवड़ बेड़ों के महंत एवं डीजे स्वामियों की बैठक हुई। बैठक में पुलिस ने महाशिवरात्रि पर कांवड़ यात्रा के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के बारे में सभी को बताया।

गुरुवार को बैठक में एसडीएम सचिन राजपूत ने कहा कि कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। सभी बेड़ों के महंत जत्थों के शिव भक्तों को समझाकर लेकर जाएं। डीजे मालिक ध्यान रखें कि डीजे की ध्वनि मानक के अनुसार हो। महाशिवरात्रि पर कोई नई परंपरा नहीं होनी चाहिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकित तिवारी ने कहा कि महाशिवरात्रि परंपरागत तरीके से मनाएं और कोई नई परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। सभी कांवड़ियों का दायित्व बनता है कि वह प्रेम



थाने में बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी एवं कांवड़ बेड़ों के महंत। ● अमृत विचार

सौहार्द के साथ गंगाजल लेकर आएं। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने कांवड़ बेड़ों के सभी महंतों को समझाया कि महाशिवरात्रि को परंपरागत तरीके से मनाएं। अगर किसी तरह की कोई समस्या है तो वह बताएं उनकी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर बम बटक कांवड़ बेड़े से रामकिशन सिंह, त्रिशूलधारी बेड़े से नरेश कुमार, विशाल विश्नोई, तिलकधारी कांवड़ बेड़े से अमित चौहान, त्रिनेत्र बम बटक बेड़े से नीरज ठाकुर, संत शिरोमणि रविदास कांवड़ बेड़े से ओमप्रकाश बौद्ध, भंगड़ी कांवड़ बेड़े से अजय कुमार शर्मा एवं कुलदीप कौशिक, शिव शक्ति बेड़े से धर्मेंद्र विश्नोई आदि उपस्थित रहे।



गांव आलमपुर चौहान से हरिद्वार रवाना होता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

### कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए गांव लालपुर चौहान से शिव भक्तों का एक जत्था हरिद्वार से गंगाजल लाने के लिए रवाना हुआ। जत्थे के महंत मनजीत कुमार ने बताया कि वह ट्रैक्टर-ट्राली हरिद्वार पहुंचेंगे। वहां से गंगाजल लेकर पैदल अपने गांव सात मार्च को पहुंचेंगे। आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक कर घर परिवार पर क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना करेंगे। उनकी टोली में 17 लोग गंगाजल लेकर आएंगे। जिसमें अजय कुमार, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद बीईओ अजहरे आलम एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

### भाषा और गणित का प्रशिक्षण दिया

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुनियादी भाषा और गणित पर आधारित बैच नौ व 10 को प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चार दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर प्रथम दिवस का दोहराव व उत्साहवर्धक गतिविधि भाषा के पहले दूसरे और तीसरे कालांश की रणनीतियों और शिक्षक योजनाओं आंकलन और रेमेडियल शिक्षक पर विस्तार से बताया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने निपुण भारत मिशन को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से बताया। उन्होंने सभी प्राथमिक विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में एआरपी मोहम्मद अफजाल, प्रवीण कुमार, अशोक कुमार, मालती गौतम और पारुल वाजपेई ने दिया। इस दौरान प्रशिक्षण में ब्लॉक के 100 अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



कांठ की आशियाना कॉलोनी में सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

### जिलाधिकारी से की सुविधाएं दिलाने की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के वार्ड 15 के निवासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कॉलोनी में बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। गुरुवार को नगर के मौढ़ी हजरतपुर निवासी नबीजान पुत्र मोहम्मद हनीफ एवं अन्य नागरिकों ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में बताया है वह कांठ की आशियाना कॉलोनी के स्थायी निवासी हैं। यह क्षेत्र वार्ड संख्या 15 में आता है। सभी प्रार्थी कॉलोनी में विगत 20 वर्षों से मकान बनाकर रह रहे हैं। नगर पंचायत को गृहकर भी अदा कर रहे है। लेकिन उन्हें अब तक पीने के पानी एवं पानी की निकासी की सुविधा व सीसी रोड नहीं मिल पाई है। नगर पंचायत चेयरमैन इकबाल अहमद कॉलोनी वासियों के साथ द्वेष भावना से कार्य कर रहे हैं और कोई विकास कार्य हमारी कॉलोनी में नहीं करा रहे हैं। नागरिकों ने चेयरमैन पर आरोप लगाते हुए बताया कि विकास कार्य को कहने पर वह कहते हैं कि तुम कॉलोनी वासियों ने मुझे वोट नहीं दिए इसलिए में ये सड़क, नाली नहीं बनवाऊंगा। बारिश के दौरान पानी निकासी न होने के कारण कॉलोनी में जल भराव हो जाता है और संचारी रोग फैलने की आशंका रहती है। नागरिकों ने जिलाधिकारी से कालोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

# रसूले करीम की जिंदगी नमूना ए अमल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने मोहल्ला सादात में मजलिस में बयान करते हुए कहा कि रसूल ए करीम और अहलेबैत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारनी चाहिए।

मुहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में परचम अब्बास रिजवी की नानी के 40वें के सिलसिले में मजलिस हुई। जिसमें सेघावली मुजफ्फरनगर से आए अली शाह जैदी ने सोजख्वानी की तथा हबीबुल हसनैन रिजवी, अजहर अब्बास नकवी, मौलाना अफाक आलम जैदी ने कलाम पेश किए। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने कहा कि इस्लाम अमन शांति और भाईचारे का पैगाम देता है। रसूले करीम और अहलेबैत की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल



कुंदरकी में मजलिस में बयान करते मौलाना कल्बे जव्वाद। ● अमृत विचार

- इमाम हुसैन की शहादत सुनकर आंखें हुईं नम

है। उन्होंने कहा कि इस्लाम इल्म हासिल करने और तरक्की करने को पसंद करता है। मां-बाप की अजमत पर रोशनी डालते हुए कहा कि जिसने मां-बाप खुश नहीं होते हैं, उससे खुदा भी खुश नहीं होता। मां-बाप के हुक्म के आगे उफ भी मत करना और हर हाल में मां-बाप को खुश रखना चाहिए। मौलाना ने रसूले करीम की बेटी जनाबे फातेमा जहरा और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को बयान किया तो अजादारों की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर मौलाना नय्यर रजा नकवी, मौलाना मुहम्मद नकी, नजर हुसैन रिजवी, एजाज हाशिम, काशिफ काजमी के अलावा बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे। मजलिस के आखिर में शजर हैदर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रेमी से बात करने से रोका तो पति की चाय में मिलाया जहरीला पदार्थ

संवाददाता, डिलारी

## घटना

- पत्नी को पति एक दिन पहले ही मायके से बुलाकर लाया था
- आसिफ के पिता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव जमशेदपुर में महिला ने पति को चाय में मिलाकर जहरीला पदार्थ दे दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

गांव निवासी युवक आसिफ की शादी 10 वर्ष पहले जनपद रामपुर क्षेत्र के गांव दड़ियाल निवासी युवती से हुई थी। आरोप है कि पत्नी वैवाहिक जीवन से खुश नहीं थी। इस दौरान वह अपने प्रेमी से फोन पर बातें करती थी। इसका विरोध करने पर दोनों में झगड़ा बढ़ गया। जिसको लेकर महिला ने दहेज की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और मायके रहने लगी।

बुधवार को आसिफ मायके से पत्नी को बुलाकर लाया था। गुरुवार सुबह घर के सभी लोग चाय नाश्ता कर रहे थे। आरोप है कि पत्नी ने आसिफ की चाय में कोई जहरीला पदार्थ मिला दिया। जिसे पीकर आसिफ की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले गए। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जहां आसिफ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। युवक के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि पति-पत्नी में पहले से मुकदमा चल रहा है। घटना की जांच की जा रही है। सही तथ्य पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

# घर-घर जाकर लोगों से मिलें कार्यकर्ता

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** प्राचीन मंदिर पौणा खेड़ा के सभागार में भारतीय जनता पार्टी ने शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक की। इसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने शक्ति केंद्र संयोजकों में जोश भरा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने को कहा।

गुरुवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने मंदिर पौड़ा खेड़ा में बिलारी विधानसभा क्षेत्र के सभी शक्ति केन्द्र के संयोजकों की बैठक में कहा कि लोकसभा चुनाव अब करीब हैं। सभी कार्यकर्ता पार्टी कार्यक्रमों में सहभागिता निभाएं। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सचेत करते हुए बताया कि कोई भी कार्यकर्ता इस भरोसे न रहे कि प्रधानमंत्री ने बहुत कार्य किया है और वोट अपने आप पड़ जाएगा। हमें घर-घर जाकर लोगों को मतदान केन्द्र तक पहुंचाना है। आगे बताया कि हमें केवल केंद्र





शक्ति केंद्र संयोजकों को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल।

## बैठक

- भाजपा की शक्ति केंद्र संयोजकों की हुई बैठक
- लोगों से मिलकर योजनाओं की जानकारी देने को कहा

सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना है।

मतदाता वोट देने के लिए तैयार बैठा है। बैठक को जिला अध्यक्ष के साथ-साथ जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, राजू कालरा, विश्वास यादव, डॉ. विश्वास शर्मा, संजय चौधरी, गीता ने संबोधित किया।

बैठक में धर्मेंद्र गांधी, गीता चौधरी, मनोज ठाकुर, निहाल सिंह, आदित्य शंखधार, विकास गुप्ता, अवनीश चौधरी, देवदत्त दिवाकर, तरुण कपूर, पंकज चौहान, हेमंत शर्मा, अनुज उपाध्याय, पवन शर्मा, मानस पांडे, अमित पाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 10 लोगों को 80 लीटर शराब के साथ पकड़ा

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन महिलाओं सहित 10 लोगों को 80 लीटर शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से शराब बनाने के उपकरण, दो तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

थाना पुलिस ने गीता, पुष्पा, नीना, बलवीर निवासी आशापुर कॉलोनी, मुस्तकीम निवासी गांवड़ी, बुंडू निवासी भैंसली जमालपुर, संजय निवासी मिश्रीपुर, नन्हे निवासी नसीरपुर सभी को 80 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। थाना पुलिस ने ग्राम गढ़ी निवासी महबूब को तमंचे और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है और जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के मोहल्ला सराय कलां निवासी जुबेर को तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अवैध शराब बनाने वाले और अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

# लारिब बने यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले यूथ कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन कर युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी है।

गुरुवार को कांग्रेस नेता असलम सलमानी के कार्यालय पर जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस दानिश सैफी की अध्यक्षता में बैठक की हुई। इसमें संगठन की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें लारिब मंसूरी को नगर अध्यक्ष, महासचिव अब्दुल्ला अंसार, उपाध्यक्ष नासिर सिद्दीकी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष जुबैर आलम और मोशीम, मोनीश और तफसील सैफी को सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

कार्यकारिणी के गठन के बाद जिलाध्यक्ष दानिश सैफी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर संगठन को मजबूत करने के लिए शपथ दिलाई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का पूर्व



यूथ कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य।

प्रदेश सचिव फिरोज अनवर का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ता ने बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए अपील की।

ब्लॉक अध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत पार्टी के कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाज को सुनना चाहती है, उनसे जुड़ना चाहती है। कार्यकर्ताओं के जरिए ही पार्टी आम जन तक अपना संदेश पहुंचाएगी। मुशाहिद चौधरी नवनियुक्त पदाधिकारियों में जोश भरकर कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर दिया।

साथ ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जुड़ने को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कार्यक्रम में संजीव सिंघल, सादिक सिद्दीकी, अबरार सैफी, इस्लाम सलमानी, नौशाद, रिजवान, अनस, आसिफ आदि मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार के निधन पर जताया शोक

**कांठ, अमृत विचार :** सहसपुर स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार 48 वर्ष का निधन हो गया।



योगेंद्र कुमार अप्रैल 2019 में प्रधानाचार्य के पद पर नियुक्त हुए थे। वह इससे पहले पब्लिक इंटर कॉलेज में ही विज्ञान विषय के रूप में अध्यापक पद पर तैनात थे। ब्लड प्रेशर बढ़ने पर उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वह दो दिन से वेंटीलेटर पर थे। उनके निधन पर इंटर कॉलेज के अध्यापक हर्ष कुमार, अमित कुमार, अलिम चौधरी, रागिब हसन व कॉलेज प्रबंधन प्रतिनिधि फुरकान अहमद व शमा परवीन, शब्बो आदि अध्यापिकाओं, अभिभावक एवं विद्यार्थियों व सहसपुर नगर पंचायत के चेयरपर्सन के पति अमजद अली अंसारी ने शोक जताया।



टूर्नामेंट का आरंभ करते एसडीएम और सीओ। ● अमृत विचार

# खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** कृष्णावती बैडमिंटन हॉल में आयोजित एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आरंभ एसडीएम सचिन राजपूत एवं सीओ अंकित तिवारी ने फीता काटकर किया।

गुरुवार को बैडमिंटन टूर्नामेंट में कांठ, स्योहारा, मुरादाबाद, अमरोहा, जसपुर, नजीबाबाद की टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का आरंभ एसडीएम सचिन राजपूत एवं सीओ अंकित तिवारी ने किया। अधिकारियों ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेलना अनिवार्य है। इस अवसर पर प्रबंधक अचल कुमार विश्नोई, सोहन विश्नोई, मोहन विश्नोई, दीपक, गौरव विश्नोई, सुमित विश्नोई, डॉ. शहनवाज, खुर्शीद अहमद, अनिल विश्नोई, नवदीप शर्मा, आशीष विश्नोई रहे।

## आयोजन

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन

# बच्चों का सर्वांगीण विकास करें शिक्षक : योगेंद्र

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र में हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल के नेतृत्व में हुआ।

गुरुवार को हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख वीर सिंह सैनी ने किया। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन ने निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्य, प्री-प्राइमरी शिक्षा में स्कूल रेडीनेस कार्यकमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शिक्षकों के साथ मिलकर कार्य कर बच्चों की बुनियाद





आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख व खंड शिक्षाधिकारी। ● अमृत विचार

को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तुलना यशोदा मां से करते हुए बच्चों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए उनका सर्वांगीण विकास करने के लिए कहा ताकि आने वाले समय में बच्चे विकसित भारत के आत्मनिर्भर व्यक्ति बन सकें। बीईओ ने सभी को एक साथ मिलकर समाज का उन्मुखीकरण और सहयोग से बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में न्याय पंचायतवार पांच निपुण बच्चों, नोडल शिक्षकों, नोडल शिक्षक संकुल और निपुण विद्यालय के शिक्षकों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी पीयूष कुमार प्रशान्त, सतीश मोहन, नवनीत विश्नोई, कृष्ण कुमार गौतम, दमन चौहान, शुभम चौहान, अंकुर सिंह, अनुराग सक्सेना, सोनिया चौहान, मिथलेश कुमारी आदि शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# अधिकारियों से पैथोलॉजी लैब की जांच की मांग

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** क्षेत्र में आएदिन नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। नगर क्षेत्र में कई पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। यहां से फर्जी रिपोर्ट पैथोलॉजी लैब वाले बनाकर दे देते हैं। लैब में टेक्नीशियन न होने के बाद भी खून निकाल कर जांच के लिए भेज दिया जाता है।

क्षेत्र में कई अवैध पैथोलॉजी लैब संचालित हैं। स्वास्थ्य विभाग कभी कभार ही झोलाछापों और अवैध पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई की औपचारिकता करता है। ग्राम अकबरपुर निवासी एक व्यक्ति नगर में पैथोलॉजी पर जांच कराने के लिए आया था। लेकिन लैब पर चिकित्सक उपलब्ध न होने पर उसकी रिपोर्ट बनाकर दे दी गई। दर्जनों पैथोलॉजी लैब में कोई टेक्नीशियन नहीं है। वहां काम कर



लैब पर जांच करता कर्मचारी।

रहा स्टाफ मरीज का खून निकाल कर जांच के लिए भेज देते हैं। यहा पता ही नहीं होता कि मरीज के खून की जांच कहां होगी। यदि ऐसे ही चलता रहा तो बड़ी घटना हो सकती है। यदि इन अवैध पैथोलॉजी लैब पर शिकंजा नहीं कसा गया तो क्षेत्र में कोई बड़ी घटना हो सकती है। क्षेत्र के नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि पैथोलॉजी लैब की जांच कर वहां तैनात स्टाफ की जानकारी की जाए।

## एक नजर

### किशोरी को भगाकर ले जाने के दोषी को सात साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** किशोरी को फुसलाकर ले जाने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश दीपक यादव ने सात साल की कैद समेत पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना बिनावर पुलिस को 13 मई 2022 को तहरीर देकर बताया था कि 12 मई की रात वह अपने घर की छत पर सो रहे थे जबकि कक्षा 8वीं में पढ़ने वाली उनकी 17 साल की बेटी नीचे कमरे में सो रही थी। वह सुबह 3 बजे जागे। कमरे में गए तो बेटी नहीं थी। इधर-उधर तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिली। आरोप लगाया था कि जिला हाथरस निवासी जितेंद्र सिंह उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

### बच्चों के विवाद में गर्भवती से मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव मानपुर कुलचौरा निवासी मिथलेश पत्नी बिजनेश ने तहरीर देकर बताया कि 25 फरवरी शाम सात बजे उनका तीन साल का बेटा सोनू अपने ट्रैक्टर पर बैठा था। उसी दौरान राजीव के बेटे ने उसे लात मारकर ट्रैक्टर से नीचे गिरा दिया। मिथलेश ने लात मारने वाले बच्चे से कहा कि बेटा यह ट्रैक्टर सोनू का ही है। इसी बात पर गुड्डो और उनके पति वीरेश पाल ने मिथलेश और उनके पति बिजनेश से हाथापाई कर पेट में लात मार दी जबकि वह तीन महीने की गर्भवती हैं। महिला के अनुसार मारपीट की वजह से उसके गर्भपात होने की आंशका बनी हुई है।

### ठगी से नाराज व्यापारियों ने बंद कराया बाजार

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी के सराफा व्यापारी से हुई साइबर ठगी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को व्यापारियों ने सराफा बाजार बंद कराया और धरना-प्रदर्शन किया। आरोपी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने, व्यापारी से ठगे हुए रुपये वापस दिलाने की मांग की। पुलिस ने जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बुधवार को सर्राफा कारोबारी आलोक कुमार अग्रवाल अपनी दुकान पर बैठे थे। उनके मोबाइल नंबर पर ग्वालियर से खुद को एसीपी बताने वाली महिला का फोन आया। उन्हें धमकाकर 26 हजार 700 रुपये मांगे। उन्होंने कोतवाली जाकर पुलिस से शिकायत की थी।

# सामूहिक विवाह में शादी कर बाइक से जा रहे दूल्हे की दुर्घटना में मौत

## ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई बाइक, मां और दोस्त घायल, दुल्हन को कार में ले गए थे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सामूहिक विवाह में शादी के बाद दूल्हे के परिजन दुल्हन को कार से ले गए जबकि दूल्हा अपनी मां और दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में उनकी बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। दूल्हे की मौके पर मौत हो गई जबकि मां और दोस्त घायल हो गए।

थाना इस्लामनगर के गांव चांदपुर निठाया निवासी जितेंद्र (22) पुत्र जसवंत की शादी गुरुवार को बिसौली के मदन लाल इंटर कॉलेज में सामूहिक विवाह समारोह में गांव जलालपुर निवासी प्रियंका के साथ हुई थी। शादी के बाद परिवार के लोग प्रियंका को कार से घर ले गए जबकि दूल्हा जितेंद्र, अपनी मां अनारकली और साथी धारा सिंह के साथ बाइक से घर जा रहा था। पुलिस चौकी बुध बाजार के पास आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकरा गई और ट्रैक्टर में ही फंस गई। ट्रैक्टर जितेंद्र के ऊपर से गुजर कर पलट गया। जीतेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मां व दोस्त घायल हो गए। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों का इलाज चल रहा है।

### सड़क हादसों में महिला और बच्चे की मौत, एक घायल

**बदायूं/उसहैत, अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में एक महिला और बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला का पति घायल हो गया। दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर दोनों शव उनके परिजनों को सौंप दिए। थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव बेहटरा भमौरी निवासी अनेक पाल अपनी पत्नी कमलेश (36) बुधवार को बाइक से अपनी गांव ज्योरा पारवारा निवासी बहन की बेटी के मौत के मातम में गए थे। जहां अंतिम संस्कार में शामिल होकर बाइक से वापस घर जा रहे थे। थाना मुजरिया क्षेत्र में मुजरिया-कछला मार्ग के गांव अलीगंज के पास सगराय मोड़ पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल और यहां से बरेली हायर सेंटर रेफर किया गया। बरेली ले जाते समय महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं, पुलिस ने कार थाने पर खड़ी कराई। जिसका चालक दिल्ली निवासी सन्ना मनोज पुलिस की हिरासत में है। वह गांव परमू में आयोजित शादी समारोह में आया था। वहीं दूसरा हादसा थाना उसहैत क्षेत्र में हुआ। गांव मिर्जापुर अतिराज निवासी रमेश वाल्मीकि का 12 साल का बेटा सूरज गांव के परिषदीय विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। सोमवार सुबह अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। बच्चे खेलते समय गांव के बाहर चले गया। वह गांव मिर्जापुर और वसुंदरा जाने वाली सड़क पार कर रहा था। उसहैत की ओर से तेज रफ्तार से बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। वह दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी बच्चों ने ग्रामीणों को सूचना दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। घायल को म्याऊं के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में बच्चे की मौत हुई थी। उसे टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

## बोर्ड परीक्षा में नकल के लिए छात्रों से वसूली का आरोप

**बरेली/भमोरा, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में भमोरा के एक स्कूल में नकल कराने के नाम पर छात्रों से पैसों की वसूली का आरोप लगा है। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने छात्रों से मारपीट भी की। छात्रों ने आंवला एसडीएम से मामले की शिकायत की है। वहीं विद्यालय ने आरोपों को गलत बताया है। हालांकि जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह का कहना है कि इस संबंध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों की ओर से एसडीएम को दिए पत्र के मुताबिक आरोप है कि गुरुवार को सारांश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुबह हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा थी। इस दौरान परीक्षा कक्ष में स्कूल के ही नियुक्त कक्ष निरीक्षक खुलेआम छात्राओं को इमला बोलकर नकल कराने लगीं। इस पर बाकी छात्रों ने भी कक्ष निरीक्षक को बताने को कहा तो उन्होंने इसके लिए खर्चा करने और प्रधानाचार्य से सेटिंग करने को कहा।

# पुलिस ने अंतरराज्यीय गैंग के दो चोर किए गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने बीते दिनों बंद घर से नगदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने दो अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने चोरी का सामान सहित तमंचा व चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गुरुवार को कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अभय सिंह व सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि 13 फरवरी को गिरिताल रोड, हैवेल्स गैलेक्सी शोरूम के सामने काशीपुर निवासी राजीव कुमार अग्रवाल परिवार संग दिल्ली गए थे। 19 फरवरी को वापस आने पर देखा कि चोर कमरों के ताले तोड़ अलमारी में रखे जेवरात, चांदी के सिक्के व 80 हजार रुपये चुरा ले गये थे। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो दो संदिग्ध दिखाई दिए। जिनकी पहचान कर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नसीम सैफी उर्फ पाण्डे और कामिल खान निवासी अकरौली थाना बनियाठेर जिला संभल यूपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया।

### दोनों पर विभिन्न राज्यों पर दर्ज हैं 20 से अधिक मुकदमे

**काशीपुर।** कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि दोनों आरोपी किसी केस में एक ही जेल में बंद थे। जहां दोनों के बीच दोस्ती हो गई। जिसके बाद उन्होंने चोरी की योजना बना ली और बाहर निकलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे। इस दौरान उन्होंने अपना एक गैंग भी बना लिया। जिसमें 15 से 20 लोगों को शामिल किया था। दोनों आरोपी चोरी के मामले में दिल्ली, गाजियाबाद, जयपुर, बैंगलोर, अजमेर, लखनऊ, मुरादाबाद, हल्द्वानी आदि स्थानों से जेल जा चुके हैं। वही दोनों पर 20 से अधिक मुकदमे दर्ज है। जिसमें नसीम सैफी पर आठ और कामिल पर 12 मुकदमे दर्ज हैं।

## मुख्य परीक्षा की तैयारी में अब तक 73 हजार से अधिक फार्म भरे गए

**बरेली, अमृत विचार :** स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा के फार्म 19 जनवरी से भरे जा रहे हैं। कई बार फार्म भरने की तिथि भी बढ़ाई गई। 29 फरवरी फार्म भरने की अंतिम तिथि थी। दो मार्च तक छात्रों को भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 73 हजार पांच सौ से अधिक परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं। इनमें स्नातक में 45 हजार से अधिक फार्म हैं, जिनमें 27 सौ बीएससी, 230 बीएससी ऑनर्स, 1040 कम्प्यूटर साइंस, दो हजार बीएससी गृह विज्ञान, 2370 बीकॉम ऑनर्स, 320 बीकॉम कम्प्यूटर, 28 सौ बीकॉम और 33 हजार सात सौ फार्म बीए में भरे गए हैं। वहीं परास्नातक में 28 हजार से अधिक फार्म भरे गए हैं। इनमें 25 हजार एक सौ एमए, 420 एमएससी और 28 सौ एमकॉम में हैं।

# परास्नातक प्रयोगात्मक परीक्षा में स्नातक के शिक्षक बनाए परीक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कई महाविद्यालयों ने परास्नातक विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं नहीं कराई हैं, जिसकी वजह से विश्वविद्यालय को एक बार फिर तिथि बढ़ाकर 10 मार्च करनी पड़ी है। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

बताया जा रहा है कि बाह्य परीक्षकों के चयन न होने की वजह से ऐसा हुआ है। वहीं कुछ कॉलेजों ने परास्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षा में स्नातक स्तर के कॉलेजों के शिक्षकों को ही बाह्य परीक्षक बनाने का आरोप लगाया है। इस पर विश्वविद्यालय में भी आपत्ति जताई गई है। बरेली कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष ने बताया कि परास्नातक की परीक्षा में स्नातक स्तर के कॉलेज के शिक्षकों का बाह्य परीक्षक में चयन किया है। परीक्षा शनिवार को होनी है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक से भी आपत्ति जताई है। ऐसे में सवाल उठता है कि किस तरह से परीक्षा ली जाएगी। इस तरह से तो प्रयोगात्मक परीक्षा ही बंद कर देनी चाहिए। वहीं एमएससी में आर्गेनिक, इन आर्गेनिक और फिजिकल के पहले तीन विशेषज्ञ परीक्षक प्रयोगात्मक परीक्षा कराते थे, लेकिन इस बार एक ही शिक्षक का चयन किया गया है।

### विधि की प्रयोगात्मक परीक्षा भी 10 तक

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विधि पाठ्यकमों एलएलबी और बीएएलएबी विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा की भी तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक अंतिम तिथि 29 फरवरी थी। अब 10 मार्च के बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## परीक्षा के अंतिम दिन एमए के छात्र को नकल करते पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा के आखिरी दिन बरेली कॉलेज में एमए के छात्र को नकल करते पकड़ा गया। सचल दल ने उसे बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। गुरुवार को परीक्षा खत्म होने के बाद अब स्नातक और परास्नातक की परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है।

एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 जनवरी से शुरू हुई। 29 जनवरी को परीक्षा की अंतिम तिथि थी। बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि नए परीक्षा भवन में एमए अर्थशास्त्र के छात्र को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया है। छात्र के पास हाथ से लिखा हुआ पूरा एक पेज था। उसका यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

# विरोध के चलते डीलर प्रस्ताव रद्द

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** ब्लाक बनियाखेड़ा क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी में राशन डीलर का प्रस्ताव होना था। जिसमें पहला मौका गांव के समूह की महिलाओं को देना था। मगर ग्रामीण भी प्रस्ताव में शामिल होने की मांग को लेकर अड़ गए। जिससे प्रस्ताव को फिलहाल रद्द कर दिया गया। विरोध स्वरूप ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

गुरुवार को गांव आकबरपुर चितौरी में राशन डीलर का प्रस्ताव होना था। जिसको लेकर गुरुवार की सुबह दस बजे से ग्रामीण भी पंचायत भवन के पास जुटने शुरू हो गए। सुबह 11 बजे सचिव मनोज कुमार सिंह पहुंचे और राशन प्रस्ताव को लेकर गांव की समूहों की महिलाओं को मौका देने की बात कही। गांव में 17 समूह है, जिसमें 200 महिलाएं सदस्य हैं। राशन प्रस्ताव में 15 महिलाएं चुनाव लड़ने वाली थीं। यह बात सुनकर ग्रामीण में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में 2600 मतदाता है। इन्हें भी राशन डीलर के चुनाव में शामिल किया जाए। दोनों पक्षों में बात होने के बाद ग्रामीण भड़क गए। जिसके बाद सचिव वापस चले गए। विरोध स्वरूप ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।



गांव अकबरपुर चितौरी में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**विरोध**

- प्रस्ताव कराने आए सचिव ने समूह की महिलाओं को प्रस्ताव करने की बात कही

# 8 रेलवे स्टेशनों पर पीएमएस की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर रेल मंडल पर पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) लगाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। अप्रैल तक मंडल के आठ स्टेशनों पर यह सुविधा लोगों को मिलने लगेगी। खास तौर से व्यापारियों और ट्रेन से पार्सल बुक कराने वालों को इससे सबसे ज्यादा फायदा होगा। पीएमएस के जरिए पता लगाया जा सकेगा कि पार्सल कब निकला और कहां तक पहुंचा है। पार्सल को लेकर लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।

दरअसल, पूर्वोत्तर रेलवे ने अपने तीनों मंडलों लखनऊ, वाराणसी और इज्जतनगर के 35 स्टेशनों पर पीएमएस सुविधा देने का एलान किया था। इज्जतनगर रेल मंडल में काठगोदाम, लालकुआं, रुद्रपुर, बरेली सिटी, हाथरस, कन्नौज, फर्रुखाबाद और कासगंज स्टेशन पर यह सिस्टम लगाया जा रहा है।

इन स्टेशनों पर पार्सल व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन और कंप्यूटरीकृत करने का काम अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। सामान बुक होने के साथ ही उपभोक्ता को एक बार कोड मिल जाएगा, उसके माध्यम से उपभोक्ता के मोबाइल पर पार्सल की अपडेट की जानकारी मिलती रहेगी। पार्सल कब निकला और कहां पहुंचा है, एसएमएस के जरिए इसकी सूचना मिलती रहेगी। उपभोक्ता को बार कोड अपने मोबाइल पर स्कैन करना होगा।

### इन समस्याओं से मिलेगी निजात

अक्सर समय से लोगों का पार्सल नहीं पहुंचता, उनका पार्सल स्टेशन या ट्रेन में ही पड़ा रह जाता है। इससे लोगों को परेशानी होती है। विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कभी-कभी कोर्ट तक की शरण लेनी पड़ जाती है। पीएमएस व्यवस्था शुरू होने के बाद इन समस्याओं से निजात मिल जाएगी।

**सुविधा**

- ट्रेन से पार्सल बुक कराया है तो पीएमएस नहीं होने देगा गुम
- बरेली सिटी स्टेशन पर अप्रैल तक शुरू होगी यह सुविधा

> पूर्वोत्तर रेलवे के 35 स्टेशनों पर पीएमएस शुरू करने जा रहे हैं। कुछ स्टेशनों पर यह शुरू हो चुकी है। इज्जतनगर रेल मंडल के भी आठ स्टेशनों पर यह व्यवस्था लोगों को मिल सकेगी। अप्रैल तक इस काम को पूरा कर लिया जाएगा।
>
> -पंकज कुमार सिंह, सीपीआरओ, पूर्वोत्तर रेलवे

## चेक बाउंस होने पर चार महीने की सजा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** चेक बाउंस होने के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोरा ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए इसे चार माह के साधारण कारावास और 2.15 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अधिवक्ता घनश्याम जोशी ने बताया कि मामला जून 2019 का है। पोखरखाली निवासी नितिन कुमार और डीनापानी निवासी मनोज बिष्ट के बीच दोस्ताना संबंध थे। अभियुक्त मनोज बिष्ट ने किसी काम के लिए पीड़ित नितिन कुमार से दो लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीतने के बाद जब रुपये वापस नहीं हुए तो नितिन ने दबाव डालना शुरू किया। इस पर अभियुक्त मनोज ने नितिन को मार्च 2021 का एक चेक थमा दिया। बैंक ले जाने पर चेक बाउंस हो गया। इस पर नितिन ने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भिजवाया। इसके बाद भी अभियुक्त मनोज ने रुपये नहीं लौटाए।

# अब्दुल्ला बिल्डिंग से मिले बैक डेट के स्टांप, और भी कई सबूत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर की कुर्की हो चुकी है और खबर ये है कि कुर्की के दौरान अब्दुल्ला बिल्डिंग से बैक डेट के पुलिस को कई स्टांप मिले हैं। अगर ये सच है तो फिर हाल ही में सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में यह अहम सबूत साबित हो सकते हैं। क्योंकि कुछ ऐसे ही स्टांप का उपयोग मलिक का बगीचा की जमीन को हथियाने के लिए किया गया था।

बता दें कि जिस जमीन को मलिक का बगीचा कहा जा रहा है, उस मलिक की बगीचा का नाम नगर निगम के दस्तावेजों में कहीं भी दर्ज नहीं है। बल्कि नगर निगम के दस्तावेजों में यह जमीन कंपनी बाग लिखी गई है। सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में अब्दुल मलिक और उसकी बीवी साफिया मलिक के साथ कुल आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने इस मामले में पत्र लिखकर नगर निगम से दस्तावेज मांगे हैं और कई सवाल पूछे हैं। इधर, सूत्रों के हवाले से खबर है कि कुर्की के दौरान मलिक के घर अब्दुल्ला बिल्डिंग से बैग डेट के कई कोरे और लिखे हुए स्टांप मिले हैं। अगर यह सच है तो मलिक के साथ उसकी पत्नी की भी मुश्किलें बढ़ना तय हैं। इसके अलावा कुर्की के दौरान ऐसे कई साक्ष्य मिले हैं, जो हिंसा के मामले में पुलिस के काम आ सकते हैं।

**कार्रवाई**

- सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में साबित हो सकते हैं अहम सबूत
- स्टांप के साथ ही पुलिस के हाथ लगे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, फिलहाल पुलिस चुप

### एक जेल में होंगे बाप-बेटे, लेकिन मिल नहीं पाएंगे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के सभी उपद्रवी हल्द्वानी उपकारागार में है, लेकिन मलिक उन उपद्रवियों से अलग नैनीताल जेल ले जाया गया था। हालांकि मलिक पुलिस रिमांड पर है और वो दो फरवरी को वापस जेल में दाखिल किया जाएगा। इससे पहले उसके बेटे अब्दुल मोईद को भी नैनीताल जेल पहुंचा दिया गया, लेकिन एक जेल में रहने के बावजूद दोनों मिल नहीं पाएंगे। बनभूलपुरा थाने के मुकदमे का आखिरी वांटेड अब्दुल मोईद सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। मोईद को उसी नैनीताल जेल में भेजा गया है, जहां उसके पिता अब्दुल मलिक को ले जाया गया था। हालांकि अब्दुल मलिक 27 फरवरी से पुलिस की रिमांड पर है। एक फरवरी को उसकी रिमांड का आखिरी दिन है और 2 फरवरी को अब्दुल मलिक को दोबारा नैनीताल जेल में दाखिल किया जाएगा। मलिक के लिए जेल की बैरक नंबर एक तय है, जिसमें वो पहले भी रखा गया था। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र एक ही जेल में होंगे, लेकिन दोनों के मिलने पर पाबंदी होगी। इसके पीछे हवाला दिया जा रहा है कि अगर दोनों को मिलने की इजाजत दी गई तो साझा रणनीति बना लेंगे और इससे पुलिस की जांच प्रभावित हो सकती है। पुलिस सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि मलिक को जेल में दाखिल करने के बाद पुलिस न्यायालय से मोईद की रिमांड मांग सकती है। इससे न तो दोनों का आमना-सामना होगा और पुलिस मलिक से किए सवालों को मोईद के सामने दोहरा कर जवाब को वेरीफाई कर पाएगी।

**संकट** भूजल स्तर नीचे गया तो आंवला बना ओरेंज जोन, कई साल तक नहीं लग सके नलकूप

# इफको : जमीन का पानी खींचकर बंजर बना दिया

संवाददाता, बरेली/आंवला

**अमृत विचार :** इफको फैक्ट्री लगाने के लिए अपनी खेती की जमीन देकर किसान अब पछता रहे हैं। फैक्ट्री लगने के बाद किसानों के बच्चों को न रोजगार मिला और न ही पीने का पानी। फैक्ट्री लगने से खेतों की सिंचाई का पानी भी छीन लिया गया, जिससे भूजल स्तर नीचे चला गया। किसान उस घड़ी को कोस रहे हैं। हालत यह है कि क्षेत्र में किसान खेतों के लिए नलकूप नहीं लगा पा रहे हैं और फैक्ट्री के लिए भारी मात्रा में पानी का उपयोग किया जा रहा है।

डार्क जोन घोषित हो चुके आंवला के किसानों की खुशहाली के लिए रामगंगा नदी से आलमपुर जाफराबाद ब्लाक के किसानों के लिए नहर बनाने की घोषणा हुई थी। मुलायम सिंह यादव ने किसानों के लिए इस परियोजना को स्वीकृत किया। इसका कारण भी यही बताया गया था कि नहर बनने से किसानों को सिंचाई के लिए सुविधा तो मिलेगी ही साथ ही आंवला क्षेत्र के भूजल स्तर को भी बढ़ाने में सहायक होगी। हालांकि इस परियोजना का बजट तो तीन गुना बढ़ने के बाद भी यह अधूरी ही है साथ ही किसानों का दर्द भी कम नहीं हुआ है।

अब सरकार ने हर घर जल योजना के तहत शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना चलाई है। लोगों को जागरूक करने के लिए पानी के स्रोतों को बढ़ाने के हर जतन कर रही है। तालाब पोखरों में पानी बनाए रखने के लिए उनमें पानी भरवा रही है, ताकि पानी का संकट पैदा न हो लेकिन इफ्को इकाई दिन रात दिन जमीन से पानी खींचकर पानी की बर्बादी कर रही है। इससे क्षेत्र में जल स्तर लगातार घट रहा है। इस जलदोहन से जहां एक ओर इफको प्रबंधन लगातार फल फूल रहा है। वहीं क्षेत्रीय किसान आज भी खेतों को सींचने के लिए परेशानी उठा रहा है। काफी जमीन तो सिंचाई के अभाव में बंजर पड़ी है। करीब चार दशक पहले इफको फैक्ट्री आंवला भमोरा रोड पर लगाई गई थी। भूदाता और क्षेत्रीय किसानों का मानना था कि इफको क्षेत्र का विकास करेगा, प्लांट में उन्हें और उनके बच्चों को रोजगार मिलेगा। परंतु जिस फैक्ट्री को क्षेत्रीय लोगों ने भविष्य माना था, वह भविष्य 40 साल बाद भी परेशानी खड़ी कर रहा है। इफको न ही रोजगार दिया और न ही विकास किया बल्कि पीने का पानी और खेतों में सिंचाई का पानी तक छीन लिया।

भू-दाताओं ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री द्वारा बड़ी मात्रा में जल का दोहन किया जा रहा है। इसके चलते आलमपुर जाफराबाद (ओरेंज जोन) में आ गया है। छोटे नलों में पानी आना बंद हो गया है।

### 20 बोरवेल 6 हजार क्यूसेक मीटर प्रति घंटा खींचते पानी

सेंधा निवासी ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि इफको फैक्ट्री में करीब 22 बडे.18 इंच के बोरवेल हैं, जो कि प्रति घंटा 6 हजार क्यूसेक मीटर पानी खींचते हैं। इफको अधिकारी दो बोरवेल खराब होना बताते हैं। 20 बोरवेल से प्लांट में बड़ी मात्रा में पानी की बर्बादी की जा रही है। इफको फैक्ट्री से दो बडे.नाले निकलते हैं। जोकि सेंधा गांव के समीप अरिल नदी में गिरते हैं। वहीं इफको ने अपनी किताब आंवला ज्योति के 2007-2008 के अंक में 16 बोरवेल होना दर्शाया है।

### इफको पर धारा 133 के तहत भेजा था नोटिस

तत्कालीन उपजिला मजिस्ट्रेट आंवला विशु राजा ने 31 दिसंबर 2018 को जारी किए आदेश में बताया था कि अरिल नदी के स्थलीय जांच में पाया गया कि इफको से निकलने वाला पानी विषैला है। दूषित पानी पर्यावरण व जन मानस और पशुओं को नुकसान पहुंचाता है। उपजिला मजिस्ट्रेट ने इफको के खिलाफ धारा 133 (1) के तहत कार्यवाही के लिए प्रारंभिक नोटिस जारी कर इफको अधिकारियों से न्यायालय में कारण प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

# फर्जी कंपनी बता लाखों का माल हड़प कर लगाया चूना

संवाददाता, रुद्रपुर

- जम्मू एंड कश्मीर की कंपनी से खरीदा था माल

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर की एक कंपनी को झांसा देकर लाखों का सामान हड़प करने का मामला सामने आया है। कंपनी के साझेदार ने पंतनगर थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सारिका नगर तालाब तिल्लो जम्मू एंड कश्मीर निवासी रामेश्वर सिंह ने बताया कि उनकी पार्टनरशिप में साम्बा इलाके में मेटल ड्रीम इंडस्ट्री के नाम से फर्म है। 21 जनवरी 2024 को एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को सिडकुल पंतनगर रुद्रपुर की इंडस्ट्री कंपनी का प्रतिनिधि बता रहा था। आरोप था कि कॉलर ने फर्म से 820 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से 43 लाख तीन हजार रुपये की खरीद पर 18 फीसदी जीएसटी जोड़कर 50.77 लाख रुपये कीमत का तांबा ऑर्डर किया। माल की डिलीवरी का पता रुद्रपुर सिडकुल कंपनी का बताया।

उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को जब ट्रांसपोर्ट का चालक बताए पते पर गया तो चालक को सिडकुल कंपनी से एक किलोमीटर दूर रुकवाकर कॉलर ने गंगापुर स्थित एक गोदाम में सारा माल उतरवा दिया। जीएसटी बिल लेने के बाद 50.77 लाख रुपये का चेक दिया। जब चेक बैंक में लगाया गया तो चेक फर्जी निकला और कंपनी की पड़ताल की तो पता चला कि सिडकुल में इस नाम की कोई कंपनी है ही नहीं। जिसके बाद लाखों का माल हड़पने की भनक लगी और आरोपी का मोबाइल भी बंद चल रहा है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैने अपने पुत्र विनीत चौहान व पुत्रवधू शीतल ठाकुर के द्वारा मेरे साथ दुर्व्यवहार करने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है एवं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह स्वंय जिम्मेदार होंगे। वीरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र बुद्धा सिंह निवासी मौ.अंसारियान थाना बिलारी, तह. बिलारी (मुरादाबाद)

**सूचना**

मेरा नाम एल० आई० सी० की पॉलेसी नं० 251078230 एवं पॉलेसी नं. 251088059 में जयवीर सिंह पुत्र श्री हरगोविन्द सिंह दर्ज है। आधार कार्ड, पैन कार्ड में संजीव कुमार पुत्र श्री हरगोविन्द सिंह नाम दर्ज है। मुझे दोनों नाम से जाना जाता है। दोनों बीमा पॉलेसी में भी मुझे आधार कार्ड, पैन कार्ड के अनुसार संजीव कुमार पुत्र श्री हरगोविन्द सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।
संजीव कुमार पुत्र श्री हरगोविन्द सिंह निवासी- ग्राम रूस्तमपुर तह. व थाना-कांठ, जि० मुरादाबाद।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने मेरे बड़े पुत्र अनस को गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एवं सभी प्रकार से संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये कुकृत्यों का यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।
रहीश पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम इमरतपुर फखरुद्दीन तह. बिलारी थाना कुन्दरकी जि० मुरादाबाद।

## ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कराने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस का प्रयोग कराकर नकल कराने के वांछित अभियुक्त को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त कपिल तोमर के खिलाफ गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज था। इस मामले में चार अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके है। एसटीएफ के मुताबिक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली व फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इसी क्रम में मुखबिर से कपिल तोमर के लोनी क्षेत्र (गाजियाबाद) में मौजूद होने की सूचना पर दबोचा लिया गया है। पूछताछ में कपिल तोमर ने बताया कि उसके रिश्तेदारी का लड़का प्रदीप निवासी चंदोडी थाना बुढाना मुजफ्फरगगर से घनिष्ठता थी। प्रदीप पूर्व से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर एवं पेपर लीक कराकर धांधली करने का काम करता था। 2022 में रेलवे की ग्रुप डी की परीक्षा में धांधली करते हुए पकड़ा गया था और जेल गया था। जेल से बाहर आने पर इसकी मुलाकात मिन्टू उर्फ प्रवीन बालियान निवासी मुजफ्फरनगर से हुई थी।

# कानपुर में गैंगरेप के बाद चचेरी बहनों के शव पेड़ से लटके मिले, आरोपी गिरफ्तार

## घाटमपुर के बरौली गांव में ईंट भट्ठे में श्रमिकों की नाबालिग बेटियों के साथ वारदात

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर**

- ठेकेदार और साथियों ने गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो, जबरन शराब पिलाकर की मारपीट

**अमृत विचार :** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में गैंगरेप के बाद बुधवार रात नाबालिग चचेरी बहनों (16 और 14 वर्षीय) के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके मिले। दोनों के साथ मंगलवार रात नशे में धुत ईंट भट्ठे के ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया था।

दोनों किशोरियों के अश्लील वीडियो बनाकर जबरन शराब और बीड़ी पिलाकर पीटा भी था। उस दौरान ईंट-भट्ठे में काम करने वाले लोग बाजार करने गए थे। 16 वर्षीय मृतका किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू, संजय, अन्य के विरुद्ध गैंगरेप, पॉक्सो, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट, धमकी, आपत्तिजनक वीडियो, फोटो खींचने की एफआईआर दर्ज की है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।



पीड़ित पक्ष की महिलाओं से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

घाटमपुर के बरौली गांव में श्रीबालाजी भट्ठे में जिला हमीरपुर के थाना सिसौलर निवासी दो श्रमिक काम करते हैं। वह दोनों फुफेरे भाई हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि भट्ठे में रामस्वरूप ठेकेदारी करता है। मंगलवार शाम को हफ्ते भर का हिसाब हुआ तो पैसे मिलने पर वह और भट्ठे के अधिकतर श्रमिक परिवार बाजार चले गए थे। अपनी-अपनी झोपड़ी में 16 वर्षीय और 14 वर्षीय चचेरी बहनें अकेली थीं। इसी दौरान नशे में धुत ठेकेदार रामस्वरूप, उसका बेटा रज्जू, संजू और एक अन्य झोपड़ी में घुस गए और चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप किया। दोनों को मारापीटा, जबरन शराब और बीड़ी पिलाई। अश्लील वीडियो भी बनाया। किशोरियों के पिता ने बताया कि वे लोग बाजार से लौटे तो लड़कियां रो रही थीं। पूछने पर उन्होंने हकीकत बताई।

श्रमिक जब विरोध जताने आरोपियों के पास पहुंचे तो अभद्रता करते हुए भगा दिया। बुधवार को दिन भर सभी पुलिस के पास जाने की सोचते रहे लेकिन डर से नहीं गए। बुधवार शाम दोनों किशोरियां खेलने निकलीं लेकिन लौटीं नहीं। रात 10 बज गया, दोनों नहीं लौटीं तो खोजबीन शुरू हुई।

रात में करीब 11 बजे भट्ठे से कुछ दूर एक पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। सूचना पर थाने की पुलिस पहुंची। गुरुवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चन्दर, डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार भट्ठे पर पहुंचे। ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू व संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भट्ठे के मुनीम, भट्ठा मालिक को नजरबंद कर दिया गया है। गांव में पुलिस-पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अन्य कार्रवाई होगी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई 13 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। मुस्लिम पक्ष की ओर से हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं को पोषणीय न बताते हुए तर्क दिए गए। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। इसके अलावा वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिए। उक्त समझौते में केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ भूमि शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है।

## पत्नी दाखिल कर सकती है घरेलू हिंसा का मुकदमा

**विधि संवाददाता, लखनऊ**

- कोर्ट ने कहा-भले शादी घोषित हो चुकी हो शून्य

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी। दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। मामले में पत्नी के द्वारा घरेलू हिंसा का मुकदमा 11 सितंबर 2019 को दाखिल किया गया था, जिसकी पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए पति ने प्रार्थना पत्र दाखिल किया। पति का उक्त प्रार्थना पत्र 29 सितम्बर 2022 को निचली अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया। जिसके बाद उसने हाईकोर्ट की शरण ली। न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे। शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे। न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहाँ तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज



**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई। मौजूदा दोनों मुकदमे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। रामपुर की जिला अदालत से समन जारी होने के बावजूद जयाप्रदा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। कई बार समन जारी होने के बाद भी अभिनेत्री की गैर मौजूदगी के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था।

### डीजी मुकुल गोयल सेवानिवृत



**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस डीजी नागरिक सुरक्षा, मुकुल गोयल गुरुवार को सेवानिवृत हो गए। 1987 बैच के आईपीएस अफसर मुकल गोयल डीजीपी के पद से हटाए जाने के बाद 11 मई 2022 से डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर तैनात थे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद जून 2021 में उन्हें डीजीपी के पद पर तैनाती मिली थी। वह करीब 11 महीने तक डीजीपी के पद पर रहे। बाद में प्रदेश सरकार ने 11 मई 2022 को उन्हें डीजीपी पद से हटा दिया था। उसके बाद 13 मई को देवेंद्र सिंह चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था।

### धान खरीद बंद, 53.67 लाख एमटी हुई खरीद

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की धान खरीद बंद हो गई। 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों से महज 53,67,516 मीट्रिक टन (76.68 प्रतिशत) धान खरीदा जा सका। जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य रही। पश्चिम के मंडल आगरा, अलीगढ़, झांसी, मेरठ का खरीद फीसद बेहद कम रहा। किसानों ने समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर बाजारों में धान बेचा। **मंडलों पर ये हुई खरीद-** लखनऊ 7,52,135, बरेली 6,49,405, मुरादाबाद 4,61,041, अयोध्या 5,78,126, अलीगढ़ 8,659, आगरा 3,942, झांसी 1,328, मेरठ 177, सहारनपुर 5,521, आजमगढ़ 2,12,460, कानपुर 1,80,927, गोरखपुर 5,08,157, चित्रकूट 41,952, देवीपाटन 3,37,793, प्रयागराज 4,52,016, बस्ती 2,89,615, मिर्जापुर 2,67,896, वाराणसी 6,16,357 मीट्रिक टन।

### तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उप्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है। उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है। जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास व 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण से संबंधित सैकड़ों याचिकाएं हुई खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अधिनियम का किसी भी कार्यालय ज्ञापन की तुलना में हमेशा अधिक कानूनी मूल्य होता है। अधिनियम के लागू होने के बाद ही संबंधित कार्यालय ज्ञापन को मान्यता प्राप्त हो पाती है। मालूम हो कि वर्तमान मामले में याचियों ने सामान्य श्रेणी के अंतर्गत सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2019 में भाग लिया था और उसका परिणाम मई 2020 में जारी हुआ।

याचियों का तर्क है कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 10% आरक्षण के लिए दिखाया था। याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि राज्य सरकार 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य है, क्योंकि उक्त परीक्षा 103वें संवैधानिक संशोधन के अधिसूचित होने के साथ-साथ फरवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन के बाद आयोजित की गई थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सहायक शिक्षकों के पदों पर भर्ती अधिनियम लागू होने से पहले शुरू की गई थी, इसलिए प्रदेश सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया में कानूनी रूप से आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने शिवम पांडेय और 11 अन्य सहित सैकड़ों याचिकाओं को खारिज करते हुए पारित किया। अंत में कोर्ट ने कहा कि कार्यालय ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि आरक्षण की व्यवस्था राज्य सेवाओं की भर्ती के लिए फरवरी 2019 के बाद जारी अधिसूचना पर लागू होगी। हालांकि उस समय कोई अधिनियम लागू नहीं हुआ था।

## राम मंदिर : निर्माण को एलएंडटी उतारेगी वर्करों की फौज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब राम मंदिर के शिखर, परकोटे में मंदिर व परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों के निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था एलएंडटी ने वर्करों की फौज उतारने जा रही है। इसमें राजस्थान, गुजरात, बिजार व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के पांच हजार से अधिक वर्कर शामिल होंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर शेष बचे निर्माण कार्यों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है। परकोटे में भी छह देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा परिसर में अब महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य के साथ निषाद राज, अहिल्या का का भी मंदिर बनाने का काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

## आरक्षण को तहस-नहस करने पर तुली भाजपा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण की व्यवस्था को तहस नहस करने पर तुली है। इंडिया गठबन्धन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सपा पर है।



बैठक से पूर्व अखिलेश यादव का माला पहनकर स्वागत करते पदाधिकारी।

सपा मुख्यालय, लखनऊ में गुरुवार को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा और समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारियों की बैठक डॉ. लोहिया सभागार में हुई। इसमें लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी पर चर्चा के साथ बूथ स्तर तक संगठनात्मक स्थिति की रिपोर्ट ली गई। बैठक में सभी प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 लोकसभा सीटों पर हराकर पीडीए की सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी एवं राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और राजेन्द्र कुमार विधायक विशेषतौर पर उपस्थित थे। सपा प्रमुख ने चंडीगढ़ में वोटों की हेराफेरी का उदाहरण देते हुए कहा कि, अगर चुनाव बैलेट से नही हुआ होता तो पता भी नहीं चलता। विधायकों को लालच देकर प्रलोभन और पैकेज देकर तोड़ रही है। भाजपा विधायक खरीद सकती है।

## गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर आग का गोला बनी कार, दो लोग जिंदा जले

**गोंडा कार्यालय**

- गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हारीपुर के समीप हादसा, एक गंभीर

**अमृत विचार :** बुधवार रात 12 बजे के बाद गोंडा-लखनऊ हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद आग का गोला बन गयी।

इस भीषण हादसे में कार चालक समेत दो लोगों की जलकर मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान बिंदेश यादव पुत्र केशव राम (28) निवासी कन्हाईपुरवा पूरे संगम थाना कटरा बाजार व अनुपम पाठक पुत्र माता प्रसाद उर्फ बंबू पाठक (22) निवासी मिझौरा थाना परसपुर के रूप में हुई है। जबकि घायल सूरज पाठक पुत्र दीनानाथ पाठक (30) कटरा बाजार थाना क्षेत्र के कन्हाईपुरवा पूरे संगम का रहने वाला है। नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। रिफ्लेक्टर न होने से कार सवार ट्रॉली को देख नहीं सके और हादसे का शिकार हो गए।

## वर्ग पहेली-358

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



### वर्ग पहेली - 357 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 के | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## सुडोकू-75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

### सुडोकू - 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।


मेष
आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।


वृष
आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।


मिथुन
आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।



कर्क
आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।


सिंह
आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।


कन्या
आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।


तुला
आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।


वृश्चिक
आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।



धनु
आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।


मकर
आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।


कुंभ
आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।


मीन
आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
घर में राम गली में श्याम
सुबह : 10.56
सत्य
शाम : 06.31

SONY MAX
एबीसीडी 2
सुबह : 10.44
ता रा रम पम
रात : 07.02

SONY PIX
एक्वामैन
सुबह : 09.08
एज ऑफ टूमारो
रात : 08.50

ZEE CINEMA
कुछ लव जैसा
सुबह : 10.30
जवान
शाम : 04.30

colors CINEPLEX
बेमिसाल
दोपहर : 12.33
रंगून
रात : 09.28

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया।
डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है।
सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं।
बाहर निकला तो नोट 2000 का था।
बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

# देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

## मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### बाघों के संरक्षण के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक-केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

# सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी



सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

## एक नजर

### एनएबीएफआईडी की सीतारमण ने की समीक्षा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी) के प्रदर्शन की समीक्षा की। वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव डॉ. विवेक जोशी, एनएबीएफआईडी के प्रबंध निदेशक राजकिरण राय और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

### राजकोषीय घाटा में दर्ज की गई गिरावट

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में जनवरी के अंत तक सरकार का राजकोषीय घाटा 11 लाख करोड़ रुपये के साथ संशोधित वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले की समान अवधि में सरकारी व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा केंद्रीय बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 67.8 प्रतिशत था।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,025 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 71,800। |

# देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2024 में घटकर 4.59 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 4.91 प्रतिशत थी। इस दौरान मुख्य रूप से कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतें घटने से खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई। श्रम मंत्रालय ने कहा कि जनवरी 2024 में औद्योगिक श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति 7.66 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने में 8.18 प्रतिशत और एक साल पहले इसी महीने (जनवरी 2023) में 5.69 प्रतिशत थी। औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 6.16 प्रतिशत थी।

# आठ उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।

# राष्ट्रीय

# 400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

## मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के



उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।

भारतीय सेना और जापानी सेना के जवानों ने किया अभ्यास...



**बीकानेर:** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' के पांचवें संस्करण के दौरान भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के जवान। ● एजेंसी

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

**नई दिल्ली।** तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

### फड़णवीस को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान योगेश सावंत के तौर पर हुयी है और इसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पेज पर एक विवादास्पद वीडियो साझा किया था, जिसमें उसने श्री फड़नवीस को जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में सावंत को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है। पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे। पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला



### सांप्रदायिक दंगों के मामले में 7 लोग बरी

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में सात लोगों को बरी कर दिया है और कहा कि उनके खिलाफ कोई 'टिकाऊ और संतोषजनक सबूत' नहीं मिला। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उन सात लोगों के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिन पर 24 फरवरी, 2020 को करावल नगर में मुख्य बृजपुरी रोड पर दो दुकानों, एक ऑटोरिक्शा और एक दोपहिया वाहन को जलाने वाली भीड़ का हिस्सा होने का आरोप है। अदालत ने कहा-उपलब्ध साक्ष्यों से भीड़ की पहचान भी नहीं की जा सकी है।

# मणिपुर में शांति बनाए रखने को असम राइफल्स की मांगी मदद

इंफाल, एजेंसी

- सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाईं और तोड़फोड़ की थी।

### राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

# असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

गुवाहाटी, एजेंसी

## हस्तक्षेप की मांग

- सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी




असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

### सीएए के खिलाफ अब प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं आंदोलनकारी उच्चतम न्यायालय जाएं: हिमंत



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस समय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था, 'सर्वोच्च नहीं' है क्योंकि शीर्ष अदालत इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। बदलाव केवल उच्चतम न्यायालय में हो सकता है जैसा कि उसने भाजपा द्वारा लागू चुनावी बांड के मामले में किया।

# पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

## 15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

● इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा। समझा जाता है कि सोनीपत के साइ केंद्र में पुरुष और दिल्ली के आईजी स्टेडियम में महिला वर्ग के शिविर लगेंगे। सूत्र के अनुसार पंजाब में गतिविधियों पर प्रतिबंध से हर किसी के लिए पंजाब पहुंचना आसान नहीं होगा। सरकार से महिलाओं के शिविर के लिए आईजी स्टेडियम देने का अनुरोध किया है।

### ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार, अदालत की ली शरण



**नई दिल्ली।** आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।

**पूर्व सीईओ नोर्मन ने विवादास्पद हालात में पद से दिया था त्यागपत्र**

# हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

राउरकेला, एजेंसी



एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हालांकि हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था।

नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। नोर्मन का इस्तीफा भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेक शॉपमैन के पद छोड़ने के ठीक बाद आया है। उन्होंने भी काम की मुश्किल परिस्थितियों की शिकायत की थी। नीदरलैंड की कोच ने हॉकी इंडिया पर महिला हॉकी के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया था।

## खेल डायरी

### यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील



**रोम, एजेंसी।** इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंट्स के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में युवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

### प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

### अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

**रियाद, एजेंसी।** सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

### खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

# राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

## बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे।

राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में श्रृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।



बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह श्रृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

### रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

# आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी हरमनप्रीत



बेंगलुरू, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी। फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत कौर चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था।

एडवर्ड्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हरमनप्रीत कौर आज चयन के लिए उपलब्ध नहीं थी लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ वह खेलेगी। मुझे इसका पूरा यकीन है। हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाए हैं। मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है। एडवर्ड्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम उसके लिए इंतजार कर रहे हैं। यह लंबा नहीं होना चाहिए, लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।

# ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन 9 विकेट पर 279 रन

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन लगातार विकेट गंवाने के बावजूद कैमरन ग्रीन (नाबाद 103 रन) की शतकीय पारी से स्टंप तक 9 विकेट गंवाकर 279 रन बना लिए। न्यूजीलैंड ने सुबह टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लंच से 10 मिनट पहले न्यूजीलैंड ने स्टीव स्मिथ (31) का विकेट झटका था, लेकिन लंच के बाद मार्नस लाबुशेन (1), उस्मान ख्वाजा (33) और ट्रेविस हेड (1) आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 89 रन हो गया। मिशेल मार्श (40) और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 67 रन की भागीदारी की। मार्श मैट हैनरी का शिकार हुए। ग्रीन ने इसके बाद न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया जिसमें 16 चौके जड़े थे। न्यूजीलैंड के लिए हैनरी ने 4 तो विलियम ओरोरके और स्कॉट कुगेलेजिन ने दो दो विकेट लिए। रचिन रविंद्र को 1 विकेट मिला। ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड क्रीज पर थे जिन्होंने खाता नहीं खोला था।


## बॉलीवुड हलचल

# मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3




**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता



बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

# तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट



बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

### प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी



रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

**लंदन।** इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

### छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।



### चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इंस्टाग्राम हैंडल पर डॉली चाय वाले के साथ वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

## डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठा। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश का 'तेंदुआ स्टेट' तमगा बरकरार

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

**3,907**

**के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या**



### तेंदुओं की आबादी का अनुमान



वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

### तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

### भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज: 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

### सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष −3.4 % की गिरावट हो रही है।

## पाकिस्तान नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

### संविधान की शक्तियों का हुआ इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को अल्वी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सीरे से खारिज कर दिया था। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, नेशनल असेंबली सत्र चुनाव के 21 दिनों के भीतर होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 91 के तहत, नेशनल असेंबली के पहले सत्र की जरूरी तारीख 29 फरवरी है। इस मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मगंलवार को कहा कि संविधान की अवज्ञा करने पर अल्वी के खिलाफ कई कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

### नवाज शरीफ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ कल होगा प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने गुरुवार को शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए। चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच नवाज शरीफ, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी अन्य सांसदों ने शपथ ली। बता दें, चुनाव में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन नहीं होने के कारण उन्होंने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने का अपना प्रयास छोड़ दिया। नवनिर्वाचित सांसद नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव शनिवार को होने की उम्मीद है और पीएमएल-एन तथा पीपीपी के बीच चुनाव बाद समझौते के तहत नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सदन का नया नेता चुना जाना तय है।

## रूस के परमाणु हथियार इस्तेमाल को पूरी तरह तैयार: पुतिन



**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

## यूएनएचआरसी: भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा

**संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा**

- जिनेवा में स्थायी सचिव अनुपमा ने कहा- भारत का यह आंतरिक मामला, टिप्पणी करना गलत

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को डिबेट के दौरान कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने के लिए हताश प्रयास बताया।

परिषद में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान जवाब देने के अधिकार में कहा, 'आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

अनुपमा सिंह ने यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों द्वारा अपने बयानों में कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्किये और पाकिस्तान को जवाब दिया। अनुपमा ने कहा, हमें तुर्किये द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा।



### भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगनाओं के बारे में भारत ने कहा, एक ऐसा देश जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसका भारत पर टिप्पणी करना जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के लिए एक मिसाल हैं, हर किसी के लिए एक विरोधाभास है। भारत के व्यापक संदर्भों के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि परिषद के मंच का इस्तेमाल एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, तीन दशक बाद आरोपी बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाते हुए बोला- पत्नी की आत्महत्या के लिए पति के खिलाफ ठोस सबूत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के एक केस में अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज एक पति की सजा को रद करते हुए व्यक्ति को बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक पहले अपनी पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा है कि शादी के सात साल के भीतर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसके खिलाफ उत्पीड़न या क्रूरता के ठोस सबूत न हों।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113ए उन मामलों में पति और ससुराल वालों द्वारा उकसाने की धारणा स्थापित करती है, जहां शादी के सात साल के भीतर एक महिला की आत्महत्या होती है और वह क्रूरता का शिकार हुई है।

इस मामले में, आदमी की शादी 1992 में हुई थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद, आदमी और उसके माता-पिता ने पैसे की मांग करना शुरू कर दिया क्योंकि वह राशन की दुकान शुरू करना चाहता था। रिकॉर्ड के अनुसार, 19 नवंबर 1993 को महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसने अपने पति के लगातार उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली। शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को शादी के सात साल के भीतर किसी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा यह धारणा बन सकती है कि दोषसिद्धि कानूनी नहीं बल्कि नैतिकता है।

पीठ ने कहा, "इस अदालत ने माना है कि शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या के तथ्य से, किसी को तब तक उकसाने के नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि क्रूरता साबित न हो जाए। उत्पीड़न या क्रूरता के किसी ठोस सबूत के अभाव में, किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

### एटमी हथियार केंद्र बंद...





**टेक्सास:** सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

## विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**





मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

## विज्ञान

### वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद

## खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।



ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

### पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

## गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, 70 की मौत

**राफा।** गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 70 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

## एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला-व्हाइट हाउस

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

### भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

## ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।

वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।